# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लगातार अपना आठवां आम बजट पेश करेंगी

आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार का अनुमान



# वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8% के बीच रह सकती है वृद्धि दर

आर्थिक सर्वेक्षण को मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की टीम ने तैयार किया

आर्थिक सर्वेक्षण एक वार्षिक दस्तावेज है जिसे सरकार द्वारा केंद्रीय बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए प्रस्तुत किया जाता है

### बजट का मिनट टू मिनट शेड्यूल

**सुबह 8.30 बजे:** वित्त मंत्री सीतारमण अपने आवास से नॉर्थ ब्लॉक के लिए निकलेंगी,बजट टीम के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंगी जहां राष्ट्रपति को बजट की कॉपी सौपेंगी।
**सुबह 9 बजे:** राष्ट्रपति से बजट का अनुमोदन कराने के बाद वापस मंत्रालय आएंगी और नॉर्थ ब्लॉक के गेट नंबर 2 पर फोटो शूट होगा।
**सुबह 10 बजे:** सीतारमण और वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी बजट के साथ संसद में प्रवेश करेंगे। यहां पर फोटो शूट होगा।

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

शुक्रवार से संसद का संसद का बजट सत्र प्रारंभ हो गया। इस सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण से हुई। उसके बाद दोपहर 1 बजे वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सीतारमण ने जिस सर्वेक्षण को पेश किया उसे मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की टीम ने तैयार किया है। सीतारमण ने लोकसभा और राज्यसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया।

## पहला आर्थिक सर्वेक्षण 1950-51 में अस्तित्व में आया था



केंद्रीय बजट को अंतिम रूप देने के बाद राज्य मंत्री पंकज चौधरी और पूर्ण बजट 2025-26 टीम के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री।

### अगले दो दशकों में बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने की जरूरत

*आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार वृद्धि दर में गति को बरकरार रखने के लिए भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को अगले दो दशकों में लगातार बढ़ाने की जरूरत है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में आम चुनावों के दौरान नई स्वीकृतियों और व्यय पर बाधाओं व कई क्षेत्रों में भारी मानसून के कारण बुनियादी ढांचे पर खर्च की गति प्रभावित हुई।*

### आर्थिक समीक्षा 2024-25 के बिंदु

- *भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान*
- *मजबूत बाह्य खाता और स्थिर निजी खपत के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत*
- *ऊंचे सार्वजनिक व्यय और बेहतर होती कारोबारी उम्मीदों से निवेश गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद*
- *वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक संभावनाएं संतुलित हैं।*
- *राजनीतिक और व्यापार अनिश्चितताएं वृद्धि के मार्ग की प्रमुख बाधाएं*
- *चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में खाद्य मुद्रास्फीति के नरम पड़ने की संभावना*
- *सब्जियों की कीमतों में गिरावट, खरीफ फसलों की आवक से मिलेगी मदद*
- *वित्त वर्ष 2025-26 में जिंस की ऊंची कीमतों से मुद्रास्फीति का जोखिम सीमित लगता है, भू-राजनीतिक दबाव अब भी जोखिम उत्पन्न कर रहा है*
- *भारत को जमीनी स्तर के संरचनात्मक सुधारों, नियमन को शिथिल करते हुए अपनी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बेहतर करने की जरूरत*
- *एआई के लिए उचित शासन ढांचे की कमी से प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग होने की आशंका*






### खबर संक्षेप

#### आज से बदल जाएगा यूपीआई आईडी का नियम

**नई दिल्ली।** 1 फरवरी से यूपीआई से संबंधित नियमों में भी बदलाव देखने को मिलने वाला है। भारत में ज्यादातर लोग पेमेंट के लिए यूपीआई का ही इस्तेमाल करते हैं। एपीसीआई ने इसको लेकर नोटिफिकेशन भी जारी किया है। इसमें कहा गया है कि नई यूपीआई आईडी में केवल अल्फाबेट और न्यूमेरिक का ही इस्तेमाल करना होगा।





#### हवाई यात्री नहीं ला पाएंगे सैटेलाइट फोन

**नई दिल्ली।** भारत में सैटेलाइट फोन ले जाना प्रतिबंधित है, और अब नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इस प्रतिबंध के बारे में यात्रियों को सूचित करें। एयरलाइन्स को निर्देश दिया गया है कि वे भारत में उतरने वाली सभी उड़ानों में घोषणा करें।



#### शंभू बॉर्डर पर एक और किसान की मौत

**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के बीच एक और किसान की मौत हो गई है। इसकी वजह हॉर्ट अटैक बताया गया है। किसान का नाम प्रगट सिंह है जो अमृतसर के गांव कक्कड़ तहसील लोपोके का रहने वाला था। किसान 2 एकड़ जमीन का मालिक था। यहां बॉर्डर पर किसान आंदोलन चल रहा है।



आज आम बजट में देश के गरीब व मध्यम वर्ग को मिल सकती है बड़ी सौगात, पीएम ने यह कहकर दिए साफ संकेत

# देश के हर गरीब और मध्यम वर्ग पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

आज से संसद का संसद का बजट सत्र प्रारंभ हो रहा है। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब व मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ा संकेत दे दिया। इससे साफ माना जा रहा है कि आज गरीब व मध्यम वर्ग के लिए सरकार कोई बड़ा ऐलान कर सकती है। वैसे भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आम बजट इस बार ज्ञान यानी गरीब, यूथ, अन्नदाता, और नारी पर ही फोकस रहने वाला है। शुक्रवार को पीएम मोदी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बजट सत्र के बारे में काफी खास बातें बताईं। उन्होंने मां लक्ष्मी का स्मरण करते हुए उनकी स्तुति की और कहा कि ये सदियों पुरानी परंपरा है। पीएम ने कहा कि मां लक्ष्मी समृद्धि , विवेक, समृद्धि और कल्याण देती हैं, मैं प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब और मध्यमवर्ग पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे और सभी लोग आगे बढ़े।

यह मेरे तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट

*पीएम ने कहा कि आज 20-25 वर्ष के युवा, विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी होंगे, जब वे 50 वर्ष के होंगे, वे नीति निर्माण की बागडोर संभालेंगे, विकसित भारत के हमारे विजन को पूरा करने के प्रयास हमारी युवा पीढ़ी के लिए एक बहुत बड़ा उपहार होंगे।*

जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब भारत विकसित भारत के अपने लक्ष्य को पूरा करेगा




### यह बजट देश को नई ऊर्जा और आशा देगा

उन्होंने कहा कि आज भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी अच्छी पहचान बनाई है, यह मेरे तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 2047 में, जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब भारत विकसित भारत के अपने लक्ष्य को पूरा करेगा और यह बजट देश को नई ऊर्जा और आशा देगा, वो पल अनोखा और खास होगा।

गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे हुए हैं और ये हर देशवासी के लिए सर्वाधिक गौरवपूर्ण है और हमें इसे आगे लेकर जाना है

### ये हर देशवासी के लिए सर्वाधिक गौरवपूर्ण पल

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे हुए हैं और ये हर देशवासी के लिए सर्वाधिक गौरवपूर्ण है और हमें इसे आगे लेकर जाना है। आज 20-25 वर्ष के युवा, विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी होंगे, जब वे 50 वर्ष के होंगे, वे नीति निर्माण की बागडोर संभालेंगे, विकसित भारत के हमारे विजन को पूरा करने के प्रयास हमारी युवा पीढ़ी के लिए एक बहुत बड़ा उपहार होंगे।

## 10 सालों में पहला सत्र, जब कोई विदेशी चिंगारी नहीं सुलगी

हमारे देश में कई लोग इन चिंगारियों को हवा देने में कोई कसर नहीं छोड़ते। वे तैयार बैठे रहते हैं।

इसी के साथ ही पीएम मोदी ने विरोधियों पर तंज भी कस दिया और मुस्कुराते हुए कहा कि साल 2014 से लेकर अभी तक का ये पहला संसद सत्र है, जब संसद शुरू होने से पहले कोई विदेशी चिंगारी नहीं सुलगी और उसे यहां के लोगों ने हवा नहीं दी। मैं कह सकता हूं दस सालों में पहला सत्र है ये, जिसमें किसी विदेशी ताकत ने आग लगाने की कोशिश नहीं की। मैंने हर बजट सत्र से पहले यह देखा है। और हमारे देश में कई लोग इन चिंगारियों को हवा देने में कोई कसर नहीं छोड़ते। वे तैयार बैठे रहते हैं।

### प्रियंका का पीएम पर हमला: वे मुद्दों पर बात नहीं करते हैं

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी के आग भड़काने का कोई विदेशी प्रयास नहीं वाले बयान पर कहा कि वह लोगों के मुद्दों पर न तो बात करते हैं और न ही उनका समाधान करते हैं। हमने पिछले सत्र में देखा कि उन्होंने चर्चा की अनुमति नहीं दी। इसलिए वह ऐसी बातें कह रहे हैं। संसद सत्र से पहले अपने संबोधन में मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा था कि 2014 से हर सत्र से पहले कुछ लोग शरारत करने के लिए तैयार रहते हैं और ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देने वालों की भी कोई कमी नहीं है।

## मुख्यमंत्री ने जापान में ऐतिहासिक टैंपल्स व कैसल का किया भ्रमण

▶▶ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए आयाम तलाशे जा रहे



### इससे पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान दौरे के चौथे दिन क्योटो में ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को समझने और मप्र के साथ संभावित सहयोग के नए अवसरों पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से प्रसिद्ध निजो-जो कैसल, शेंजुशेंगेन्डो और टोजी टैंपल का भ्रमण कर दर्शन किए।*








## इलाज के बहाने जेल से निकला 18 लाख रुपए की लूट का आरोपी

रतलाम सर्किल जेल के अधीक्षक ने दोनों जेल प्रहरियों को किया सस्पेंड

# बदमाश को ऐसा ट्रीटमेंट..प्रहरियों के साथ मसाज कराने पहुंचा स्पा सेंटर,चकमा देकर भाग निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतलाम

उज्जैन जिले की खाचरौद उप जेल में बंद 18 लाख रुपए की लूट का एक आरोपी रतलाम के एक स्पा सेंटर से फरार हो गया। आरोपी के सपा सेंटर से फरार होने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना के बाद रतलाम सर्किल जेल के अधीक्षक ने दोनों जेल प्रहरियों को सस्पेंड कर दिया है। बीती 28 जनवरी का यह मामला है। खाचरौद उपजेल में 18 लाख रुपए की लूट मामले मे बंद आरोपी रोहित शर्मा पिता अनिल शर्मा निवासी ग्वालियर इलाज के बहाने जेल प्रहरियों के साथ सिविल अस्पताल के लिए निकला था। लेकिन, वह जेल प्रहरियों के साथ मसाज कराने रतलाम के स्पा सेंटर पहुंच गया और चकमा देकर भाग निकला।



### अस्पताल से दोनों प्रहरी ले गए थे स्पा सेंटर

*रोहित शर्मा के पैर में चोट लगी हुई थी और उसका इलाज चल रहा था। पैर में तकलीफ अधिक होने पर मुख्य जेल प्रहरी राजेश और प्रहरी नितिन आरोपी बंदी रोहित शर्मा को मंगलवार की सुबह खाचरौद सरकारी अस्पताल लेकर गए थे। उपचार के बाद अस्पताल से रवाना हो गए। इसके बाद से ही जेल प्रहरी और आरोपी की कोई जानकारी नहीं आई। शाम को मुख्य जेल प्रहरी ने आरोपी रोहित के फरार होने की सूचना दी। सूचना पर खाचरोद जेल के सहायक जेल अधीक्षक एसएस राणावात ने जेल प्रहरियों पर शंका जताई। पूछताछ में जेल प्रहरियों ने आरोपी को रतलाम स्पा सेंटर ले जाने की बात कही। जानकारी मिलने के बाद उज्जैन पुलिस रतलाम स्पा सेंटर से सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर भी जब्त कर ले गई। घटना की जांच रतलाम सर्किल जेल अधीक्षक लक्ष्मण सिंह भदौरिया ने शुरुआती जांच के बाद दोनों प्रहरियों को सस्पेंड कर दिया।*






# दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में पीएम मोदी का आप पर बड़ा हमला, पहले कांग्रेस फिर आप-दा को झेला, यहां डबल इंजन की सरकार चाहिए तो भाजपा को जिताइए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी पार्टियों ने प्रचार में पूरा जोर लगा दिया है। इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी ने द्वारका में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी पर जमकर हमले किए। दिल्ली को केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली ने ठान लिया है, आप-दा वालों को भगाना है। इस बार भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाना है। भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक यहां द्वारका में दिखती है। केंद्र ने यहां भव्य यशोभूमि का निर्माण करवाया, यशोभूमि की वजह से यहां द्वारका, दिल्ली के हजारों नौजवानों को रोजगार मिला है, यहां लोगों का व्यापार बढ़ा है। आने वाले समय में ये पूरा क्षेत्र एक प्रकार से स्मार्ट शहर होगा। आपने पहले कितने ही साल कांग्रेस को देखा, फिर दिल्ली पर आप-दा वालों ने कब्जा कर लिया। आपने मुझे देश की सेवा करने का बार-बार अवसर दिया है, अब आप मुझे दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें।

5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी पार्टियों ने प्रचार में अपना पूरा जोर लगा दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आम आदमी पार्टी पर जमकर हमले किए।

## आप-दा वालों ने दिल्ली वालों को जमकर लूटा

द्वारका में जनसभा को संबोधित किया



आने वाले समय में इस शहर को हम स्मार्ट बनाएंगे आप सेवा का मौका दें

आप-दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का एटीएम बना दिया है। आप-दा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है। दिल्ली में घोटाले करके ये आप-दा वाले कालेधन से देश के दूसरे राज्यों में राजनीति चमकाते हैं। दिल्ली में तकरार वाली नहीं, तालमेल वाली सरकार चाहिए, ताकि मिलजुल कर दिल्ली की हर बड़ी समस्या का समाधान हो। हमें मिलकर दिल्ली को लूट और झूठ की आप-दा से मुक्त कराना है।

### यशोभूमि से दिल्ली वालों को रोजगार मिला

पीएम मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने यहां एक शानदार यशोभूमि का निर्माण किया। यशोभूमि की वजह से द्वारका और दिल्ली के हजारों युवाओं को रोजगार मिला है और यहां के लोगों का कारोबार बढ़ा है। आने वाले समय में यह पूरा इलाका एक तरह से स्मार्ट सिटी बन जाएगा।

### विधानसभा के पहले ही सत्र में कैग रिपोर्ट पेश करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने द्वारका में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा के पहले ही सत्र में कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। यह रिपोर्ट आप-दा के घोटालों को उजागर करेगी, यही वजह है कि वे इसे छिपाने की कोशिश कर रहे है। मैंने दिल्ली के लोगों का उत्साह देखा है और हम आप-दा के प्रति उनकी नफरत भी देख सकते है। ये लोग सिर्फ झूठी अफवाहें फैलाते हैं।

### 11 सालों में आप-दा ने केवल लड़ाई लड़ी

पीएम मोदी ने दिल्ली के द्वारका इलाके में एक जनसभा में कहा कि पिछले 11 सालों में आप-दा ने सबसे लड़ाई लड़ी है। वे केंद्र सरकार से लड़ते हैं, वे हरियाणा के लोगों से लड़ते हैं, वे यूपी के लोगों से लड़ते हैं, वे केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने देते। अगर दिल्ली में सिर्फ आप-दा के लोग रहेंगे तो दिल्ली विकास में पिछड़ जाएगी और बर्बाद होती रहेगी।

### केजरीवाल के खिलाफ प्रियंका ने की चुनावी जनसभा



दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गांधी परिवार खुलकर प्रचार करता नजर आएगा। कांग्रेस पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए अब नई दिल्ली विधानसभा सीट पर सक्रिय प्रचार अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार शाम को पिलनजी गांव, सब्जी मंडी में प्रचार किया। वे कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में जनसभा की और कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की।

### अखिलेश ने आप के पक्ष में किया रोड शो



### भाजपा को साफ करने की अपील की

लखनऊ से आप को समर्थन के ऐलान के बाद अखिलेश यादव दिल्ली की सड़कों पर भी उतर चुके हैं। दिल्ली में अखिलेश ने अरविंद केजरीवाल के साथ रोड शो किया है और हाथ में झाड़ू लेकर दिल्लीवालों से भाजपा का सफाया करने की अपील की है। यादव न तो राहुल गांधी का नाम लिया, और न ही कहीं कांग्रेस को सीधे सीधे टार्गेट करने की कोशिश की, जबकि साथ चल रहे केजरीवाल कांग्रेस और भाजपा में ईलू-ईलू का खेल समझाने में लगे रहे, लेकिन लोगों को वोट बर्बाद न करने की सलाह देकर थोड़ा संशय जरूर पैदा कर दिया है। यादव दिल्ली में कांग्रेस या राहुल गांधी का नाम भले न ले रहे हों, लेकिन केजरीवाल का समर्थन करके कांग्रेस के खिलाफ कदम तो बढ़ा ही दिया है। जिस तरह से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ राहुल गांधी ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है, अखिलेश यादव का स्टैंड तो पूरी तरह कांग्रेस के खिलाफ ही जाता है।

### यमुना में जहर संबंधी नोटिस पर केजरीवाल ने दिया जवाब



आप मुखिया अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली को भेजे जाने वाले यमुना के पानी में जहर है। जिस पर चुनाव आयोग ने केजरीवाल को नोटिस भेज कर जवाब मांगा था।जिसका जवाब केजीरवाल ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को छह पन्नों को सौंपी गए लेटर में दे दिया है। जिसमें केजरीवाल ने चुनाव आयोग द्वारा पूछे गए पांच प्रश्नों का सिलससिलेवार तरीके से जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा केजरीवाल के आरोपों की गहन जांच करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## खबर संक्षेप

### उत्तरकाशी में फिर भूकंप के हल्के झटके लगे

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आज शुक्रवार सुबह करीब 9 बजकर 29 मिनट पर फिर भूकंप का झटका महसूस किया गया। उत्तरकाशी में छह दिन में नौ बार धरती डोल चुकी है, जिससे लोग डरे और सहमे हुए हैं। शुक्रवार सुबह आए भूकंप की तीव्रता 02.07 रही। किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।




### राजस्थान विधानसभा से 'अपशकुन' का साया दूर

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा पर 25 साल से मंडरा रहा 'अपशकुन' का साया दूर कर दिया गया है। अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वास्तु शास्त्रियों के सुझावों के आधार पर विधानसभा में रंग से लेकर कई बदलाव किए हैं। वासुदेव ने कहा कि हर बार किसी न किसी वजह से विधायक कम हो जाते हैं।



### धर्म संसद में सनातन बोर्ड का जल्द हो गठन

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुलाई गई सनातन धर्म संसद बैठक में सनातन बोर्ड से जुड़ा प्रस्ताव पारित किया गया है। कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर नेकहा कि धर्म संसद में सनातन बोर्ड को लेकर प्रस्ताव पारित हो गया है और जल्द ही बोर्ड बनना चाहिए।



## राष्ट्रपति ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया

# तीन गुना गति से काम कर रही सरकार, एक देश एक चुनाव और वक्फ पर कदम आगे बढ़ें

### देश की विकास यात्रा के अमृतकाल को सरकार उपलब्धियों से नई ऊर्जा दे रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को संसद में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से काम हो रहा है। इस दौरान 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे कानूनों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है।'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से संबंधित दो विधेयकों पर इन दिनों संसद की एक संयुक्त समिति विचार कर रही है। वहीं वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। संबंधित विधेयक इस बजट सत्र के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण से जुड़ी अहम बातें

- 10 साल में बुनियादी ढांचे का बजट पांच गुना बढ़ा
- डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप और इनोवेशन में भारत आगे
- गरीबी को मात देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम की तारीफ की
- पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू
- साइबर सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर
- देश में महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व को भी सराहा।
- भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क



वक्फ संशोधन विधेयक इसी सत्र में सूचीबद्ध

### 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले

राष्ट्रपति के अनुसार सरकार के प्रयासों के कारण देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आठवें वेतन आयोग के गठन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन में बड़ी वृद्धि का आधार बनेगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति से रोजगार के अवसर तैयार हो रहे

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली तैयार कर रही है। सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। सहकारी क्षेत्र के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के फलस्वरूप रोजगार के अनेक अवसर सृजित हो रहे हैं।

### आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था पर दिया जोर

राष्ट्रपति ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार साइबर सुरक्षा में दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि भारत में आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था हमारा लक्ष्य है। सरकार किसानों को फसलों का उचित दाम दिलाने और आय बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के विकसित भारत के विजन की सराहना की




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद में दिए भाषण की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का संबोधन एक मजबूत और विकसित भारत का विजन प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि उनका भाषण एक प्रेरणादायक रोडमैप दिखाता है जिससे भारत अपने लक्ष्यों को एकता और संकल्प के साथ हासिल कर सकता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति का भाषण युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और देश के विकास की दिशा में अहम संदेश देता है। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहलों और सभी के विकास की प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' अब 'मेक फॉर द वर्ल्ड' बन चुका है। साथ ही उन्होंने सरकार की आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए सबका साथ, सबका विकास की नीति को दोहराया और कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने की है।

## सीतारमण के सामने कई समस्याएं

# भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास यात्रा को बनाए रखना 'चुनौती'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को लगातार आठवीं बार बजट पेश करेंगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए बजट 2025 कई मायनों में चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास यात्रा को बनाए रखना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, देश का आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और करों के बोझ से राहत की उम्मीद कर रहा है। हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ी है। घरेलू शेयर बाजार में बीते कुछ महीनों के दौरान इस कारण लगातार गिरावट देखने को मिली है। रोजगार के मोर्चे पर भी इससे चुनौती बढ़ती है। लोगों को महंगाई की तुलना में मजदूरी नहीं मिल पा रही, जिससे उन्हें तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### ये 5 मुद्दे महत्वपूर्ण

1. **महंगाई:** बीते कुछ महीनों में देश में महंगाई तेजी से बढ़ती है। खासकर खाने-पीने की चीजें, सब्जियों, खाद्य तेलों और दूध की कीमतों में इजाफा होने का असर सीधा आम आदमी की रसोई पर पड़ा है। खाद्य तेलों की कीमतों में बड़ा इजाफा दिखा। दूध की कीमतों में भी उत्पादन खर्च बढ़ने का हवाला देकर इजाफा किया गया, इससे भी लोगों पर भार बढ़ा।
2. **वृद्धि दर में सुस्ती:** कोरोना संकट के बाद वृद्धि दर का यह अनुमान सबसे कम है। जानकार मानते हैं कि 2024 में आम चुनावों के बाद आधारभूत ढांचे पर पूंजीगत खर्च में नरमी आने से देश की जीडीपी विकास दर प्रभावित हुई और आने वाले वर्ष में यह फिर से गति पकड़ सकती है। बजट में वित्त मंत्री की ओर से पूंजीगत व्यय के मार्चे पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।
3. **रोजगार:** देश में पिछले कुछ महीनों में नए रोजगार के आंकड़े उम्मीद से कम रहे हैं। इस मोर्चे पर भी बजट 2025 में सीतारमण से ठोस उपायों की उम्मीद है। देश में बड़े पैमाने पर युवाओं की आबादी नौकरी के लिए संघर्ष कर रही है। सरकारी नौकरियों में उम्मीद के अनुरूप बहाली नहीं हो रही, निजी नौकरियों में मेहनत अधिक आमदनी कम वाली स्थिति है, जिससे युवा निराश हैं।
4. **वेतन में धीमी वृद्धि:** कॉरपोरेट जगत का मुनाफा बढ़ने के बाद बावजूद महंगाई के अनुपात में लोगों का वेतन नहीं बढ़ा है। उद्योग संगठन फिक्की और स्टाफिंग सॉल्यूशन कंपनी क्वेस कॉर्प की पड़ताल भी यही बताती है। 2019 से 2023 के बीच इंजीनियरिंग, विनिर्माण, प्रॉसेसिंग और बुनियादी ढांचा कंपनियों में महज 0.8% की वेतन वृद्धि की गई है। एफएमसीजी कंपनियों के मामले में वेतन वृद्धि का आंकड़ा औसत रूप से 5.4फीसदी रहा है।
5. **आयकर:** बीते कुछ सालों में देश के बजट में आयकर के मोर्चे पर लोगों को कोई खास राहत नहीं मिली है। बजट में इनकम टैक्स पर हर साल सरकार कुछ ऐलान करती है, पर करों के भारत से दबे आम आदमी खास नौकरीपेशा वर्ग को इससे कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। इस बार बजट में कई संगठनों से सरकार से आयकर में छूट का दायरा बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की मांग की है।

## चुनाव नियमों पर विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# जब तक निपटारा नहीं हो जाता मतदान के दौरान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखी जाए

### जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने समय मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मतदान की वीडियो क्लिप को संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने चुनाव नियमों पर विवाद पर कहा कि जब तक याचिकाओं का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक मतदान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखी जाएं। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इंदु प्रकाश सिंह की याचिका पर सुनवाई की। आयोग के हर विधानसभा में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200-1500 बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

### हलफनामा 3 सप्ताह के भीतर दाखिल करें



पीठ ने कहा कि हलफनामा 3सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए। हम प्रतिवादी संख्या 1 को सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को बनाए रखने का निर्देश देना उचित समझते हैं। सिंह ने कहा कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना है। यह किसी डेटा पर आधारित नहीं है।

### आमतौर पर इतना मतदान असंभव

उन्होंने कहा कि आम तौर पर चुनाव 11 घंटे तक चलते हैं और वोट डालने में 60 से 90 सेकंड का समय लगता है, इसलिए एक ईवीएम के साथ एक मतदान केंद्र पर एक दिन में 660 से 490 लोग वोट डाल सकते हैं। एक हजार वोट असंभव है।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सत्ता और विपक्ष के बीच जुबानी जंग

# विपक्ष जान-बूझकर राष्ट्रपति का कर रहा अपमान

### विपक्ष के बयान निंदनीय और आदिवासी विरोधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के पहले ही दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच तल्ख जुबानी जंग छिड़ गई है। भाजपा के अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राष्ट्रपति पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राष्ट्रपति के लिए पुअर थिंग फ्रेज का उपयोग सोनिया ने बयान में किया जिसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है। जान-बूझकर ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कांग्रेस की गरीब विरोधी, आदिवासी विरोधी प्रकृति को दर्शाता है।



### इस बार भी लोकसभा में नहीं होगी उपाध्यक्ष की नियुक्तिः ब्रायन



तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने बजट सत्र शुरू होने से पहले केंद्र सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में अब तक उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। बजट सत्र में भी नियुक्ति नहीं की जाएगी।

### व्यवधान त्याग कर सार्थक चर्चा की राह बनाएंः धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बजट सत्र की शुरुआत होने से पहले कहा कि संसद में व्यवधान का दौर खत्म करके सार्थक चर्चा की राह बनाई जानी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'संसद में ज्यादा चर्चा और बहस होनी चाहिए न कि उसे बाधित किया जाए।

### उम्मीद छोड़िए सांत्वना भी नहीं मिलीः मायावती



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर लिखा- राष्ट्रपति का अभिभाषण देश में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, जीएसटी कर बोझसे त्रस्त करोड़ों गरीब, मेहनतकश व मध्यम वर्ग बहुजनों हेतु राहत व उम्मीद तो दूर सांत्वना वाला भी कम।

### वरिष्ठ सांसद के बयान अशोभनीय : अनुप्रिया



राष्ट्रपति पर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एक वरिष्ठ सांसद के मुंह से ऐसी बातें अच्छी नहीं लगतीं। मैं इसकी निंदा करती हूं।

### इस सरकार से कुछ भी उम्मीद नहींः दानवे



उद्धव ठाकरे गुट के नेता अंबादास दानवे ने पहले के बजट में की गई घोषणाएं अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। इस बार भी उम्मीद नहीं है।

जबलपुर
शनिवार, 1 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -3
■ वर्ष : 19, अंक : 269
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

तेंदुलकर को सम्मानित करेगी बीसीसीआई

## मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



मुंबई। पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को शनिवार को बीसीसीआई के वार्षिक समारोह में बोर्ड के 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। तेंदुलकर इस पुरस्कार को जीतने वाले 31वें खिलाड़ी होंगे। बीसीसीआई ने भारत के पहले कप्तान कर्नल सीके नायडू के सम्मान में 1994 में इस पुरस्कार को शुरू किया था। तेंदुलकर के 200 टेस्ट और 463 वनडे मैच इस खेल के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक हैं। उन्होंने वनडे में 18,426 रनों के अलावा 15,921 टेस्ट रन बनाए हैं।

उम्मीद भरी खबर

रूस के बाद ब्रिटेन ऐसा दूसरा देश, जो यह वैक्सीन बनाने का दावा कर रहा

# अब कैंसर से बचाव होगा बहुत आसान, 20 साल पहले ही बीमारी को रोक देगी ये वैक्सीन

*साल 2023 में दुनियाभर में कैंसर से लगभग एक करोड़ लोगों की मौत हुई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के वैज्ञानिक एक ऐसी वैक्सीन को बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं जो इस घातक बीमारी को एक-दो नहीं बल्कि 20 साल पहले ही रोक सकती है।

कैंसर वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का कारण रहा है। हर साल इस रोग के कारण लाखों लोगों की मौत हो जा रही है। वैज्ञानिक एक नए 'कैंसर वैक्सीन' के साथ चिकित्सा जगत में एक बड़ी सफलता हासिल करने के कगार पर हैं। रूस के बाद ब्रिटेन ऐसा दूसरा देश है जो यह वैक्सीन बनाने का दावा कर रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के वैज्ञानिक, फार्मास्युटिकल दिग्गज कंपनी जीएसके के साथ मिलकर एक ऐसी वैक्सीन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं जो शरीर में अज्ञात कैंसर सेल्स का पता लगा सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये वैक्सीन प्री-कैंसर स्टेज में ही कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करके उन्हें खत्म कर सकती है। इस वैक्सीन को लेकर यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड में ऑन्कोलॉजी की प्रोफेसर सारा ब्लागडेन ने कहा कि हम सभी हमेशा यही सोचते हैं कि शरीर में कैंसर के विकसित होने में लगभग एक या दो साल लगता है, लेकिन वास्तव में अब कई अध्ययन पुष्टि करते हैं कि कैंसर को विकसित होने में 20 साल तक का समय लग सकता है, कभी-कभी इससे भी अधिक। प्रोफेसर ब्लैगडेन कहती हैं जीएसके-ऑक्सफोर्ड कैंसर इम्यूनो-प्रिवेंशन प्रोग्राम को कई तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के आधार पर लॉन्च किया गया है, जिसने प्री-कैंसर के खिलाफ वैक्सीन की संभावना को आशा दी है।

यह वैक्सीन शरीर में अज्ञात कैंसर सेल्स का पता लगा सकती है




ये वैक्सीन प्री-कैंसर स्टेज में ही कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करके उन्हें खत्म कर देगी

### जीएसके इस प्रोजेक्ट में 538 करोड़ रुपए का निवेश करेगा

वैक्सीन निर्माण के इस प्रोग्राम के लिए जीएसके तीन वर्षों में 50 मिलियन (करीब 538 करोड़ रुपए) का निवेश करेगा। गौरतलब है कि शोधकर्ताओं ने पहले ही ट्यूमर स्पेसिफिक प्रोटीन की पहचान कर ली है, जिन्हें वैक्सीन द्वारा रोका जा सकता है। ये दोबारा से कैंसर होने के खतरे को कम करती हैं। इस नए शोध में कैंसर के फैलने से पहले ही इसे रोकने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर इस वैक्सीन के नैदानिक परीक्षण सफल रहते हैं और ये वैक्सीन उम्मीद के अनुसार काम करती है तो कैंसर को हराना आने वाले वर्षों में बहुत आसान हो सकता है। अभी इस टीके को विकसित होने में कितना समय लगेगा इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है।

## खबर संक्षेप

### गुजरातः महिला को निर्वस्त्र घुमाया



दाहोद। विवाहेतर संबंधों के शक में 35 वर्षीय आदिवासी महिला की उसके ससुर ने अन्य लोगों के साथ मिलकर पिटाई की और उसे निर्वस्त्र कर घुमाया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजदीप सिंह जाला ने बताया कि यह घटना 28 जनवरी को संजेली तालुका के एक गांव में हुई। 29 जनवरी को 15 के खिलाफ केस दर्ज की गई थी।

### सैफ हमलाः आरोपी के चेहरे का मिलान हुआ



मुंबई। चेहरे की पहचान करने वाले परीक्षण से पुष्टि हुई है कि अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी व्यक्ति का चेहरा अभिनेता की इमारत में लगे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे व्यक्ति से मिलता है। जांच रिपोर्ट के अनुसार हमले के लिए गिरफ्तार शरीफुल इस्लाम शहजाद (30) वही व्यक्ति है, जिसे बांद्रा के सतगुरु शरण बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था।

### बात करने से इनकार पर छात्रा का गला रेता



इंदौर। एमबीए की एक छात्रा का गला रेतकर उसकी हत्या का प्रयास करने के आरोप में 23 वर्षीय व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपाधीक्षक उमाकांत चौधरी ने बताया कि सांवेर कस्बे में अमन शेख ने गुरुवार दोपहर एमबीए की एक छात्रा के गले पर चाकू से हमला किया। उन्होंने बताया कि छात्रा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर है।

नया बखेड़ा : संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के बयान पर बवाल

# सोनिया ने मुर्मू के लिए कहा-मुश्किल से बोल पा रही थीं बेचारी, राष्ट्रपति भवन बोला- यह घटिया टिप्पणी

सोनिया बोलीः पुअर लेडी, मुझे उनके बारे में काफी बुरा लगा

राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को 'बोरिंग' बताया

*राष्ट्रपति भवन ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों से उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंची है। ऐसी टिप्पणियां घटिया, दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह से टालने योग्य हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के बयान पर बवाल मच गया है। सोनिया गांधी ने संसद के बाहर राष्ट्रपति को पुअर थिंग कहा। राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया। इस पर भाजपा ने पलटवार किया और इसे राष्ट्रपति का अपमान करार दिया। दरअसल, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शुक्रवार को कहा कि अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार को देश ने फिर देखा

जेपी नड्डा ने कहा कि मैं मांग करता हूं कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगे




### पीएम ने कहा कांग्रेस ने 10 करोड़ आदिवासी भाई-बहनों का अपमान किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। एक आदिवासी बेटी का बोलना इनको (कांग्रेस) को बोरिंग लगता है। ये देश के 10 करोड़ आदिवासी भाई-बहनों का अपमान है। ये देश के हर आदिवासी भाई-बहन का अपमान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीब, दलित आदिवासी लोग जो भी आगे बढ़ते हैं, उन्हें ये कदम-कदम पर अपमानित करते हैं।

### राहुल गांधी पुअर थिंग

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने सोनिया गांधी के बयान को अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि पुअर थिंग राहुल गांधी हैं। कांग्रेस उन्हें लॉन्च करने की कोशिश करती है। मगर पुअर थिंग राहुल गांधी लॉन्च ही नहीं हो पाते। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कांग्रेस से माफी मांगने को कहा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। इस परिवार से उम्मीद ही क्या की जा सकती है?



*बचाव में उतरीं प्रियंका...*

### मेरी मां 78 साल की, वे राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं

इस बीच प्रियंका गांधी अपनी मां के बचाव में उतर आई हैं और जोर देकर कहा है कि उनकी टिप्पणियों का गलत अर्थ निकाला जा रहा है। प्रियंका ने कहा कि मेरी मां 78 साल की महिला हैं, उन्होंने बस इतना कहा कि राष्ट्रपति ने इतना लंबा भाषण पढ़ा और वह थक गई होंगी, बेचारी। वह भारत के राष्ट्रपति का पूरा सम्मान करती हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मीडिया इस तरह की बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है। वे दोनों सम्मानित लोग हैं और हमसे उम्र में बड़े हैं। उनका कोई अपमान करने का इरादा नहीं है।

दिल्ली में वोटिंग से 5 दिन पहले...

# 'आप' में लगी इस्तीफों की झड़ी, टिकट कटने से नाराज 7 विधायकों ने छोड़ी पार्टी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के सात विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वालों में महरौली से नरेश यादव जनकपुरी से राजेश ऋषि पालम से भावना गौड़ बिजवासन से बीएस जून आदर्श नगर से पवन शर्मा कस्तूरबा नगर से मदनलाल और त्रिलोकपुरी से रोहित महरौलिया शामिल हैं। सभी विधायक टिकट कटने से नाराज चल रहे थे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग होगी। इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) के सात विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सबसे पहले महरौली के विधायक नरेश यादव ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दिया था। इसके बाद सात और विधायकों ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। सभी ने चिट्ठी लिखकर कारण बताया है।

### इन्होंने दिया इस्तीफा

- पालम : भावना गौड़
- बिजवासन : बीएस जून
- आदर्श नगर : पवन शर्मा
- कस्तूरबा नगर : मदनलाल
- जनकपुरी : राजेश ऋषि
- त्रिलोकपुरी : रोहित मेहरौलिया
- महरौली : नरेश यादव

### भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी आम आदमी पार्टीः यादव

चिट्ठी में नरेश यादव ने लिखा- आम आदमी पार्टी का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार के मुक्त करने के लिए हुआ था, लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि आम आदमी पार्टी ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है।

### दुखी मन के साथ पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूंः ऋषि

राजेश ऋषि ने लिखा- अन्ना आंदोलन से जन्मी, भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली बनाने के लिए अरविंद केजरीवाल द्वारा बनाई गई आम आदमी पार्टी जो अब भ्रष्टाचार युक्त पार्टी बन गई है जिसे में बड़े दुखी मन के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं।

जीबीएस एक दुर्लभ विकार, जिसमें शरीर के हिस्से अचानक सुन्न पड़ जाते हैं

# डरा रहा है जीबीएस वायरस, महाराष्ट्र में अब तक 4 की मौत, पुणे में 130 मरीज

महाराष्ट्र में शुक्रवार को वायरस से दो और मौत हुई



एजेंसी ▶▶ मुंबई

जीबीएस यानी गुलियन बैरे सिंड्रोम का कहर अब बढ़ता ही जा रहा है। जीबीएस कोरोना की तरह डराने लगा है। महाराष्ट्र में न केवल इसके नए केस मिल रहे हैं, बल्कि इससे मरने वालों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। महाराष्ट्र में शुक्रवार को जीबीएस वायरस से दो और मौत हुई है। यहां मरने वालों की संख्या 4 हो गई है।

### इस तरह हो रहे हैं नियंत्रण के उपाय

24 जनवरी को राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) का गठन किया था। कुल 7,215 घरों का सर्वेक्षण किया गया। इनमें पुणे नगर निगम सीमा के अंदर 1,943 घर, पिंपरी-चिंचवड नगर निगम सीमा में 1,750 घर और जिले के ग्रामीण इलाकों में 3,522 घर शामिल हैं। जीबीएस एक दुर्लभ विकार है, जिसमें शरीर के हिस्से अचानक सुन्न पड़ जाते हैं और मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है।

*महाकुंभ भगदड़ में मारे गए लोगों में मप्र के 5 श्रद्धालुओं की पुष्टि*

# सीएम डॉ. यादव ने किया 4-4 लाख मुआवजे का ऐलान



मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से पहले 2-2 लाख की हुई थी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रयागराज महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में मारे गए 30 लोगों में मध्य प्रदेश के कम से कम पांच लोग शामिल हैं। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि देने का भी निर्देश दिया। जापान के चार दिवसीय दौरे पर गए मुख्यमंत्री यादव ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुए अत्यंत दर्दनाक हादसे में अब तक मध्य प्रदेश के पांच श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि हुई है। सीएम ने कहा कि पांचों श्रद्धालुओं की असामयिक दुखद मृत्यु पर मैं मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से परिजनों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 4 लाख रुपए करने का निर्देश देता हूं।

गाजीपुर में दर्दनाक हादसा

### महाकुंभ से लौट रहे 8 लोगों की मौत सड़क पर बिखर गए शवों के टुकड़े

**एजेंसी:गाजीपुर**। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर उसमीकला मोड़ के पास डंपर ने श्रद्धालुओं से भरे पिकअप को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत की सूचना है। मृतकों में एक बच्चा, तीन महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। वहीं, कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

कलेक्टर ने कहा कि वे गाड़ी में नहीं थे, खनिज टीम पर हुआ हमला

# रेत की चोरी रोकने गए कलेक्टर के काफिले पर जानलेवा हमला, गोलियां चलाईं व पथराव किया, बाल-बाल बचे

बचाव में पुलिस को भी फायरिंग करनी पड़ी

*कलेक्टर ने कहा कि बड़े पैमाने पर अब अवैध खनन नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

रेत का अवैध परिवहन कर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को रोकने के लिए मौके पर पहुंचे कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अमले पर रेत माफिया ने पथराव कर दिया। इसके साथ ही कथित तौर पर गोली चलने की भी खबर है। बचाव में पुलिस को भी गोली चलाना पड़ी।

हालांकि, कलेक्टर श्रीवास्तव सहित अधिकारियों ने हमले की खबर को सिरे से नकार दिया है।




### मेरे वहां से निकलने के बाद हुआ हमला : श्रीवास्तव

इस मामले को लेकर भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने 'हरिभूमि' को बताया मुझ पर हुए हमले की बात पूरी तरह असत्य है। मेरे द्वारा पकड़े गए रेत के ट्रैक्टर को खनिज विभाग को सुपर्द कर दिया गया था और फिर मैं निकल गया। इसके बाद खनिज विभाग की टीम पर हमला हुआ है। जिसके बाद उन्होंने पुलिस विभाग से मदद ली और हमलावरों को भी खदेड़ दिया।

कलेक्टर की गाड़ी को देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने भागना शुरू कर दिया। तभी कलेक्टर ने मौके से रेत का परिवहन कर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर लिया। वह जब इसे ले जा रहे थे, तभी रेत माफिया ने हमला कर दिया और वे पथराव करने लगे। इस दौरान बताया जा रहा है कि कलेक्टर की गाड़ी पर भी पथराव किया गया। साथ ही फायरिंग की भी खबर है। इसके बाद जब्त ट्रैक्टर को खनिज विभाग को सौंप दिया गया।

### ग्वालियर में नाबालिग से हैवानियत

हरिभूमि न्यूजःग्वालियर। पुरानी छावनी थाना इलाके में रहने वाली 14 साल की छात्रा नाबालिग किशोरी से पड़ोस में रहने वाले युवक द्वारा सुनसान इलाके में ले जाकर डरा-धमका कर रेप करने का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी उसे वहीं छोड़कर चला गया। सहमी हुई छात्रा रातभर वहीं बैठकर रोती रही। सुबह होने पर घर पहुंची तो परिजन तुरंत छात्रा को लेकर पुलिस के पास पहुंचे। ग्वालियर के पुरानी छावनी थाना इलाके में रहने वाली 14 साल की छात्रा को उसके घर से कुछ दूर रहने वाला सोहेल उर्फ तस्लीम खान बाइक पर बैठाकर रायरू गांव में सुनसान मंदिर के पास ले गया। वहां ले जाकर छात्रा के साथ रेप किया।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/29 | | | |
| 1. | मुख्य अधिकारी (सुरक्षा) | 01 | संविदा |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/27 | | | |
| 1. | प्रबंधक (डेटा वैज्ञानिक) | 12 | नियमित |
| 2. | उप प्रबंधक (डेटा वैज्ञानिक) | 28 | |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.


- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 01.02.2025 से 24.02.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 01.02.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## चिंतन

# जीडीपी दर बढ़ाने और कड़े आर्थिक सुधारों का सुझाव

वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में देश की अर्थव्यवस्था की मौजूदा तस्वीर पेश की गई है। अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद घरेलू व वैश्विक चुनौतियों को रेखांकित किया गया है और आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। सुस्त जीडीपी दर व महंगाई पर चिंता दर्शायी गई है। रोजगार सृजन पर जोर देने और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर गौर करने के लिए कहा गया है। यूं तो अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बताई गई है, लेकिन चालू व अगले वित्त वर्ष के लिए कम जीडीपी अनुमान को देखते हुए कड़े आर्थिक सुधार की पैरवी की गई है। आर्थिक समीक्षा में देश की वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काफी नहीं है। इसके साथ ही वृद्धि को गति देने के लिए भूमि और श्रम जैसे क्षेत्रों में नियमनों को उदार बनाने और सुधार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में साफ संकेत दिया गया है कि भारत की वृद्धि सुस्त हो रही है और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए करीब दो दशक से अधिक वक्त तक आठ प्रतिशत या इससे अधिक रफ्तार से जीडीपी ग्रोथ दर्ज करना होगा। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी दर 8.2 प्रतिशत रही थी। समीक्षा में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि का जो अनुमान लगाया गया है, उसे विकसित देश बनने के लिए जरूरी वृद्धि दर से काफी कम माना जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि कृषि उत्पादन में उछाल, खाद्य मुद्रास्फीति में अपेक्षित नरमी और स्थिर वृहद-आर्थिक परिवेश के साथ ग्रामीण मांग के चलते निकट अवधि में आर्थिक वृद्धि में तेजी आएगी। समीक्षा में सरकार को लगता है कि अगले साल भारत की आर्थिक संभावनाओं को लेकर जोखिम संतुलित है। अगर वैश्विक स्थिति को देखें तो रूस व यूक्रेन युद्ध जारी है, पश्चिम एशिया में इजराइल, ईरान, हमास, हिज्बुल्ला, हुती के बीच तनाव व्याप्त है। अमेरिका में ट्रंपराज में अमेरिकी संरक्षणवाद को बढ़ावा दिए जाने व यूएस व चीन के बीच ट्रेड वार बढ़ने की संभावना के चलते वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां कठिन रहने वाली हैं। इसके असर से भारतीय अर्थव्यवस्था भी अछूत नहीं रहेगी। भारत का निर्यात आयात से कम है, व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, वैश्विक स्तर पर तनाव और अनिश्चितताओं के साथ जिंसों के दाम में तेजी की आशंका अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा करती हैं। ऐसे में बजट में वैश्विक जोखिमों से निपटने के लिए बड़ा उपाय करने होंगे। समीक्षा में कृषि क्षेत्र, नए टेक उद्योग, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार व निवेश बढ़ाने को कहा गया है। निवेश दर को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का 35 प्रतिशत करने की आवश्यकता है, जो वर्तमान में 31 प्रतिशत है। समीक्षा में नियमनों को कम कर आर्थिक सुधारों को बढ़ाकर वृद्धि के इंजन को फिर से मजबूत करने का आह्वान किया गया है। नवाचार व एसएमई को बढ़ावा देने के लिए कहा गया है। जर्मनी, स्विट्जरलैंड, जापान और सिंगापुर जैसे देशों की आर्थिक सफलता में छोटे उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बजट में आर्थिक समीक्षा के सुझावों के अनुरूप एक्शन प्लान की उम्मीद है। समीक्षा में आयकर में राहत व टैक्स सुधार पर चुप्पी है। यह संकेत हो सकता है कि बजट में कर सुधारों पर अधिक ध्यान न दिया जाए, विकास को गति देने के लिए टैक्स रिफॉर्म जरूरी है।



विश्लेषण

शंभू भद्र

# समीक्षा में बुलंद बजट के संकेत

सुस्त ग्रोथ का सामना कर रही सरकार के सामने राजकोषीय विवेक बनाए रखने और विकास दर बढ़ाने के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में पेश देश की आर्थिक तस्वीर में भी जीडीपी, महंगाई को लेकर चिंता है, कृषि व उद्योग क्षेत्र के लिए सुझाव हैं, निवेश बढ़ने की उम्मीद जताई गई है और वैश्विक स्थितियां व भूराजनीतिक तनाव के चलते कठिन आर्थिक परिस्थिति बनी रहेंगी। सर्वे में रोजगार सृजन, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटेक व हाईएंड न्यूटेक, सेवा क्षेत्र, सोशल वेलफेयर सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और जीडीपी ग्रोथ पर फोकस के सुझाव हैं। कड़े आर्थिक सुधार से लबरेज समावेशी व बुलंद बजट के संकेत हैं।

आज मोदी 3:0 सरकार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपना बजट पेश करेगी। सभी वर्ग को सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं। खासकर नौकरीपेशा वर्ग को आयकर में राहत की आस है। किसान, कमेरा, व्यापारी, उद्यमी, गृहिणी, युवा, विद्यार्थी सभी क्लास को बजट से कुछ न कुछ चाहिए। लेकिन क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना आठवां बजट पेश करते हुए इन सबकी उम्मीदों पर खरा उतर पाएंगी? सुस्त ग्रोथ का सामना कर रही सरकार के सामने राजकोषीय विवेक बनाए रखने और विकास दर बढ़ाने के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में पेश की गई देश की आर्थिक तस्वीर में भी जीडीपी, महंगाई को लेकर चिंता है, कृषि व उद्योग क्षेत्र के लिए सुझाव हैं, निवेश बढ़ने की उम्मीद जताई गई है और वैश्विक स्थितियां व भूराजनीतिक तनाव के चलते कठिन आर्थिक परिस्थिति बनी रहेंगी। आर्थिक सर्वे में रोजगार सृजन, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटेक व हाईएंड न्यूटेक, सेवा क्षेत्र, सोशल वेलफेयर सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और जीडीपी ग्रोथ पर फोकस के सुझाव हैं।

समीक्षा में कड़े आर्थिक सुधार से लबरेज समावेशी व बुलंद बजट के संकेत हैं। कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आंकड़े बता रहे हैं कि ग्रोथ के मोर्चे पर चुनौती बरकरार है। हालांकि समीक्षा में कहा गया है कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, इसे संतुलित राजकोषीय सशक्तीकरण और स्थिर उपभोग का समर्थन प्राप्त है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक, विवेकपूर्ण नीति प्रबंधन और घरेलू बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत करने की जरूरत होगी। वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण मुद्रास्फीति का जोखिम बना रहेगा। उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और बेहतर होती कारोबारी अपेक्षाओं से निवेश गतिविधि में तेजी आने की उम्मीद है। भारत को जमीनी स्तर पर संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से अपनी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने की जरूरत है। कारोबारी सुगमता (ईओडीबी) 2.0 राज्य सरकार की अगुवाई वाली पहल होनी चाहिए, जो व्यवसाय करने में असुविधा की मूल समस्या को दूर करने पर केंद्रित हो। भारत को निर्यात बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करना चाहिए। भारत को उच्च वृद्धि के लिए अगले दो दशक में बुनियादी ढांचे में निवेश को निरंतर बढ़ाने की जरूरत है। कॉरपोरेट क्षेत्र को उच्च स्तर की सामाजिक जिम्मेदारी दिखानी होगी। जलवायु-प्रतिरोधी फसल किस्मों को विकसित करने, उपज बढ़ाने और फसल क्षति को कम करने के लिए दलहन, तिलहन, टमाटर, प्याज उत्पादन बढ़ाने के लिए शोध की जरूरत है। आर्थिक समीक्षा में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए एक या दो दशक तक औसतन आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि की वकालत की गई है। कहा गया है कि अपेक्षित वृद्धि हासिल करने के लिए निवेश को 31 से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने की जरूरत है। सुधारों और आर्थिक नीति का ध्यान अब व्यवस्थित विनियमन पर होना चाहिए। विनिर्माण क्षेत्र को और विकसित करने तथा एआई,



रोबोटिक्स और जैव प्रौद्योगिकी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश करने की जरूरत है। समीक्षा में जो सुझाव हैं, बजट में उस दिशा में कदम दिखेंगे। निवेश बढ़ाने पर जोर होगा। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था लंबे समय से आर्थिक सुधार के अगले चरण के इंतजार में है। सत्ताधारी भाजपा के चुनावी गणित में उलझे रहने के चलते राजनीति अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ी है। इसका खामियाजा वित्त वर्ष 2024-25 में देखने को मिला है, जब जीडीपी दर साढ़े छह फीसदी से नीचे आ गई। सुस्त ग्रोथ के चलते भारत मध्यम आय के जाल (मिडल इनकम ट्रैप) में फंस सकता है। कार्यबल का लाभ लेना है और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है तो आठ फीसदी से अधिक जीडीपी ग्रोथ का मोमेंटम बनाए रखना होगा।'मिडिल इनकम ट्रैप' एक ऐसी स्थिति है जिसमें किसी देश की प्रति व्यक्ति आय मध्य स्तर तक ही सिमट कर रह जाती है और उच्च आय की श्रेणी की तरफ नहीं बढ़ पाती है। यह बजट सरकार के सामने विकास को गति देने के उपाय करने और घाटे को लक्षित दर के दायरे में रखने का मौका है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार आज पेश होने वाले बजट में राजकोषीय संतुलन का ध्यान रखेगी, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाएगी और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले विकास मॉडल की ओर रुख करेगी। वर्तमान आर्थिक मॉडल पर रोजगार सृजन रहित विकास के आरोप लगते रहे हैं। चूंकि देश कोविड महामारी के संकटकालीन दौर से बाहर निकल चुका है, ऐसे में आर्थिक सुधारों को जारी रखना होगा। इस बजट में कड़े आर्थिक सुधारों के नए रोडमैप देखने को मिलेंगे। विकास को गति देना के लिए घरेलू खपत को बढ़ावा देना होगा। सरकार अगर सार्वजनिक खर्च बढ़ाएगी और टैक्स रियायत लेकर आएगी तो घरेलू खपत बढ़ सकती है। ग्रामीण क्षेत्र में निवेश पर अधिक ध्यान देना होगा। बजट में ग्रामीण क्षेत्र में खपत बढ़ाने के उपाय देखने को मिल सकते हैं। उद्योग जगत भी ग्रामीण उपभोक्ताओं को लक्षित कर रहे हैं। समीक्षा में भी देश की अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों और संभावनाओं के बारे में विस्तार से बात की गई है। कृषि क्षेत्र के लिए जल-दोहन वाली फसलों से दूर रखने की सलाह दी गई है। धान व गेहूं के बजाय मोटे अनाज, दलहन व तिलहन की खेती पर जोर देने के लिए कहा गया है। कृषि विकास दर को पांच फीसदी पर लाने की बात कही गई है। कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान बजट में रहेगा। रसायनिक उर्वरक के प्रयोग को संतुलित करने, कृषि उत्पादों को उचित बाजार तंत्र प्रदान करने और किसानों को जोखिम से बचाने के लिए तंत्र विकसित करने के उपाय बजट में होंगे। कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने और कृषि क्षेत्र की अप्रयुक्त क्षमता के उपयोग पर भी ध्यान होगा। आर्थिक सर्वेक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल के लिए श्रमिकों को तैयार करने, नई तकनीकों को अपनाने के लिए बुनियादी ढांचे और सुरक्षा में सुधार करने, सरकारी, निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर देने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, कपड़ा उद्योग के विकास और रोजगार सृजन में इसकी भूमिका को मजबूत करने तथा मानव निर्मित फाइबर उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर भी ध्यान देने को कहा गया है। सरकार नीतिगत स्तर पर एआई पर ध्यान दे रही है। बजट में अलग से एआई के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के उपाय दिखेंगे। 2025-26 के बजट में लक्षित पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता और सहयोगात्मक संघवाद को बढ़ावा देने की उम्मीद है। कृषि सुधारों के माध्यम से मुद्रास्फीति का दबाव कम किया जा सकता है। समीक्षा से संकेत साफ है कि इस बार के बजट में टैक्स में राहत, महिलाओं, बुजुर्गों पर ध्यान के साथ ग्रोथ व जॉब ओरिएंटेड आर्थिक सुधार का फ्रेमवर्क दिख सकता है।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



वैकोम मंदिर केरल के कोट्टायम में स्थित है और नवंबर के महीने में अपने वैकोम अष्टमी समारोह के दौरान इस मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1594 में किया गया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस मंदिर में जो शिवलिंग स्थापित है वह त्रेता युग में स्थापित की गई थी।

बजट

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा




# मुफ्त योजनाएं बंदकर शिक्षा व स्वास्थ्य को करें निःशुल्क

केंद्रीय बजट आज वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाएगा। बजट में क्या राहत मिलने वाली है, इसे लेकर सभी वर्गों में उत्साह बना रहता है । गरीबों को विशेष सुविधा देने के बड़े-बड़े वादे बजट आते ही लुप्त हो जाते हैं। सामान्य वर्ग तो हमेशा ही छला जाता रहा है। बजट में आम जनता को उसकी उम्मीद के अनुसार लाभ क्यों नहीं मिल पाता, इस पर चिंतन की जरूरत है । देश के लगभग सभी प्रदेशों में सबसे निचले तबके को लुभाने और वोट बैंक को मजबूत करने के उद्देश्य से निःशुल्क योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं के कारण देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती चली जा रही है। यदि देश की शीर्ष राजनीति में काबिज लोग इस बात पर चिंतन करें तो आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाता जा सकता है। लोगों की शारीरिक शक्ति को इन्हीं योजनाओं ने जंग लगाना शुरू कर दिया है। इन्हें कर्मवीर बनाने की ओर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि फोकट का भोजन-कपड़ा, दाना-पानी पाने वाला वर्ग भी विकास में योगदान कर सके। समाज सेवा की नजर से देखा जाए तो देश की सरकार को बजट में ऐसे प्रावधान करने चाहिए जिससे न तो बेरोजगारी बढ़े और न ही लोगों को निः शुल्क योजनाओं के कारण अपनी शारीरिक शक्ति खोनी पड़े। इससे एक बड़ा लाभ यह होगा कि कल कारखानों की बंद पड़ी मशीनें फिर से घरघरा उठेंगी। प्रत्येक व्यक्ति की आय में इजाफा हो सकेगा। मानवीय जीवन की सबसे बड़ी विकास से जुड़ी सुविधा 'शिक्षा और स्वास्थ्य' को सभी वर्गों के लिए निःशुल्क घोषित कर देना चाहिए। वर्तमान में चल रही सभी निःशुल्क योजनाओं को बंद करने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य में लगने वाला बजट शायद हमारे लिए आसान होगा। सभी लोग शिक्षित होकर नौकरी,पेशा अथवा उद्योगपति की श्रेणी में पहुंच सकेंगे जो विकास का मजबूत आधार होगा। सवाल यह भी उठ सकता है कि उम्र के अंतिम पड़ाव में पहुंच चुके ऐसे लोगों के लिए क्या किया जाए, जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है ? इस संदर्भ में देश की सरकार को विशेष नियम बनाते हुए विभाग का गठन कर उनकी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेना भी कोई कठिन काम नहीं होगा। देश के उद्योगपतियों और उच्च सेवा सहित व्यापारिक घरानों के अरबपतियों पर सरकार करों की दर बढ़ा भी दे तो उसे सालने वाला निर्णय नहीं माना जाना चाहिए। सभी क्षेत्रों में अनिवार्यतः शारीरिक श्रम की जरूरत पड़ती है। यह शारीरिक श्रम वर्तमान में घर बैठे सुविधाएं मिलने से बिना उत्पादन के नष्ट हो रहा है। इसे बचाने का प्रयास हर हाल में होना चाहिए। भारत का हर युवा जब खुद कमाने के लिए आगे आएगा और हर तरह के कार्य को करेगा तो दुनिया का कोई देश प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारतवर्ष का मुकाबला नहीं कर सकेगा। जब युवा भारत एक अच्छी बजट प्रणाली के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगा तो किसी भी क्षेत्र में श्रमवीरों की कमी नहीं होगी और यही श्रम देश को गौरवान्वित करेगा। सभी शिक्षित होंगे तो मेहनत से ही अपनी सुविधाएं जुटाने प्रयत्न कर सकेंगे। वित्त मंत्री से यही उम्मीद है कि वे ऐसे प्रावधान बजट में बनाएं जिससे जनता की ऊर्जा में वृद्धि हो और देश के विकास में उनकी योजनाएं कारगर हो सकें ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सच्चे भक्त के प्रति प्रेम रखते हैं भगवान




संकलित

दर्शन

क्या तुम सचमुच भगवान को चाहते हो? क्या तुम सचमुच उनके दर्शन के लिए प्यासे हो? क्या तुममें सच्ची आध्यात्मिक भूख है? ये ऐसे आवश्यक प्रश्न हैं, जिनका तुम्हें अपने जीवन में प्रतिदिन उत्तर देना चाहिए। जो भगवान के दर्शन के लिए प्यासा है, उसके मन में भगवान के प्रति प्रेम उत्पन्न होगा। उसके लिए भगवान स्वयं प्रकट होंगे। यह आपूर्ति और मांग का प्रश्न है। यदि भगवान की सच्चे मन से मांग की जाए, तो आपूर्ति तुरंत आ जाएगी। प्रह्लाद की तरह निष्ठापूर्वक प्रार्थना करो। ऋषि वाल्मीकि, संत तुकाराम और भक्त तुलसीदास की तरह भगवान का नाम जपें। गौरांग महाप्रभु की तरह कीर्तन करो। भगवान से वियोग में मीरा की तरह एकांत में रोओ। तुम्हें भगवान के दर्शन इसी क्षण हो जाएंगे। कभी अपने आप को परखें। आत्मनिरीक्षण करें और भगवान के प्रति अपने प्रेम को विकसित करें। उनसे प्रार्थना करें। उनके लिए रोएं और रोएं। उनका नाम जपें और उनका नाम गाएं। वे अवश्य ही तुम्हें अपनी कृपा से आशीर्वाद देंगे। सच्चे भक्त पर भगवान की कृपा सदैव बनी रहती है। उसे बस अपने अंदर उनकी उपस्थिति को महसूस करना होता है। जो व्यक्ति हर घटना के पीछे भगवान का हाथ पहचानता है, बड़ी-से-बड़ी असफलताओं के बावजूद शांत रहता है और जो शांत रहता है, वही अंत में सफल होता है। भगवान हमेशा सच्चे भक्त के प्रति प्रेम रखते हैं। हमारे प्रति उनके असीम प्रेम के कारण ही जीवन जीने योग्य है।

# अपनी इच्छाओं का दमन नहीं शमन करें



संकलित

प्रेरणा

जब आप इच्छा का निरीक्षण करते हैं, तब क्या आप किसी अजनबी की तरह उसे देखते हैं? या इच्छा उठने के साथ ही उसका निरीक्षण करते चलते हैं? ऐसा नहीं कि इच्छा करनेवाले व्यक्ति की इच्छा अलग है; इच्छा करनेवाला ही स्वयं इच्छा है। इच्छा हमारे जीवन की एक अत्यावश्यक प्राणभूत प्रेरणा है। हम इच्छा मात्र की बात कर रहे हैं, किसी विशिष्ट चीज को पाने की इच्छा के बारे में नहीं। सारे धर्मों ने कहा है कि यदि आप भगवान को पाना चाहते हैं तो इच्छा को वश में करना होगा, इच्छा को नष्ट करना होगा, इच्छा को नियंत्रित करना होगा। सारे धर्मों ने कहा है इच्छा के स्थान पर विचार द्वारा बनाई किसी प्रतिमा की स्थापना करो, यानी वास्तविक के स्थान पर काल्पनिक की स्थापना। इच्छा वास्तविक है, ज्वलंत है और लोग समझते हैं कि उसके स्थान पर किसी दूसरी चीज की स्थापना करने से उस पर काबू पा लिया जाएगा। या फिर आप उस व्यक्ति की शरण में चले जाते हैं, जिसे आप महात्मा, परमात्मा, गुरु मानते हैं। और ये सब विचार के ही क्रिया-कलाप हैं। सारे धार्मिक चिंतन का यही ढांचा रहा है। इच्छा की समग्र गतिविधि को समझना हमारे लिए आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट है कि वह न तो प्रेम है और न ही करुणा। प्रेम और करुणा की अपनी स्वयं की एक प्रज्ञा होती है; वह धूर्त विचार की बुद्धिमत्ता नहीं होती। अत इच्छा का स्वरूप क्या है तथा इच्छा हमारे जीवन में इतनी असाधारण भूमिका क्यों निभाती रही है, यह समझ लेना महत्वपूर्ण है।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### आज के समय में सनातन बोर्ड बेहद जरूरी

मीडिया की मानें तो दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में एक नया मोड़ आ गया है। यहां पहुंचे संतों और महंतों ने एक साथ मिलकर सरकार से सनातन बोर्ड बनाने और वक्फ बोर्ड को खत्म करने की मांग कर दी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के नेतृत्व में संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि वे महाकुंभ छोड़कर तब तक नहीं जाएंगे जब तक सरकार उनकी मांग नहीं मानती। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, जूना अखाड़े के महंत स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि, आनंद अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरि आदि सभी ने एक स्वर में सनातन बोर्ड गठन के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। अब सरकार के फैसले का इंतजार है। - सागर

## ट्रेंड

### 'बेचारी' का उपयोग



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति को संदर्भित करने के लिए "बेचारी" वाक्यांश का उपयोग बेहद अपमानजनक है और सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय की गरिमा के लिए विपक्ष की निरंतर उपेक्षा को रेखांकित करता है।

-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### ज़हरीला पानी बंद



दिल्लीवासियों को बहुत-बहुत बधाई। दिल्ली में जो ज़हरीला पानी भेजा जा रहा था, वो अब बंद हो गया। अगर हम आवाज़ नहीं उठाते और संघर्ष नहीं करते, तो आज दिल्ली की आधी आबादी को पानी नहीं मिल रहा होता। हमने दिल्ली को बहुत बड़े पानी के संकट से बचा लिया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### अब होगा विकास



अब बहाने नहीं, सिर्फ विकास होगा! सत्ता भोगी 'आप' ने जनता को केवल झूठे वादों और बहानों से बहलाया, जबकि दिल्ली पानी के लिए तरसती रही, बारिश में डूबती रही, और बुनियादी सुविधाएँ बदहाल होती रहीं।

-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद

### प्रकृति की 'उड़ानें' सर्वोच्च



गरुड़ दस्ते का एक बाज, दुष्ट ड्रोनों का पीछा करने और उन्हें जाल में फंसाने के लिए प्रशिक्षित है। शायद यह हमें बताता है कि भले ही हम ऊंची उड़ान भरने में मदद के लिए नई तकनीकें विकसित कर रहे हैं, फिर भी प्रकृति की 'उड़ानें' सर्वोच्च रहेंगी !

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# गाजा के पुनर्निर्माण में लग सकते हैं कई दशक



गाजा में एक साल से भी ज्यादा समय तक चली जंग अब थम चुकी है। इस जंग में ना सिर्फ गाजा की बड़ी आबादी मिट गई बल्कि शहर के शहर तबाह हो गए। गाजा के अधिकारियों के मुताबिक इस जंग में 45 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। वहीं यहां की 90 प्रतिशत आबादी को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा। युद्धविराम की घोषणा के बाद लोग वापस गाजा के उत्तरी इलाकों में लौटने लगे हैं लेकिन वहां उन्हें मलबे के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मिडिल ईस्ट के दूत स्टीव विटकॉफ ने बीते दिनों गाजा का दौरा किया। दौरे के बारे में बात करते हुए उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि गाजा में लगभग सब कुछ खत्म हो चुका है और युद्ध से तबाह हुए इस इलाके के पुनर्निर्माण में 10 से 15 साल लग सकते हैं। विटकॉफ ने एक्सियोस वेबसाइट को बताया, हम पांच सालों में गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक ठोस योजना बना सकते हैं। लेकिन यह असंभव है। इसमें 10 से 15 साल लग सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, वहां कुछ भी नहीं बचा है। वहां चलना भी सुरक्षित नहीं है। यह बहुत खतरनाक है। मैं वहां जाकर निरीक्षण किए बिना यह नहीं जान पाता। विटकॉफ ने गाजा का दौरा करने के बाद बताया, लोग अपने घरों की ओर जा रहे हैं। वहां न तो पानी है और न ही बिजली।

## ऑफ बीट

# मनोकामना पूर्ण होने पर भूमिया देव को चढ़ाते हैं घंटियां



मासी का भूमिया मंदिर काफी प्राचीन है। यह मंदिर रामगंगा नदी के तट पर स्थित है। भूमिया देव इस पूरे क्षेत्र के रक्षक हैं। इस क्षेत्र में कोई भी शुभ कार्य होता है तो उसके लिए भूमिया देव का आशीर्वाद जरूर लिया जाता है। मनोकामना पूरी होने पर लोग यहां पर घंटियां भी चढ़ाते हैं। यहां तक कि मासी सडक़ से निकलने वाली सारी गाड़ियां बिना भूमिया देव को भेंट चढ़ाए आगे नहीं बढ़ती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से भूत-प्रेत की बाधा भी दूर हो जाती है। इस मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं, जिनमें भगवान गणेश जी, भगवान शिवजी और माता की मूर्तियां स्थित हैं। यह मंदिर भूमिया देवता का है और अल्मोड़ा जिले के मासी में स्थित है। रामनगर से मासी भूमिया मंदिर 100 किलोमीटर दूर है। चौखुटिया से इस मंदिर की दूरी करीब 13 किलोमीटर है। ऐसी भी मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से भूत-प्रेत की बाधा भी दूर हो जाती है। इस मंदिर परिसर में अन्य देवी और देवताओं के भी मंदिर है, जिनमें गणेश जी, शिवजी और माता की मूर्तियां स्थित हैं। भूमिया देव को क्षेत्रपाल देवता के नाम से भी जाना जाता है। ये गांव, पशु और खेती के देव होते हैं, जिनकी पहाड़ों में बेहद मान्यता है। इस मंदिर की स्थापना कब हुई और यहां पूजा कब से हुई यह ठीक-ठीक बताना मुश्किल है, लेकिन इस मंदिर को काफी प्राचीन बताया जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## कलेक्टर ने भरण पोषण अधिनियम के प्रकरण में दिया आदेश

# वयोवृद्ध माता-पिता का मकान खाली करे पुत्र

**हरिभूमि, जबलपुर।** माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम के अंतर्गत कलेक्टर कोर्ट में दायर की गई अपील के प्रकरण में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने फैसला देते हुये अनावेदक पुत्र को वयोवृद्ध माता-पिता की संपत्ति से अपना कब्जा दखल समाप्त कर एक माह के भीतर अन्यत्र निवास सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। आदेश में कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा है कि अपीलार्थी को अपनी स्व-निर्मित संपत्ति में जीवन के अंतिम पड़ाव पर विवाद और निरर्थक लड़ाई-झगड़े से दूर रहते हुये शांतिपूर्ण जीवन जीने का पूरा अधिकार है। अपीलार्थी अपने एक पुत्र के साथ रहते हुये जो उनकी देखभाल करता है तथा इलाज और सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराता है, यदि दूसरे पुत्र को जिससे उनके अत्यधिक गंभीर वैचारिक मतभेद हैं और आये दिन विवाद होता रहता है, अपनी स्वनिर्मित संपत्ति में साथ रखना नहीं चाहता है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

कलेक्टर न्यायालय में यह अपील एसएएफ की छठवीं बटालियन से सेवानिवृत्त गणेशगंज बड़ा पत्थर राँझी निवासी प्रकाशचंद्र कश्यप ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राँझी द्वारा उनके आवेदन पर दर्ज राजस्व प्रकरण में पारित किये गये आदेश से व्यथित होकर प्रस्तुत की थी। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी न्यायालय राँझी द्वारा फरवरी 2024 को पारित इस आदेश में पुलिस थाना राँझी से अनावेदक मुकेश कश्यप और उनकी पत्नी शोभा कश्यप को निर्देशित करने कहा गया था कि वे आवेदक को शांतिपूर्वक जीवन यापन करने दें, वाद विवाद और लड़ाई झगड़ा न करें तथा उनकी दवा इलाज में मदद करें। आदेश का पालन नहीं किये जाने की स्थिति में अनावेदक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश भी राँझी पुलिस थाना को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी न्यायालय द्वारा दिये गये थे।

### पिता ने कलेक्टर कोर्ट में की थी अपील

कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत अपील में सतहत्तर वर्षीय श्री प्रकाशचंद्र कश्यप ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ गणेशगंज शंकर नगर बड़ा पत्थर राँझी में स्वनिर्मित दो मंजिला मकान में निवास कर रहे हैं। छठवीं बटालियन से सेवानिवृत्त होने के बाद मिल रही पेंशन से अपना एवं अपनी पत्नी का भरण पोषण कर रहे हैं तथा दोनों का इलाज नागपुर में चल रहा है। उनके दो पुत्र हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। बड़ा पुत्र मुकेश उनके द्वारा निर्मित मकान के तल मंजिल में अपनी पत्नी के साथ निवास कर रहा है तथा व्हीकल फैक्टरी में कार्यरत छोटा पुत्र राकेश मकान के प्रथम तल पर अपनी पत्नी के साथ रह रहा है। अपीलार्थी प्रकाशचंद्र ने बताया कि मुकेश सिविल इंजीनियर है और प्रतिमाह 40 हजार रुपये कमाता है। मुकेश और उसकी पत्नी आये दिन उनसे लड़ाई झगड़ा और विवाद करते हैं, यहाँ तक की निस्तार आदि करने से भी रोकते हैं। उन्होंने अपने अपील आवेदन में स्वास्थ्य खराब होने से स्वयं के द्वारा बनाये गये मकान को अनावेदक मुकेश से खाली कराने का आग्रह करते हुये बताया कि वह असामाजिक तत्वों के साथ रहता है और मारपीट कर उनसे पेंशन के पैसे भी ले लेता है। इसकी शिकायत उन्होंने राँझी थाने में भी की है। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने प्रकरण में दोनों पक्षों को समक्ष में विस्तार से सुनने और अनुविभागीय राजस्व अधिकारी न्यायालय राँझी द्वारा पारित आदेश पर गौर करने के बाद पाया कि प्रकाशचंद्र ने अपने आवेदन में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी राँझी से केवल एक मात्र प्रार्थना की थी कि अनावेदकगण से उनके मकान को खाली कराया जाये, लेकिन अनुविभागीय राजस्व अधिकारी द्वारा इस पर कोई स्पष्ट आदेश नहीं दिया गया। श्री सक्सेना ने कहा कि कहा कि अपीलार्थी माता-पिता को अपनी वृद्धावस्था में अपने पुत्र और उसके परिवार के साथ लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौच और मारपीट जैसी स्थिति का सामना करना पड़े, यह सभ्य समाज के लिये अत्यंत चिंताजनक है। इसके लिये वयोवृद्ध माता-पिता को दोषी नहीं माना जा सकता। ऐसी स्थिति में प्रतिअपीलार्थी पुत्र जो 45 वर्ष का है एवं आत्म निर्भर है, जिसकी पत्नी भी है और एक पुत्री है, उसे माता-पिता के आश्रय स्थल से पृथक रहना चाहिये। क्योंकि उसके साथ रहने से माता-पिता के सम्मान, स्वास्थ्य और दैनिक जीवन के निर्वहन में अत्यधिक बाधाएं व्याप्त होंगी।

कलेक्टर श्री सक्सेना ने अनावेदक मुकेश द्वारा पिता की अपील को खारिज करने लिखित में दिये गये उस तर्क को भी अमान्य कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उनके पिता द्वारा नजूल भूमि पर जब मकान बनाया जा रहा था तब प्रथम तल के निर्माण में लगने वाली निर्माण सामग्री उसके द्वारा ही क्रय की गई थी। श्री सक्सेना ने कहा कि प्रश्नाधीन संपत्ति मुख्य रूप से अपीलार्थी प्रकाशचंद्र द्वारा निर्मित संपत्ति है और इसके निर्माण में यदि उनके पुत्र द्वारा कुछ सहयोग किया गया है तो इतने वर्षों से निवासरत रहकर उसने माता-पिता की इस संपत्ति का उपयोग भी किया है।

# दुर्घटना में टूटे हुए हाथों के बावजूद हौसलों की उड़ान से संस्कारधानी के बादल ने हरियाणा में फहराया परचम



### महापौर ने किया सम्मानित

जबलपुर।

हरियाणा के लोहारू में आयोजित सामान्य श्रेणी की 34वीं नेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप में संस्कारधानी के होनहार खिलाड़ी बादल सिंह परिहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। दुर्घटना में दोनों हाथ टूटने के बावजूद बादल ने अपनी मेहनत और हौसले से यह सफलता प्राप्त की है, जिससे न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश को गर्व है।

बादल सिंह परिहार की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" और निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने उन्हें अपने कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर ने बादल को 5100 रुपये की नगद राशि भेंट दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महापौर ने कहा कि "यह हमारे शहर और देश का गौरव है, और हमें गर्व है कि हमारे बीच एक ऐसा खिलाड़ी है जिसने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की।

बादल सिंह ने 105 किलो भार वर्ग की जूनियर कैटेगरी में अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक हासिल किए। यह उपलब्धि विशेष रूप से सराहनीय है क्योंकि दुर्घटना में दोनों हाथों के टूटने के बावजूद उन्होंने खुद को कमजोर नहीं पड़ने दिया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

इस सम्मान समारोह में बादल के पिता संजय सिंह परिहार भी उपस्थित थे। उन्होंने महापौर और निगमाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके आत्मीय स्नेह के लिए कृतज्ञता जाहिर की।

# नर्मदा प्राकट्योत्सव पर नौकाओं का संचालन प्रतिबंधित

## सुरक्षा के लिए अधिकारियों की तैनाती

जबलपुर।

नर्मदा प्राकट्योत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने घाटों पर नौकाओं के संचालन को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने आदेश जारी करते हुए ग्वारीघाट, जिलहरीघाट, लम्हेटाघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और सरस्वतीघाट पर 4 फरवरी को नौकाओं के संचालन पर प्रतिबंध लगाया है। हालांकि, नर्मदा किनारे स्थित गांवों के नागरिकों के परिवहन के लिए नियमित नौकाओं को इस आदेश से छूट दी गई है।

इसके अलावा, जिला प्रशासन ने नर्मदा प्राकट्योत्सव के आयोजन के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न घाटों पर नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि अन्य अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

महत्वपूर्ण आदेशों में नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव को मेला स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, अस्थाई शौचालय और सीसीटीवी कैमरे जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। पुलिस विभाग के अधिकारी आनंद कलादगी और सोनाली दुबे को यातायात और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके साथ ही, चिकित्सा सेवाएं, विद्युत आपूर्ति और अन्य आपातकालीन सुविधाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को इस धार्मिक अवसर पर कोई असुविधा न हो।

## कांग्रेस पार्षद दल वार्ड एवं विधानसभा स्तर पर प्रदर्शन करेगा

# मशीनरी खरीदी में करोड़ों की वित्तीय अनियमितता का आरोप

जबलपुर।

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने नगर निगम पर वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मशीनरी खरीदी में निविदा शर्तों को तैयार करने में मोटे कमीशन की डील तय की गई और लाखों रुपए की मशीनें करोड़ो रुपए में खरीदी गई। नगर निगम में व्याप्त कमीशनखोरी को लेकर कांग्रेस पार्षद दल 8 फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी कर रहा है। यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया है कि नगर निगम द्वारा हाल ही में खरीदी गई 6.5 क्यूबिक मीटर हॉपर और 18 टन क्षमता वाली तीन ट्रक माउंटेड स्वीपर क्लीनिंग मशीनों की खरीद में भारी गड़बड़ी की गई है। कांग्रेस पार्षद दल का कहना है कि जिन मशीनों की कीमत 65 से 75 लाख के बीच होनी चाहिए थी, उन्हें 3-3 करोड़ रुपये में खरीदा गया। निविदा की शर्तों को इस तरह से तैयार किया गया कि टेंडर उन्हीं कंपनियों को मिले, जिनसे मोटे कमीशन की डील हुई थी।




नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता, सचेतक आयोध्या तिवारी सहित अन्य कांग्रेस पार्षदों ने मामले में जांच और कार्यवाही की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा, नगर निगम ने 6.5 क्यूबिक मीटर हॉपर और 18 टन क्षमता वाली तीन ट्रक माउंटेड स्वीपर क्लीनिंग मशीनों की खरीदी की है, जिनकी कुल कीमत लगभग 9 करोड़ रुपये है, जो इन मशीनों की वास्तविक कीमत से 10 गुना ज्यादा है। नगर निगम ने निविदा की शर्तों को इस तरह से तकनीकी जटिलताओं में उलझा दिया, जिससे अधिकांश कंपनियां पहले ही बाहर हो गईं। फिर उस कंपनी को टेंडर दिया गया, जिसने मोटा कमीशन दिया। इस कारण नगर निगम को निम्न गुणवत्ता वाली महंगी मशीनें बेचीं गईं और करोड़ों की अनियमितता की गई है। कांग्रेस पार्षद दल ने महापौर को भी आरोपों के कटघरे में खड़ा किया। कांग्रेस पार्षद दल नगर सत्ता के खिलाफ वार्ड एवं विधानसभा स्तर पर मटका यात्रा निकालेगी साथ ही विरोध प्रदर्शन भी करेगी।

# आज टिमरी में नरसंहार पीड़ितों से मिलेंगे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**जबलपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आज अपने एक दिवसीय दौरे पर जबलपुर आएंगे. यहां वे टिमरी नरसंहार के पीड़ित परिवारों से मिलेंगे, पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों से बैठक करेंगे, शाम को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और देर शाम भोपाल के लिये रवाना होंगे.नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी आज सुबह 9 बजे भोपाल से सड़क मार्ग से जबलपुर के लिए रवाना होंगे। उनका जबलपुर पहुंचने का समय दोपहर 1 बजे निर्धारित है। यहां पहुँचने के बाद, वे सीधे पाटन के टिमरी गांव जाएंगे, जहां वे नरसंहार के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात करेंगे और उनके साथ संवेदनाएं साझा करेंगे। दोपहर 2.30 बजे श्री पटवारी जबलपुर के पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों से चर्चा करेंगे। इस बैठक में जिले की कानून व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक मामलों पर चर्चा की जाएगी। शाम 4 बजे, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भी एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्टी की आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी और कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। श्री पटवारी शाम 5.30 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# जो हमने कहा वहीं ऊर्जा मंत्री के जुबान पर आ गया : शर्मा

## स्मार्ट मीटर की कीमत 25 हजार रुपए उपभोक्ताओं से वसूली जाएगी

जबलपुर।

स्मार्ट मीटर मुफ्त है या उपभोक्ताओं से उसकी कई गुना कीमत वसूली जाएगी, यह सवाल जबलपुर के सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। दावा किया जा रहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा आज जो मीटर मुफ्त बताकर उपभोक्ताओं के घर लगाए जा रहे हैं, उनके लिए अगले 10 साल तक उपभोक्ताओं से 25 हजार रुपये वसूले जाएंगे। यह राशि किस्तों के रूप में हर महीने के बिल में जोड़ी जाएगी, लेकिन यह शुल्क अलग से बिल में दिखाई नहीं देगा। इस चर्चा को बल तब मिला जब ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मीटर की राशि उपभोक्ताओं से लेने का प्रावधान पहले से ही है। उन्होंने यह भी कहा कि जो मीटर पहले लगाए गए थे, उनका शुल्क भी उपभोक्ताओं को ही देना होगा।

लंबे समय से स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन चला रहे नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा, "जो हम पहले से कह रहे थे, वही ऊर्जा मंत्री की जुबान पर आ गया।"



उन्होंने कहा, "जबलपुर और प्रदेश की जनता को ठगने की मशीन है स्मार्ट मीटर सरकार जहां मीटर लगाकर बिजली बिल में वृद्धि करेगी, वहीं मीटर लगाने के नाम पर करीब 25 हजार रुपये उपभोक्ताओं से छुपकर वसूले जाएंगे। " श्री शर्मा ने कहा, "ऊर्जा मंत्री जिस नियम का हवाला देकर स्मार्ट मीटर की कीमत उपभोक्ताओं से वसूलने की बात कर रहे हैं, उसी विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47/5 में यह उल्लेख है कि उपभोक्ता बिजली मीटर का विकल्प चुन सकता है। इसका मतलब है कि यदि उपभोक्ता स्मार्ट मीटर नहीं लगवाना चाहता, तो उसे इसके लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

### आयोग में दर्ज की गई आपत्ति

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत नियामक आयोग के सामने याचिका दायर की है, जिसमें स्मार्ट मीटर के लिए 754.32 करोड़ रुपये की मांग की गई है। इसमें मीटर की शुरुआती किस्त और मासिक किस्त के लिए 544.66 करोड़ रुपये और रखरखाव के लिए 209.66 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई है। इस पूरे मामले पर रिटायर्ड एडिशनल चीफ इंजीनियर राजेंद्र अग्रवाल और रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राजेश चौधरी ने नियामक आयोग में आपत्ति दर्ज कराई है। इस याचिका पर 11 फरवरी को इंदौर में सुनवाई होगी, इसके बाद 13 फरवरी को जबलपुर और 14 फरवरी को भोपाल में सुनवाई की जाएगी। भोपाल में उपभोक्ताओं की वर्चुअल सुनवाई की जाएगी।

# सहायक ब्लॉक विकास के स्थानांतरण पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सहायक ब्लॉक विकास प्रबंधक योगेश पांडे के स्थानांतरण आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आवेदक योगेश पांडे की ओर से अधिवक्ता एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी और विशाल यादव ने पक्ष रखा। उन्होने बताया कि याचिकाकर्ता को 22 अगस्त 2023 को विदिशा स्थानांतरित कर दिया गया था, लेकिन लंबे समय तक रीवा में ही कार्यरत रहे। इसके बाद 13 नवंबर 2024 को उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया। पांडे ने अपने स्थानांतरण को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उनकी ओर से बताया कि पांडे के पुत्र मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं और उनकी पुत्री 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही है। पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानांतरण आदेश 22 अगस्त 2023 और कार्यमुक्ति आदेश 13 नवंबर 2024 पर रोक लगा दी।

## अदालती स्तर पर मामला राजीनामा योग्य न होने के कारण लेनी पड़ी थी हाई कोर्ट की शरण

# हाई कोर्ट के आदेश पर ट्रायल कोर्ट ने निरस्त किया प्रकरण

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ द्वारा पारित आदेश आधार पर ट्रायल कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के आरोप संबंध प्रकरण को निरस्त कर दिया। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अंशु चौहान की अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता अधारताल, जबलपुर निवासी पीताम्बर तिवारी सहित, रामा तिवारी व योगेश तिवारी की ओर से अधिवक्ता ओमशंकर विनय पांडे व अंचन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि यह मामला वैवाहिक विवाद से संबंधित है। दूसरे पक्ष ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया था। मामला अदालत पहुंच गया। इसी बीच सामाजिक स्तर पर पंचायत के जरिए राजीनामा कर लिया गया।

चूंकि अदालत में इस तरह का मामले में राजीनामा स्वीकार योग्य नहीं होता अतः हाई कोर्ट में याचिका दायर करनी पड़ी। हाई कोर्ट ने उभयपक्षों के तर्क श्रवण किए। रजिस्ट्रार के समक्ष दर्ज बयानों पर भी गौर किया। इस तरह पाया गया कि शिकायतकर्ता पक्ष आरोपित पक्ष पर कार्रवाई नहीं चाहता, उनके मध्य सुलह हो चुकी है। लिहाजा, महिला थाने में दर्ज अपराध के आधार पर जारी ट्रायल समाप्त कराने के इच्छुक हैं। पति के विरुद्ध दर्ज एफआइआर पूर्व में ही रद हो चुकी है। लिहाजा, अन्य आरोपितों को भी राहत अपेक्षित है। इस तमाम तथ्यों के प्रकाश में हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में जारी कार्रवाई निरस्त करने का राहतकारी आदेश पारित कर दिया। जिसकी प्रति ट्रायल कोर्ट में प्रस्तुत की गई। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने हाई कोर्ट आदेश का अवलोकन करने के बाद आपराधिक प्रकरण की ट्रायल निरस्त करने का आदेश पारित कर दिया।



# सेवानिवृत्त हेड मास्टर को 300 दिन के अर्जित अवकाश का भुगतान करें : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त हेड मास्टर मोहन लाल साहू के पक्ष 300 दिन के अर्जित अवकाश का भुगतान किए जाने का राहतकारी आदेश पारित किया है। इसके लिए राज्य शासन सहित अन्य को 45 दिन की मोहलत दी गई है। ग्राम बिलगांव, तहसील शहपुरा, जिला डिंडौरी निवासी याचिकाकर्ता की ओर से अधिवकता अनिरुद्ध पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता 31 मई, 2021 को सेवानिवृत्त हुआ था। उसके खाते में 300 दिन के अर्जित अवकाश का उल्लेख था। इसके बावजूद सेवानिृवत्ति के समय लाभ नहीं दिया गया। लिहाजा, याचिका दायर की गई। पूर्व में हाई कोर्ट ने 60 दिन के भीतर शिकायत दूर करने के निर्देश दिए थे। लेकिन विकास खंड शिक्षा अधिकारी, शहपुरा द्वारा यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया गया कि मप्र सिविल सेवा अवकाश नियम के अंतर्गत पात्रता नहीं है। याचिकाकर्ता ने बीएलओ में कार्य किया था, जिसका भुगतान किया जा चुका है। इसी रवैये के विरुद्ध नए सिरे से याचिका दायर की गई है। हाई कोर्ट ने मामला समझने के बाद नए सिरे से आदेश पारित कर दिया।

# यूनिपोल हादसे मामले में एजेंसी पर कार्रवाई होगी

### उपभोक्ता मंच ने पुलिस अधीक्षक ने दिया आश्वासन

जबलपुर।

गत 18 जनवरी को इलाहाबाद बैंक के पास हुए यूनिपोल हादसे में हुई मौत के मामलें में एडवरटाईजिंग एजेंसी पर पुलिस कार्रवाई की जाएगी तथा एफआईआर दर्ज की जाएगी। ऐसी ठोस कार्रवाई का आश्वासन पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति तथा सीनियर, सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन को चर्चा के दौरान दिया। एसपी सम्पत उपाध्याय ने बताया कि आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के तहत दुर्घटना के लिए एजेंसी उत्तरदायी होगी, यह निर्देश उनके संज्ञान में है। इस कारण आवश्यक निर्देश दिए गए हैं तथा इस मामलें में एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुंबई में होर्डिंग गिरने के बाद हुई कार्रवाई की तर्ज पर जबलपुर में भी एफआईआर दर्ज होगी। सम्पत उपाध्याय ने संगठनों को साधूवाद दिया कि उन्होंने जनहित का मुद्दा उठाया तथा अधिकारियों के समक्ष तथ्यों के साथ रखा। इसके पूर्व चर्चा में संगठनों ने ज्ञापन सौंपकर शिकायत की, कि इस मामलें में 10 दिन बीतने के बावजूद भी जांच पूरी हुई नहीं है और अकेले ठेकेदार पर प्रकरण दर्ज कर केवल खानापूर्ति की गई है। मप्र आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 की कंडिका 18(1) अ में स्पष्ट निर्देश है कि दुर्घटना के लिए एजेंसी ही उत्तरदायित्व होगी। अतः नियमानुसार एडवरटाईजिंग एजेंसी पर प्रकरण दर्ज होना चाहिए था, लेकिन जब एजेंसी पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तब उन्होंने 30 जनवरी को डीआईजी अतुल सिंह से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। चर्चा में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, एड. ब्रजेश साहू, हरजीवन विश्वकर्मा, सुशील कनौजिया, केसी सोनी, डीआर लखेरा तथा राममिलन शर्मा आदि शामिल थे।

समस्या

## आवागमन को रोकने यात्री बसों का संचालन नये बस स्टैंड से करने की जरूरत

# शहर में यातायात व्यवस्था की चुनौतियों से निपटने नगर पालिका गंभीर नहीं

हरिभूममि सिहोरा।



नगर में यातायात का दबाव दिनों दिन बढ़ रहा है। मुख्यतः पुराने बस स्टैंड से पोस्ट आफिस चौराहों तक वाहनों का आवागमन बेतरतीब से हो रहा है। चारों तरफ से अतिक्रमण से घिरे पुराने बस स्टैंड में वाहन चालकों की मनमानी के कारण बीच सड़क पर बस रोककर यात्री को बैठाने एंव उतारने के साथ साथ यातायात व्यवस्था के नासुर बन चुके तिपहियो की आपाधापी से दिन में अनेकों बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। गौरतलब है कि तहसील मुख्यालय नगर पालिका जनपद थाना पोस्ट आफिस सहित अन्य सरकारी कार्यालयों के कारण पोस्ट आफिस चौराहे से थाने के गेट तक सैकड़ों दो व चार पहिया वाहन के अलावा अनेक यात्री बसों का दिन भर जमघट लगा रहता है पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण इस मार्ग पर वाहनों नी की आवाजाही ज्यादा होती है एंव वाहनों का भारी दबाव बना रहता है। साथ ही भारी वाहनों की आवाजाही होती रहती है।

### वर्षों पुर्व बना नया स्टेंड पडा.वीरान

पुराने बस स्टैंड में यात्री बसों के खड़े होने की स्थान पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण के चलते बसों का मुख्य मार्ग में ठहराव होने के कारण नित रोज होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने वर्षों पहले प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च कर नये स्टेंड का निर्माण कराया था पुराने बस स्टैंड में केवल यात्रियों की सुविधाओं के लिए ड्रॉप एंड गो की व्यवस्था रखी गई थी। लेकिन दृढ़ इच्छा शक्ति की कमी के चलते बस स्टैंड का स्थानांतरण तो नहीं हो सकाऔर आज भी सैकड़ों बसों का संचालन बेरोकटोक पुराने बस स्टैंड से हो रहा है पुराने बस स्टैंड से जबलपुर कटनी मार्ग की बसों के अलावा मझगवां,पान उमरियापान,बहोरीबंद, मझौली, बचैया, लमकना मार्ग की अनेक यात्री बस संचालित हो रही है जबकि पुराने बस स्टैंड में एक बह खडे.करने की भी जगह नहीं है।हालत यह है कि रोजाना दिनभर में हर 10 मिनट में यहां वाहनों की लंबी कतारे लग जाती ला हैं। जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### मनमर्जी कर रहे चालक जिम्मेदार भी कतार में

बस स्टाप में चहुं ओर अतिक्रमण के चलते वाहन चालक बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर देते हैं हैं हद तो तब हो जाती है है थाने के गेट एंव तहसील मुख्यालय के गेट के सामने यात्री वाहन खड़े हो जाते हैं और व्यवस्था को अमली जामा पहनाने वाले तहसील का मुखिया कहलाने वाले एंव सिहोरा थाने का वाहन भी कतार में खड़ा नजर आता है। प्रशासनिक अधिकारियों को प्रतिदिन जाम से जूझना पड़ता है फिर भी बस स्टैंड को व्यवस्थित न करना चर्चा का विषय बन गया है।

### यातायात अमले की कमी एंव अतिक्रमण के चलते अराजक हुआ बस स्टैंड

पुलिस के पास यातायात अमला ने होने के कारण यहां सुबह से शाम तक पुलिस जवानों की तैनाती भी नहीं रह पाती है थाने में भी पर्याप्त बल न होने के कारण वाहन चालक मनमर्जी से बाज नहीं आ रहे हैं जिसे जहां जगह मिली वाहन लेकर घुस जाता है। ऐसे में दुर्घटना होना आम बात हो चुकी है। पोस्ट आफिस चौराहा एवं थाने के गेट पर हालात इतने बद्तर है की पैदल चलने तक की जगह नहीं रहती शाम को चाय पान मंगोड़े फल वालों की गुमटी के सामने दो पहिया वाहनो की अवैध पार्किंग के कारण आये दिन दुर्घटना घटित हो रही है।

### विकल्प मौजूद पर दृढ़ इच्छा शक्ति की कमी

नई बस स्टैंड से राष्ट्रीय राजमार्ग की कनेक्टिविटी होने के साथ-साथ मझौली बचैया लमकाना मझगवां मार्ग की सीधी कनेक्टिविटी होने के कारण यात्री बसों का संचालन नये बस स्टैंड से किया जा सकता है जिससे पुराने बस स्टैंड में बड़े यात्री वाहनों के साथ-साथ भारी वाहनों का दबाव काम हो जाएगा लेकिन इसके लिए व्यवस्थित कार्य योजना के साथ-साथ दृढ़ इच्छा शक्ति की भी आवश्यकता होगी।

## वीर दुर्गादास राठौर वार्ड के नागरिकों को मिली सौगात

**जबलपुर।** बरगी विधानसभा क्षेत्र के वीर दुर्गादास राठौर वार्ड में स्थित माँ त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के पास सड़क किनारे लगभग 43 लाख रुपये की लागत से एक उद्यान का निर्माण शुरू हुआ। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह और बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह ने स्थानीय कन्याओं से उद्यान निर्माण का भूमिपूजन करवाया। कार्यक्रम में एम.आई.सी. सदस्य और लोकनिर्माण, उद्यान विभाग के प्रभारी विवेक राम सोनकर, पार्षद श्रीमती ज्योति विनोद लोधी, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार पटैल और क्षेत्रीय नागरिकों ने भी भाग लिया। महापौर अन्नू और विधायक नीरज सिंह ने कहा कि यह भूमिपूजन क्षेत्र के नागरिकों के लिए विकास का अहम दिन है और इस नए उद्यान से क्षेत्रवासियों को एक सुंदर और व्यवस्थित स्थान मिलेगा। विधायक नीरज सिंह ने बताया कि इस परियोजना पर लगभग 43 लाख रुपये खर्च होंगे और जल्दी ही इस उद्यान का निर्माण कार्य पूरा कर इसे नागरिकों के लिए समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, और स्थानीय छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। विशेष रूप से स्कूल की कन्याओं ने भूमिपूजन में भाग लेकर इसे और भी खास बना दिया। इस परियोजना के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद स्थानीय लोग इस उद्यान का लाभ उठाकर स्वच्छ और हरित वातावरण का अनुभव करेंगे।


## सेवानिवृत्ति

### कुन्देन्द्र कुमार सोनवाने




**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता (प्रवर्तन) जबलपुर में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ कुन्देन्द्र कुमार सोनवाने 31 जनवरी को 35 वर्ष 02 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हुए।

### प्रवीन कुमार श्रीवास्तव



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (संचा./संधा.), जबलपुर में उप महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव दिनांक 31 जनवरी को 34 वर्ष 06 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हुए।

### बसंत कुमार मिश्रा हुए सेवानिवृत्त



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रमुख (कम्प्यूटर पद्धति एवं संचलन) जबलपुर कार्यालय में कंसोल ऑपरेटर के पद पर पदस्थ बसंत कोटेश्वर दिनांक 31 जनवरी को 36 वर्ष 08 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हुए।

नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर करेंगे पदभार ग्रहण

## भाजपा संभागीय कार्यालय में सुंदरकांड आज

**जबलपुर।** भाजपा के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के पदभार ग्रहण कार्यक्रम के उपलक्ष्य में भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में 1 फरवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से बृहत संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। सोनकर कल दोपहर 12:30 बजे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, शरद जैन, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, पूर्व अध्यक्ष प्रभात साहू एवं वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण करेंगे।

कल सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन होगा इसके बाद नगर अध्यक्ष सोनकर महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात दोपहर 12:30 बजे सभी जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में दायित्व निर्वहन हेतु पदभार ग्रहण करेंगे। इसके बाद भोग प्रसाद, प्रीतिभोज का आयोजन किया गया है।

### दिव्या तिवारी का सुयश



**सिहोरा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिहोरा से इलेक्ट्रिसियन ट्रेड से दिव्या तिवारी ने 600 में से 471 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्या मैना कुआं निवासी राजेश तिवारी की सुपुत्री है।

## जबलपुर मॉडल पुस्तक का विमोचन आज

**जबलपुर।** जबलपुर मॉडल पुस्तक के लेखक, आई.ए.एस. अधिकारी, नगर निगम जबलपुर के पूर्व आयुक्त एवं नरसिंहपुर जिले के पूर्व कलेक्टर वेद प्रकाश के द्वारा लिखि पुस्तक ''जबलपुर मॉडल'' का आज दिनांक 1 फरवरी 2025 को अपरान्ह 02:30 बजे से भँवरताल के समीप कल्चर स्ट्रीट, संस्कृति भवन में विमोचन किया जायेगा। इस अवसर पर वेदप्रकाश ने सभी सम्माननीय जनों एवं इष्ट मित्रों से उपस्थिति की अपील की है।

## जबलपुर मंडल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में जबलपुर मंडल में विद्युतीकरण के 100 वर्षों के उपलक्ष्य में टीआरडी जबलपुर विभाग द्वारा शुक्रवार को को रेलवे ग्राउंड जबलपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आनंद के साथ ही अन्य शाखा अधिकारी संजय सिंह, अक्षय कुमरावत, गौरव तंतुवाय एवं प्रतीक खेवारकर उपस्थित रहें। इस प्रतियोगिता में जबलपुर- मानिकपु-रीवा खंड की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि इटारसी-जबलपुर उपविजेता रही। प्रतियोगिता का सफल आयोजन सत्यम वत्स एवं रत्ती राम मीणा द्वारा किया गया।

### *सामुहिक नरसंहार में दिवंगत लोगों के लिए श्रृध्दांजलि सभा आयोजन*

**कटंगी।** पाटन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत टिमरी ग्राम में ब्राह्मण परिवार में हुए सामुहिक नरसंहार में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति हेतु शुक्रवार को शाम 5 बजे श्री शिव शंकर मंदिर बाड़ा प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सकल ब्राह्मण समाज कटंगी परिक्षेत्र के तत्वधान रखा गया। जिसमें कटंगी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी सम्प्रदाय एवं समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए इस दौरान ब्राह्मण परिवार के मृत सदस्यों को सभी ने श्रद्धांजलि दी।

## यूपी, बिहार पीएससी से परीक्षा पास करने वाली शैवी दुबे का सम्मान




**सिहोरा।** सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय सिहोरा में नगर की गौरव सुश्री शैवी दुबे का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पारुल शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य अशोक उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। उप प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, विद्यालय की कक्षा 12वीं और 11वीं की मॉनिटर ने भी अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से केरियर काउंसिलिंग केरियर मार्गदर्शन के परिपेक्ष्य में आयोजित किया गया। शैवी ने यूपी और बिहार लोक सेवा आयोग में क्रमशः जेल अधीक्षक और आबकारी अधीक्षक के पद पर सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर विद्यालय के नरेंद्र दुबे,शैलेंद्र दुबे के अलावा अमित जैन,संदीप सोनी,अभिषेक प्यासी,रमेश नापित,सविता पटेल,आशीष यादव,सुभाष दाहिया,अरुण यादव, सत्यम पटेल,बैजू यादव,अनुराग कुशवाहा,राहुल कुशवाहा,संजय बर्मन,शिवम बर्मन सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी।


## कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन



**कटंगी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगी में कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया गया। जिसमें शाला की छात्राओं को विभिन्न विभागों से आए वक्ताओं ने अपना व्याख्यान दिया और बच्चों को कैरियर संबंधी अनेक प्रकार के रोजगार के अवसर हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया ।जिसमें शाला के प्राचार्य श्री अमर सिंह ठाकुर जन शिक्षक धन्य कुमार लोधी कैरियर काउंसलिंग प्रभारी श्रीमती गूंजीता गुप्ता ,सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती ज्योत्सना शर्मा, के साथ व्यवसायिक शिक्षा श्रीमती साधना तिवारी, राजीव झरिया, अरविंद खरे, पारस नाथ यादव, श्रीमती प्रीति मिश्रा, श्रीमती स्नेह लता पांडे, श्रीमती वंदना पांडे श्रीमती मनीष राजपूत, श्रीमती सारिका खरे, के साथ अन्य सभी शाला के शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## क्राइम वाच

### पिस्टल कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार



**जबलपुर।** अधारताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने महाराजपुर मैदान में पिस्टल लिए घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल एवं एक कारतूस जब्त किया है। अधारताल थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि परसराम स्कूल के पास महाराजपुर अधारताल निवासी 27 वर्षीय दीपक राय गत दिवस महाराजपुर मैदान में पिस्टल लेकर घूम रहा था। मुखबिर से सूचना मिलते ही क्राईम ब्रांच और अधारताल पुलिस की टीम ने आरोपी दीपक राय को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल और एक लोडेड कारतूस जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### खाने के ठेले में घरेलू गैस के उपयोग पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** सिविल लाईन थाना अतंर्गत भ्रमण के दौरान प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर मालगोदाम चौक में रोड किनारे घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक घरेलू गैस सिलेण्डर, लोहे की दो चूल्हे वाली भट्टी, पाईप एवं रेग्युलेटर जब्त की है। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात भ्रमण दौरान प्लेट फार्म नंबर 6 के बाहर मालगोदाम चौक में रोड किनारे घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवासायिक उपयोग कर खाने का ठेला लगाए हुए झंडा चौक घमापुर निवासी 40 वर्षीय विजय उर्फ अज्जू चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारत कम्पनी का एक घरेलू गैस सिलेण्डर, लोहे की दो चूल्हे वाली भट्टी पाईप एवं रेग्युलेटर जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 49 भारतीय न्याय संहिता तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### 5 लीटर जहरीली कच्ची शराब जप्त

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अतंर्गत गत रात विनय डेयरी के पास कच्ची जहरीली शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 लीटर कच्ची जहरीली शराब जब्त की है। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात विनय डेयरी के पास कच्ची जहरीली शराब बेचने की फिराक में खड़े सांई अस्पताल के पीछे विजयनगर निवासी 45 वर्षीय उत्तम उर्फ बग्घा गोंड को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 लीटर कच्ची जहरीली शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1), 49 ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।




### 330 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत छपरट एवं मालकछार में बीच नहर की पुलिया के पास अवैध रुप से शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 330 पाव देशी शराब जब्त की है। शहपुरा थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया कि खैरी मोहल्ला निवासी रीतेश ठाकुर गत दिवस छपरट एवं मालकछार में बीच नहर की पुलिया के पास शराब बेचने की फिराक में खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी रीतेश ठाकुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 330 पाव देशी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 33 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर।** मदन महल थानांतर्गत स्टेशन के पास ओवर ब्रिज के नीचे बीती शाम एक सड़क हादसे एक स्कूटी सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सैनिक सोसायटी रोड शक्ति नगर निवासी एक 67 वर्षीय कोहिल भास्करन के पुत्र 41 वर्षीय राज शेखरन पाण्डेयन ने घटना की सूचना दी। राज शेखरन ने पुलिस को बताया कि उसके पिता बुधवार शाम घर से अकेले अपने स्कूटी पेप क्रमांक एमपी 20 एस 5203 से निकले थे। मदन महल स्टेशन के पास ओवर ब्रिज के नीचे वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसके बाद वृद्ध को विक्टोरिया जिला अस्पताल में भर्ती कराय गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। विक्टोरिया अस्पताल से मिली सूचना पर मौके पर पहुंचे राज शेखरन ने अपने पिता की पहचान की। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेजते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया हैं।

### महिला ने फांसी लगाई



**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत जनता स्कूल के पास बिलहरी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनता स्कूल के पास बिलहरी निवासी 30 वर्षीय सरस्वती मार्को ने अपने कमरे में लगे पंखे से रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि उसका पति रविन्द्र कुमार मार्को परिवार सहित एक कमरे में सो गया था और उसकी पत्नी दूसरे कमरे में थी। शुक्रवार की सुबह लगभग 3 बजे रविन्द्र उठा तो देखा कि उसकी पत्नी सरस्वती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




**श्री चंद्रशेखर सिंह बघेल-** गुप्तेश्वर निवासी श्री चंद्रशेखर सिंह बघेल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जयंती पटेल-** गुप्तेश्वर रोड मदनमहल निवासी श्री जयंती पटेल (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जमना प्रसाद खंगार-** मदर टेरेसा नगर निवासी श्री जमना प्रसाद खंगार (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रोहित कुमार विश्वकर्मा-** मकरोनिया सागर निवासी श्री पूरन सिंह विश्वकर्मा के पुत्र श्री रोहित कुमार विश्वकर्मा (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय सोनी-** आजाद व्यायाम शाला के पास शीतलामाई निवासी श्री विजय सोनी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री काशी नाथ दुबे-** महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री काशी नाथ दुबे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल अहिरवार-** झिन्ना मोहल्ला सिद्धबाबा रोड निवासी श्री शंकर लाल अहिरवार (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बटरो बाई रजक-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री सुक्खी लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती बटरो बाई रजक (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल अहिरवार-** झिन्ना मोहल्ला सिद्धबाबा रोड निवासी श्री शंकर लाल अहिरवार (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुभद्रा बाई ठाकुर-** मदनमहल महानद्दा रोड स्थित गरीबदास का बाड़ा निवासी श्री पूरन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा बाई ठाकुर (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भागचंद सोनकर-** भानतलैया सिंधी कैंप निवासी श्री भागचंद सोनकर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश नायडू-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर कृपाल चौक के पास निवासी श्री ओम प्रकाश नायडू (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गरीब दास विश्वकर्मा-** वीरन चौधरी मार्ग दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री गरीबदास विश्वकर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई-** सीतापहाड़ बजरिया निवासी श्री शारदा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष कुमार गुप्ता-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री सुभाष कुमार गुप्ता (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि-** लाल कुआं रामपुर निवासी श्री केशव राव के पुत्र श्री रवि (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ज्योति पाठक-** प्रोफेसर कॉलोनी आईटीआई निवासी श्री केदारनाथ पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति पाठक (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री दर्शनिका देवदास-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री देवदास विट्ठल की पुत्री सुश्री दर्शनिका देवदास (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा पिल्ले-** जीके हुसैन कम्पाउंड सदर निवासी श्री कृष्णा स्वामी पिल्ले की धर्मपत्नी श्रीमती राधा पिल्ले (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लेक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# उद्योगपति बड़ा मन लेकर आएं, हम उनके सपनों को पंख देने के लिए तत्पर: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान यात्रा के तीसरे दिन गुरुवार को ओसाका में उद्योगपतियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ इंटरेक्टिव सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश ऊर्जा सरप्लस, प्रचुर खनिज संसाधन, क्लीनेस्ट राज्य और देश के दूसरे बड़े शहरों से आवागमन के साधनों से अच्छी तरह कनेक्टेड है, साथ ही राज्य में उद्योग-मित्र नीतियां लागू की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने ओसाका के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। अगर उद्योगपति बड़ा मन लेकर आते हैं तो हम उनके सपनों को पंख देने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने सभी निवेशकों को भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

1. डॉ.यादव ने ओसाका में उद्योग प्रतिनिधियों से किया संवाद
2. भोपाल जीआईएस के लिए उद्योगपतियों को दिया आमंत्रण
3. ओसाका में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ हुए इंटरेक्टिव सत्र में शामिल




### गीत 'अपने लिए जिए तो क्या जिए....' को किया उद्धृत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीत 'अपने लिए जिए तो क्या जिए....' को उद्धृत करते हुए कहा कि उद्योगपति मात्र अपने व्यापारिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि सैकड़ों लोगों के जीविकोपार्जन में सहयोग कर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि जापान और भारत के जीवन मूल्य एक जैसे ही हैं। जापान हर संकट और हर दौर में साथ खड़ा रहा है। इसलिए हमारे देश एवं प्रदेश में जिन जापानी उद्योग समूहों ने निवेश किया, वह हमारे निकट मित्र बन कर आज भी हमारे साथ हैं। हम अपनी 25 से अधिक नीतियों के साथ निवेशकों को लाभ देने के लिए जापान के सभी उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, विभिन्न सेक्टर्स में निवेशकों के स्वागत को तत्पर मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओसाका के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में फूड, आईटी, स्पाइस, प्लास्टिक, मेडिकल विपमेंट, डिवाइस, सोलर इक्विपमेंट, फुटवियर, ईवी, फार्मा, टैक्स्टाइल सहित 300 से अधिक प्रकार के पार्क्स और गार्मेंट इकाइयों के लिए प्लग-एंड-प्ले जोन एवं सेमीकंडक्टर पार्क स्थापित किए गए हैं। हमारी नीतियां गार्मेंट, लॉजिस्टिक्स, ईवी, खाद्य प्र-संस्करण, इथेनॉल, आईटी, फार्म और मेडिकल डिवाइसेज में निवेश को आकर्षित करने लिए अनुकूल हैं। मध्यप्रदेश में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए निःशुल्क जमीन और पर्यटन के क्षेत्र में 40 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। भारत के महा वाणिज्यदूत चंद्रू अप्पार ने स्वागत उदबोधन दिया। जेट्रो ओसाका के महानिदेशक हिदेकी शो ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिए प्रस्ताव रखे।

### पर्यटन, आईटी, माईनिंग पर एसीएस डॉ. राजौरा ने दिया प्रस्तुतिकरण

अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने पर्यटन, आईटी, माईनिंग एवं नवकरणीय ऊर्जा के सेक्टर में मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। यहां सांस्कृतिक, धार्मिक, प्राकृतिक एवं पुरातात्विक पर्यटन की अपार संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में आईटी हब के लिए सभी संभावनाएं व सुविधाएं मौजूद हैं। डॉ. राजौरा ने माइनिंग सेक्टर में निवेश की संभावनाओं पर जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां विविध प्रकार के खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2012 से 2024 तक राज्य में नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता में 491 मेगावाट से 6418 मेगावाट की वृद्धि हुई है। प्रदेश में सोलर, विंड, हाइड्रो एवं बायोमास आगामी ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है।

### राघवेंद्र ने बताईं मप्र की विशेषताएं

प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्द्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश क्षेत्रफल में देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है और वन क्षेत्र के मामले में पहले स्थान पर है। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक राज्य भी है। साथ ही मध्यप्रदेश तांबा, मैंगनीज, मोलिब्डेनम और हीरे के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। स्वच्छता के मामले में यह भारत का दूसरा सबसे स्वच्छ राज्य है। यह देश का 5वां सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है, जो एक विशाल कंज्यूमर मार्केट प्रदान करता है। प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियां निवेशकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करती हैं। भूमि अधिग्रहण में छूट, निवेश प्रोत्साहन सहायता और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

### इलनेस से वैलनेस की ओर तेजी से अग्रसर मप्र: खाड़े

आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश इलनेस से वैलनेस की ओर तेजी से अग्रसर हुआ है। मध्यप्रदेश हर सेक्टर में अपनी उद्योग अनुकूल नीतियों, बेहतर सड़कों का नेटवर्क, संगठित लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, देश में केन्द्रीय स्थिति, उद्योग अनुकूल इकोसिस्टम और प्राकृतिक एवं मानव संसाधनों की प्रचुर उपलब्धता के साथ निवेशकों के लिए भविष्य के स्वर्णिम अवसरों के साथ तैयार है। आयुक्त डॉ. खाड़े ने बताया कि निवेशक राज्य में फार्मास्युटिकल्स, लॉजिस्टिक्स, प्लास्टिक, मेडिकल डिवाइसेज और गारमेंट्स एंड टैक्स्टाइल्स सेक्टर्स में निवेश कर सकते हैं। उन्होंने विश्व स्तरीय मेडिकल यूनिवर्सिटी का उल्लेख करते हुए निवेशकों को बताया कि मध्यप्रदेश में मेडिकल-आयुर्वेदिक एजुकेशन और रिसर्च में निवेश की भी अच्छी संभावनाएं हैं।

---

रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने का दिया सुझाव

# सिस्मैक्स मप्र में स्थापित करे मेडिकल डायग्नोस्टिक उपकरणों की विनिर्माण इकाई: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

- मध्यप्रदेश की मेडिकल टेक्नोलॉजी में निवेश को लेकर हुई बैठक
- कोबे में सिस्मैक्स कार्पोरेशन सॉल्यूशन सेंटर का सीएम ने किया दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिस्मैक्स कोबे को मध्यप्रदेश में मेडिकल डायग्नोस्टिक उपकरणों की विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव देकर आमंत्रित किया है। उन्होंने सिस्मैक्स को प्रदेश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने का सुझाव भी दिया। डॉ. यादव ने जापान के कोबे स्थित सिस्मैक्स कार्पोरेशन सॉल्यूशन सेंटर का दौरा कर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेडिकल टेक्नोलॉजी और जीवन विज्ञान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर गहन चर्चा की। बता दें, सिस्मैक्स सॉल्यूशन वैश्विक डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है, उन्नत चिकित्सा अनुसंधान और हेल्थकेयर नवाचार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रसिद्ध है।



### मप्र में फार्मास्युटिकल सेक्टर की स्थिति बेहतर

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सिस्मैक्स सॉल्यूशन सेंटर के निर्माण और अनुसंधान केन्द्र का दौरा कर कंपनी की अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस निर्माण तकनीक का अवलोकन किया। उन्होंने सिस्मैक्स के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में हेल्थकेयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। डॉ. यादव ने सिस्मैक्स को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य सरकार उज्जैन के समीप एक मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित कर रही है, जिसमें विश्वस्तरीय आधारभूत सुविधाएं और विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

### उज्जैन के मेडिकल डिवाइस पार्क में अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाने की संभावना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिस्मैक्स को आमंत्रित करते हुए कहा कि उज्जैन में स्थापित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। इस केंद्र में भारत के लिए नए और उन्नत मेडिकल उपकरणों पर अनुसंधान किया जा सकता है और जापानी विशेषज्ञ भारतीय इंजीनियरों और तकनीशियनों को प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं। राज्य सरकार नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे एआई संचालित मेडिकल टेस्ट, डिजिटल हेल्थ सेवाएं और मोबाइल हेल्थ यूनिट जैसी सुविधाएं विकसित की जा सकें।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का दिया आमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिस्मैक्स के अधिकारियों को आगामी 24-25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आमंत्रण भी दिया और कहा कि इस मंच पर कंपनी को निवेश से जुड़ी विस्तृत जानकारी और संभावनाओं पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार निवेशकों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी, जिसमें बेहतर आधारभूत सुविधाएं, टैक्स में विशेष रियायतें और उद्योगों को अनुकूल माहौल उपलब्ध कराना शामिल है।

### मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जापान के इंडिया क्लब में पुष्पांजलि अर्पित की



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को कोबे जापान के इंडिया क्लब में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने मध्यप्रदेश के औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

---

माना स्थित चौथी बटालियन में ड्राइवर था आरक्षक

# संदिग्ध हालत में मिला पुलिस आरक्षक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी रायपुर के मांढर रेलवे ट्रैक पर एक पुलिस आरक्षक का शव संदिग्ध हालत में मिला है। इसकी जानकारी मिलने पर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक माना स्थित चौथी बटालियन में ड्राइवर के पद पर पदस्थ था।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया। वहीं पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। मृतक की पहचान गंगाराम ध्रुव के रूप में हुई है, जो माना स्थित चौथी बटालियन में ड्राइवर के पद पर पदस्थ था। गंगाराम ध्रुव अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ माना स्थित किराए के मकान में रहते थे। अचानक उसका शव मिलने से परिवार में मातम छाया हुआ है। मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में हर पहलू में जांच कर रही है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में वाहन चैकिंग के दौरान सरिया पुलिस की कार्रवाई

# 212 किलो से ज्यादा चांदी सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगढ़

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में वाहन चेकिंग के दौरान सरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हुंडई वैन्यू कार से 212 किलो से ज्यादा वजनी चांदी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, सारंगढ़ के कंचनपुर बेरियर के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान ओडिशा की तरफ से आ रही एक सफेद रंग की हुंडई वेन्यू कार को रोका गया।

कार में दो लोग सवार थे। पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम पप्पू साहू (26), पिता स्व० मंशाराम साहू, विश्वकर्मा चौक साहू पारा, थाना मुजगहन जिला रायपुर का रहने वाला बताया। वहीं दूसरे ने अपना नाम रामरूची पटेल (38), पिता जगन्ननाथ पटेल न्यू संतोषी नगर मुजगहन, थाना मुजगहन जिला रायपुर का रहने वाला बताया।




### पहली किया गुमराह करने का प्रयास

जब पुलिस ने वाहन चेकिंग की बात की तो वे गोल-मोल जवाब देने लगे। वाहन की तलाशी लेने पर अलग-अलग रंगों के छोटे-बड़े बैग में चांदी के गहने मिले। 212 किलो से ज्यादा वजनी चांदी की कीमत 1 करोड़ 91 लाख रुपये आंकी गई है। इसके बाद पुलिस ने कार और गहने जब्त कर लिया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



## निकाय एवं पंचायत चुनाव में मतदान के दिन छुट्टी घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ निकाय-पंचायत चुनाव में मतदान वाले दिन छुट्टी रहेगी। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, मतदान की तारीखों पर सार्वजनिक अवकाश रखा गया है। जिसमें 11, 17 और 20 फरवरी दिन सोमवार को अवकाश रहेगा। इसके साथ यह भी लिखा है कि 23 फरवरी को भी मतदान संपन्न कराया जाएगा। हालांकि इस दिन रविवार है इस कारण अलग से अवकाश की घोषणा नहीं की गई है।

---

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और डीआईजी के सामने किया आत्मसमर्पण




# बड़ी वारदातों में शामिल रहे सात नक्सलियों का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नक्सल संगठन को बड़ा झटका लगा है। 32 लाख के सात इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

कांकेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और डीआईजी के सामने सात नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। कई बड़ी वारदातों में ये नक्सली शामिल रहे हैं। कांकेर डीआईजी अमित तुकाराम काम्बले ने बताया कि पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर और नक्सलियों की खोखली विचारधारा, उनके शोषण, अत्याचार, हिंसा से तंग आकर नक्सलियों के उत्तर बस्तर डिवीजन के अंतर्गत परतापुर, रावघाट एरिया कमेटी/गढ़चिरौली डिवीजन में सक्रिय नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों में तीन पर आठ-आठ लाख, एक नक्सली पर पांच लाख और तीन नक्सली सदस्यों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित है।

गृहमंत्री ने इस संबंध में दिए संकेत, कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

# सीएम समेत तमाम कैबिनेट मंत्री 13 तक जा सकते हैं महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय समेत तमाम कैबिनेट मंत्री 13 फरवरी को प्रयागराज जा सकते हैं। महाकुंभ में शामिल होकर पवित्र स्नान करेंगे। वहीं इसको लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा बताया कि, सीएम से हम सभी ने आग्रह किया है। जैसे हम सभी को सीएम साय अयोध्या राम लला दर्शन के लिए गए थे वैसे ही जल्द महाकुम्भ भी ले जायेंगे। कांग्रेस के जवाब का पलटवार करते हुए गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि, जिसकी जैसी भावना होती है उसको वैसा दिखाई देता है।

उनके हृदय में आखन्ट भ्रष्टाचार घोटाले की भावना है इसलिए कांग्रेस को ऐसा ही दिखता है। 144 वर्षों बाद ऐसा महाकुंभ हुआ है संस्कृति का बड़ा आधार स्तंभ रहा है। इसलिए हम लोग पवित्र स्नान करने जा रहे हैं। कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा था कि, पाप ज्यादा हो गया इसलिए पाप धोने जा रहे हैं। धमतरी में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। इसी बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का बयान सामने आया है। किरण देव ने कहा कि, कांग्रेस लोकतंत्र पर कितना विश्वास करती है पूरा देश जानता है। फॉर्म गलत भरेंगे गलत जानकारी देंगे तो फॉर्म रिजेक्ट ही होगा। कांग्रेस के पास कोई मुद्दे नहीं है इसलिए अब इसमें राजनीति करेगी।



### *वरिष्ठ नेताओं से की है बातचीत*

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नगरी में भाजपा कार्यकर्ताओं के बवाल पर भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, जांच पड़ताल के लिए वरिष्ठ नेताओं से बातचीत की है। बाहरी तत्वों का समावेश हो सकता है। बीजेपी में कभी ऐसा नहीं होता है। वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कहा कि, यह विशुद्ध रूप से कार्यकर्ताओं का सम्मेलन है। हर चुनाव के पहले बीजेपी ऐसे सम्मेलन करती है।*


## खबर संक्षेप

### पीएनबी का मुनाफा दोगुना होकर 4,508 करोड़ पहुंचा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दोगुना से ज्यादा होकर 4,508 करोड़ रुपये रहा है। पिछल वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2,223 करोड़ रुपये रहा था। कुल आमदनी बढ़कर 34,752 करोड़ रुपये रही है।

### नेस्ले इंडिया का मुनाफा बढ़कर 688 करोड़ हुआ




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.94 प्रतिशत बढ़कर 688.01 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का शुद्ध लाभ 655.61 करोड़ रुपये रहा था। कुल खर्च दिसंबर तिमाही में 6.18 प्रतिशत बढ़कर 3,861.91 करोड़ रुपये रहा है।

### पराग मिल्क फूड्स का तिमाही मुनाफा छह प्रतिशत बढ़ा

PARAG MILK FOODS LIMITED

**नई दिल्ली।** पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 5.59 प्रतिशत बढ़कर 36.07 करोड़ रुपये रहा है। बिक्री बढ़ने से कंपनी का मुनाफा भी बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 34.16 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### वेदांता का मुनाफा दिसंबर तिमाही में 76 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** खनन समूह वेदांता का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 76.2 प्रतिशत बढ़कर 3,547 करोड़ रुपये हो गया है। लाभ में यह बढ़ोतरी आय में वृद्धि के कारण हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,013 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में 9.5 प्रतिशत बढ़कर 39,795 करोड़ रुपये रही है।

### रुपया तीन पैसे बढ़कर 86.59 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर कारोबार के अंत में तीन पैसे की तेजी के साथ 86.59 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी से रुपये को जो समर्थन मिला, वह विदेशी कोषों की निकासी की वजह से जाता रहा।

### इस वर्ष में सोने के दाम गिरेंगे, चांदी होगी मजबूत



**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 में सोने की कीमतों में गिरावट आने की संभावना है, जबकि चांदी की कीमतों में उछाल आ सकता है। संसद में शुक्रवार को पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 मे यह बात कही गई है। अक्टूबर, 2024 के लिए विश्व बैंक के 'जिंस बाजार परिदृश्य' का हवाला देते हुए, आर्थिक समीक्षा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिंसों की कीमतों में 2025 में 5.1 प्रतिशत और वर्ष 2026 में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

# आयकर कटौती से महंगाई तक : बजट 2025 से लोगों को ये हैं उम्मीदें...

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी। यह वित्त मंत्री के रूप में उनका लगातार 8वां बजट होगा।

यह बजट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और धीमी पड़ती घरेलू वृद्धि के बीच आ रहा है। महंगाई से परेशान लोगों को आयकर में कटौती के रूप में कुछ राहत मिलने और बेरोजगारों को रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद है। आइए जानते हैं कि इस बजट से देशवासियों की क्या-कया उम्मीदें होंगी।

## महंगाई से लोगों को आयकर में कटौती के रूप में राहत मिलने की उम्मीद

### आयकर में छूट की सबसे बड़ी उम्मीद




आयकर का बोझ कम होना वेतनभोगी वर्ग की एक बड़ी उम्मीद है। निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोग लंबे समय से उम्मीद कर रहे हैं कि केंद्रीय बजट कुछ राहत लाएगा। ग्रांट थॉर्नटन भारत के बजट पूर्व सर्वेक्षण से पता चला है कि 57 प्रतिशत व्यक्तिगत करदाता बजट में आयकर में कटौती चाहते हैं। अधिकांश लोग 10 लाख तक की सालाना कमाई को टैक्स फ्री करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे होने से बड़ी राहत मिल सकेगी।

### मुद्रास्फीति और जीएसटी पर क्या है उम्मीद?




महंगी खाद्य वस्तुओं ने परिवारों को नुकसान पहुंचाया है, क्योंकि वेतन और मजदूरी बढ़ती मुद्रास्फीति के अनुरूप नहीं रही। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक का लक्ष्य मुद्रास्फीति को 2-6 प्रतिशत की सीमा के भीतर रखना है। सरकार वस्तु एवं सेवा कर के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर पाएगी, लेकिन खाद्य तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर और पेट्रोलियम उत्पादों पर करों को युक्तिसंगत बनाकर राहत दे सकती है।

### सभी के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने पर भी नजर



केंद्र सरकार का ध्यान सभी के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने पर है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, शहरी आवास की मांग को पूरा करने के लिए इस क्षेत्र को 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक किफायती आवास इकाइयों की आवश्यकता होगी। ऐसे में सरकार पहली बार घर खरीदने वालों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ उनके लिए होम लोन को और अधिक सुलभ बनाने के मामले में महत्वपूर्ण राहत दे सकती है।

### रोजगार के अवसर बढ़ाने पर होगा ध्यान

आम नागरिकों को भी उम्मीद होगी कि केंद्रीय बजट 2025 में रोजगार सृजन के लिए भी कुछ प्रावधान किए जाएंगे। कृषि के बाद रियल एस्टेट सेक्टर सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करता है, जो राष्ट्रीय रोजगार का 18 प्रतिशत है। इस क्षेत्र के 2047 तक 5.8 ट्रिलियन डॉलर (487 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचने का अनुमान है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 15.5 प्रतिशत का योगदान देगा। ऐसे में सरकार इस क्षेत्र में प्रयास कर सकती है।

## 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 में जीडीपी ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान

# विकसित भारत का लक्ष्य पाने निजी निवेश बढ़ाने की जरूरतः आर्थिक समीक्षा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आज 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार 8वां बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में इकनॉमिक सर्वे पेश कर दिया है। इसके अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 यानी, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 में जीडीपी ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान है।

वहीं 2024-25 के लिए जीएसटी कलेक्शन 11% बढ़कर 10.62 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। साल 2047 तक भारत तभी विकसित भारत बन पाएगा जब तक लगभग एक या दो दशक तक स्थिर महंगाई पर औसतन 8 प्रतिशत की ग्रोथ हो। वित्त मंत्रालय के विभाग इकोनॉमिक अफेयर्स के तहत एक इकोनॉमिक डिवीजन है। यही इकोनॉमिक डिवीजन चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर यानी सीईए की देख-रेख में इकनॉमिक सर्वे तैयार करती है। अभी चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. वी अनंत नागेश्वरन के जिम्मे यह काम है।

## ग्रामीण मांग में मजबूती आने की संभावना

*इकनॉमिक सर्वे बता रहा है कि खेती में सुधार, फूड इन्फ्लेशन यानी खाने-पीने के सामानों की महंगाई में कमी और स्थिर आर्थिक माहौल के कारण ग्रामीण मांग में मजबूती आने की संभावना है। इससे आने वाले समय में विकास की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इसने यह भी चेतावनी दी कि दुनिया में चल रहे कई देशों के बीच आपसी टेंशन, व्यापार अनिश्चितताएं और पोटेंशियल कमोडिटी प्राइस के झटके इकनॉमिक स्टेबिलिटी के लिए चुनौतियां पैदा कर सकते हैं।*

### आरबीआई के अनुमान से काफी कम रही जीडीपी ग्रोथ

वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था वास्तविक रूप से 5.4% बढ़ी। यह आरबीआई के 7% के पूर्वानुमान से काफी कम है। इसी तरह, अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी ग्रोथ भी आरबीआई के अनुमान से धीमी रही।



### आर्थिक वृद्धि की स्थिरता को लेकर चिंता

जनवरी में भारत की बिजनेस एक्टिविटी पिछले एक साल में सबसे धीमी गति से बढ़ी, जिससे इसकी आर्थिक वृद्धि की स्थिरता को लेकर चिंताएं हैं। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट पीएमआई दिसंबर में 59.2 से गिरकर 57.9 पर आ गया, जो सर्विस सेक्टर में कमजोर वृद्धि का संकेत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में इकनॉमिक सर्वे पेश कर दिया है। सबकी निगाहें ग्रोथ और मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर है।

### विदेशों में काम करने वाले भारतीयों ने खूब पैसे भेजे

इकनॉमी सर्वे के अनुसार विदेशों में काम करने वाले भारतीयों ने देश में खूब पैसे भेजे। यह प्राइवेट ट्रांसफर का बड़ा हिस्सा बना, जो वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 28.1 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 31.9 अरब डॉलर हो गया।

### कैसे पूरा होगा विकसित भारत का सपना

साल 2047 तक देश तभी विकसित भारत बन पाएगा जब तक लगभग एक या दो दशक तक स्थिर महंगाई पर औसतन 8 प्रतिशत की ग्रोथ हो। सर्वे में यह भी बात सामने आई है कि ग्लोबल आईपीओ लिस्टिंग में भारत की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 30% हो गई, जो 2023 में 17% थी। पिछले एक दशक में निफ्टी 50 ने 8.8% का सालाना चक्रवृद्धि रिटर्न दिया है। हालांकि, यह यूएस नैस्डैक (15.3%) और डॉऊ जोन्स (9.2%) जैसे इंडेक्स से पीछे है, लेकिन यह चीन के शंघाई कंपोजिट (3.2%) से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

### जीडीपी ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान

इकनॉमिक सर्वे के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 यानी, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 में जीडीपी ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान है। वहीं 2024-25 के लिए जीएसटी कलेक्शन 11% बढ़कर 10.62 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है।

# होंडा 2028 तक भारत में स्थापित करेगी इलेक्ट्रिक बाइक फैक्ट्री



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जापानी दोपहिया वाहन निर्माता होंडा मोटर कंपनी भारत में 2028 तक एक इलेक्ट्रिक बाइक फैक्ट्री स्थापित करने की योजना बना रही है। मोटरसाइकिल और पावर प्रोडक्ट्स इलेक्ट्रिफिकेशन बिजनेस यूनिट के प्रमुख डाइकी मिहारा ने जापान में मीडिया को इसकी जानकारी दी है।

2030 तक कंपनी का वैश्विक स्तर पर 30 इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने और वार्षिक बिक्री 40 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यह प्लांट संभवतः बेंगलुरु के बाहरी इलाके नरसापुरा में मौजूदा कारखाने के अलावा कर्नाटक में बनाया जाएगा। यह फैक्ट्री भारतीय बाजार के अलावा इसे निर्यात की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाएगा।

### कंपनी इस तरह के मॉडल के साथ करेगी शुरुआत

भारत में बनने वाले प्लांट को लेकर डाइकी मिहारा ने कहा, हम 100cc बाइक की क्षमता के बराबर 4 किलोवाट बैटरी वाली कम्यूटर इलेक्ट्रिक बाइक से शुरुआत करेंगे। उन्हें निर्यात करना भी एक विकल्प है। उन्होंने आगे कहा, हम वहां मध्यम आकार की बाइक के समान इलेक्ट्रिक बाइक का उत्पादन कर भी सकते हैं। यह फैक्ट्री अलग-अलग मॉड्यूल को मिलाकर कई तरह के मॉडल तैयार करेगी। इसके अलावा बैटरी के लिए निर्माताओं के साथ काम कर रही है।

### 2030 तक इतनी इलेक्ट्रिक बाइक उतारेगी होंडा

2030 तक कंपनी का वैश्विक स्तर पर 30 इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने और वार्षिक बिक्री 40 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बाजार में देरी से प्रवेश करने के बावजूद होंडा ने भारत की नंबर एक इलेक्ट्रिक बाइक निर्माता बनने का लक्ष्य रखा है। डाइकी मिहारा ने कहा, हम नई ईवी पेश करने के लिए आईसीई प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकसित की गई ताकत का लाभ उठाना जारी रखेंगे, जिसमें फिक्स्ड बैटरी वाले मॉडल भी शामिल हैं।

# आर्थिक सर्वेक्षण देख झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स ने लगाई 740.76 अंकों की छलांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के पेश होने के बाद शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखा गया। सेंसेक्स 740.76 अंक चढ़कर 77,500.57 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 258.90 अंक बढ़कर 23,508.40 पर पहुंच गया। एलएंडटी और टाटा कंज्यूमर को सबसे ज्यादा मुनाफा हुआ, जबकि आईटीसी होटल्स में गिरावट आई। एशियाई और यूरोपीय बाजारों में भी मिलाजुला असर दिखा।

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 741 अंक चढ़(गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक का स्तर पार कर गया। लार्सन एंड टुब्रो के तीसरी तिमाही के अनुकूल नतीजों और आर्थिक समीक्षा से वृद्धि तेज करने वाले बजट की उम्मीद से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 740.76 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,500.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.15 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 258.90 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,508.40 अंक पर बंद हुआ।

### एलएंडटी और टाटा कंज्यूमर को सबसे अधिक मुनाफा

कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स के 24 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 6 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। एनएसई में 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी में 44 शेयर हरे निशान और 6 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। बीएसई में लार्सन एंड टुब्रो का शेयर 4.31% का सबसे अधिक मुनाफे के साथ 3567.20 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। हालांकि, आईटीसी होटल्स का शेयर 2.98% टूटकर 164.65 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

## यामाहा दो प्रमुख मॉडल के दाम 1.1 लाख तक घटाए




**नई दिल्ली।** इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने प्रमुख मॉडल - आर3 और एमटी-03 की कीमतों में 1.10 लाख रुपये तक कटौती की है। कंपनी ने बताया कि नई कीमतें एक फरवरी, 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी ने बयान में कहा कि यामाहा आर3 की कीमत 3,59,900 रुपये और एमटी-03 की कीमत 3,49,900 रुपये (दिल्ली शोरूम) होगी। इंडिया यामाहा मोटर ने कहा कि प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कंपनी ने कहा, "मूल्य बदलाव के साथ यामाहा ने किफायती प्रीमियम मोटरसाइकिलों की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है जो प्रदर्शन, डिजायन और नवाचार पर खरी उतरती हैं। इंडिया यामाहा मोटर ने कहा, "इस रणनीतिक कदम से भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल खंड में यामाहा की पकड़ और मजबूत होने तथा बाइक शौकीनों का एक बड़ा वर्ग आकर्षित होने की उम्मीद है।

# एल्सटॉम का रेलवे से अनुबंध, 1,285 करोड़ रुपए में बनाएगी 17 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



फ्रांस की प्रसिद्ध लोकोमोटिव कंपनी एल्सटॉम और भारतीय रेलवे के साथ एक अहम साझेदारी हुई है। इस साझेदारी के तहत, एल्सटॉम को 17 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट के लिए 1,285 करोड़ रुपये का ट्रैक्शन कंपोनेंट और इलेक्ट्रिक उपकरणों की आपूर्ति करनी है। यह उपकरण भारतीय रेलवे की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री को सप्लाई किए जाएंगे, जो इन उपकरणों का उपयोग वंदे भारत ट्रेनों में करेंगे। यह साझेदारी भारतीय रेलवे के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

*अनुबंध में रखरखाव सेवाएं भी हैं शामिल : एल्सटॉम को केवल उपकरणों की आपूर्ति ही नहीं, बल्कि 5 साल तक इन उपकरणों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी दी गई है। इसमें सुधारात्मक रखरखाव के अलावा कुछ सहायक सेवाएं भी शामिल हैं और ये सभी सेवाएं भारतीय रेलवे के डिपो में दी जाएंगी। इन वंदे भारत ट्रेनों को 180 किमी/घंटा की अधिकतम गति से चलाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे यात्री यात्रा के दौरान आरामदायक अनुभव कर सकेंगे।*

### बजाज ऑटो पर लगा 10 करोड़ से अधिक का जीएसटी जुर्माना




**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उपकरण क्लस्टर के वर्गीकरण पर अलग-अलग जीएसटी से संबंधित मामले में कर प्राधिकरण ने उसपर 10 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना और ब्याज लगाया है। कंपनी ने कहा कि वह इसे कानूनी रूप से चुनौती देगी। बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि केंद्रीय माल एवं सेवा कर के संयुक्त आयुक्त, पुणे - II आयुक्तालय ने जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 की अवधि के लिए एचएसएन कोड 8708/8714 के तहत इंस्ट्रूमेंट्स क्लस्टर के वर्गीकरण की पुष्टि करते हुए एक आदेश पारित किया, जबकि कंपनी द्वारा 9029 का वर्गीकरण अपनाया गया था।

# भारत को 2030 तक 10 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता जोड़ने की जरूरत : सचिव

- भारत में वर्तमान में करीब 20 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने शुक्रवार को कहा कि भारत को आयात पर निर्भरता से बचने के लिए 2030 तक इस्पात निर्माण क्षमता में 10 करोड़ टन की वृद्धि का लक्ष्य रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर इस्पात की मांग में गिरावट और क्षमता से अधिक उत्पादन ने घरेलू उद्योग को प्रभावित किया है। अधिकारी ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय राजधानी में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि एक प्राथमिकता अधिक क्षमता सृजित करना है। भारत में वर्तमान में करीब 20 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता है। चालू वित्त वर्ष में इसमें लगभग दो करोड़ टन की वृद्धि की गई है।

### इस्पात निर्माण क्षमता 30 करोड़ टन करने का लक्ष्य

पौंड्रिक ने 'इस्पात क्षेत्र के नजरिये से 2047 में भारत के विकसित बनने' के विषय पर आयोजित सत्र में कहा, " इसलिए हमें अगले छह वर्षों में 10 करोड़ टन क्षमता और जोड़नी होगी। अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, तो हम मूल रूप से आयात पर निर्भर हो जाएंगे। राष्ट्रीय इस्पात नीति (एनएसपी) 2017 के अंतर्गत सरकार ने 2030 तक भारत की समग्र इस्पात विनिर्माण क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

## बैंकिंग, टैक्स, और वित्तीय बदलाव शामिल

# आज से बदलेंगे कई बड़े नियम, जेब पर पड़ेगा सीधा असर!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जनवरी का महीना खत्म हो चुका और आज से फरवरी माह की शुरुआत होने के साथ ही कई अहम बदलाव होने जा रहे हैं। आज फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट पेश करेंगी, वहीं कुछ नियमों में बदलाव भी देखने को मिलेगा। ये बदलाव सीधे आम आदमी की जेब और रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करेंगे। इनमें एलपीजी सिलेंडर की कीमतों से लेकर यूपीआई और बैंकिंग नियमों तक कई अहम बदलाव शामिल हैं।

### एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव


हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा की जाती है। सरकारी तेल कंपनियां बाजार के अनुसार घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बदलाव करती हैं। जनवरी में कमर्शियल सिलेंडर की कीमतें घटी थीं, लेकिन 1 फरवरी को फिर से दाम बढ़ या घट सकते हैं। इससे घरेलू उपभोक्ताओं और व्यवसायों पर सीधा असर पड़ेगा।

### बैंकिंग नियमों में बदलाव




कोटक महिंद्रा बैंक अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग सेवाओं और शुल्क से जुड़े कुछ बदलाव करने जा रहा है। 1 फरवरी से लागू होने वाले इन बदलावों में फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन लिमिट और अन्य बैंकिंग सुविधाओं की फीस में संशोधन शामिल हो सकता है। ऐसे में जिनका खाता इस बैंक में है, उन्हें नए नियमों की जानकारी रखना जरूरी होगा।

### एयर टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में बदलाव



फ्लाइट से सफर करने वाले यात्रियों के लिए यह खबर महत्वपूर्ण है। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एयर टर्बाइन फ्यूल की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 फरवरी से इन कीमतों में बदलाव हो सकता है, जिसका असर विमान किराए पर पड़ सकता है। अगर ईंधन की कीमतें बढ़ती हैं, तो हवाई सफर महंगा हो सकता है।




### यूपीआई लेनदेन के नए नियम

यूपीआई ट्रांजेक्शन को लेकर भी 1 फरवरी से नए नियम लागू होने जा रहे हैं। एनपीसीआई नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें कुछ यूपीआई लेनदेन को ब्लॉक करने की बात कही गई है। इसके अलावा, जिन यूपीआई आईडी में विशेष कैरेक्टर (स्पेशल कैरेक्टर्स) होंगे, उनसे ट्रांजैक्शन संभव नहीं होगा। डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल करने वालों को इस बदलाव से सतर्क रहना चाहिए।

# चीनी मिल्स को मिलेगी इथेनॉल पंप स्थापित करने की अनुमति केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा

एजेंसी ⏭ मुंबई

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि चीनी मिल्स को जल्द ही इथेनॉल पंप स्थापित करने की अनुमति दी जाएगी। इससे लोगों को जैव ईंधन आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। यह इथेनॉल उत्पादन और उपयोग का विस्तार करने के लिए सरकार की ओर से उठाया जा रहा बड़ा कदम है। इससे देश में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से संचालित वाहनों को बढ़ावा मिलेगा और संचालन लागत और प्रदूषण कम होगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने खुलासा किया कि दिसंबर, 2024 तक इथेनॉल मिश्रण पहले ही 19 फीसदी से अधिक हो गया था।



*चीनी उद्योग की हिस्सेदारी बढ़ाने की बनाई योजना : शुगर-इथेनॉल और बायोएनर्जी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2025 में बोलते हुए गडकरी ने कृषि सकल घरेलू उत्पाद में चीनी उद्योग की हिस्सेदारी 1-1.5 से बढ़ाकर 3 फीसदी बढ़ाने की योजना की रूपरेखा तैयार की।*

# माँ बगलामुखी माता का भव्य-दिव्य 25वां पाटोत्सव मनाया गया



**जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर, स्थित अनन्त श्रीविभूषित पूज्यपाद् ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज द्वारा स्थापित भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता जी का भव्य-दिव्य पाटोत्सव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज के परम सानिध्य में माघ शुक्ल द्वितीया 31 जनवरी 2025, दिन शुक्रवार को मनाया गया। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान कराने वाली देवी हैं भगवती बगलामुखी माता भक्तों का कल्याण करती हैं और शत्रुओं से उनकी रक्षा करती हैं। भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता के भव्य-दिव्य पाटोत्सव क्रम में प्रातःकाल मंगल आरती के बाद सर्वप्रथम माँ भगवती का श्रृंगार, पूजन एवं कमल के पुष्पों से भगवती का सहस्त्रार्चन किया गया। तत्पश्चात मध्यान्ह 12:00 बजे भगवती की भव्य शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज थाना, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, श्री राम मंदिर , सिविक सेंटर होते हुए पुनः श्री बगलामुखी मंदिर प्रांगण में पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ। उसके उपरान्त माँ पीतांबरा का महाप्रसाद (भण्डारा) वितरित किया गया। रात्रि में माँ भगवती पीतांबरा बगलामुखी माता जी के सहस्त्र नामों से लड्डुओं एवं द्राक्षा से सहस्त्रार्चन, विशेष पूजन एवं पंच-महाआरती रात्रि 8:00 बजे की गई। सभी भक्तों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया व अपने इस बहुमूल्य मानव जीवन को कृतार्थ किया। कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य राजेन्द्र शास्त्री, आचार्य नर्मदा प्रसाद शर्मा, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक नीरज सिंह, अमरीश मिश्रा, रत्नेश सोनकर, विनय सक्सेना, विवेक शर्मा, भारत सिंह यादव, मनोज सेन, लेखराज सिंह, अखिलेश जैन, सुधांशु गुप्ता, पंकज दुबे, लालू श्रीवास्तव, नीता बालकृष्ण पटेल, श्याम चौराहा, मनीष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# प्राचार्य और शिक्षक कम छात्र उपस्थिति पर दें ध्यान : जिला शिक्षा अधिकारी

## डी.ई.ओ. सोनी ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण



**जबलपुर।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी के द्वारा लगातार विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। आज इसी कड़ी में शहर के शास. कन्या उमावि ब्योहारबाग विद्यालय जबलपुर, शास. हाईस्कूल बेलबाग, शास. उमावि घमापुर एवं सीएम राइज विद्यालय करोंदी ग्राम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शा. कन्या उमावि ब्योहारबाग विद्यालय जबलपुर में अनेक अनियमितताएं देखने को मिलीं, विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिका समय पर विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। विद्यालय में छात्र उपस्थिति कम थी। विद्यालय की श्रीमती नीलू खरे व्याख्याता, सरिता तिवारी उमाशि, अवध किशोर खरे, श्रीमती रेंचल बेन्जामिल सहायक शिक्षक, व्यावसायिक शिक्षक श्रीमती सुरेख कोरी, अतिथि शिक्षक श्रीमती कंचन चौधरी विद्यालय में शाला समय से विलंब से उपस्थित हुईं।

निरीक्षण के दौरान शासकीय हाईस्कूल बेलबाग में शाला की प्राचार्य ज्योति राव अनुपस्थित थीं, शाला की प्यून सीमा मेहरा भी अनुपस्थित पाई गयीं। विद्यालय के शिक्षक गाइड से पढ़ा रहे थे जिस पर डीईओ के द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई। विद्यालय में छात्र उपस्थिति कम थी, पढ़ाई का स्तर संतोषजनक नहीं था। निरीक्षण के दौरान शास. उमावि घमापुर विद्यालय जबलपुर में छात्र उपस्थिति कम थी, विद्यालय में कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान देखा गया कि विद्यालय में पढ़ाई का स्तर संतोषजनक नहीं था। सीएम राइज विद्यालय करोंदी ग्राम के निरीक्षण के दौरान विद्यालय व्यवस्थित पाया गया, विद्यालय में सभी छात्रायें विधिवत अध्ययनरत थीं। सभी शिक्षक भी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में पाई गयी अनियमितताओं पर प्राचार्य तथा संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजे जायेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने जिले के सभी प्राचार्य को निर्देश दिए हैं कि 03 फरवरी से कक्षा 9 एवं 11 की परीक्षाएं, प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षा की गोपनीय सामग्री सभी सुरक्षा प्रबंधों के साथ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त कर थाने में रखें। परीक्षा दिवसों में गोपनीय सामग्री की हैंडलिंग प्राचार्य स्वयं करें, कोई लापरवाही नहीं हो। परीक्षा गोपनीयता एवं सुचिता का ध्यान रखा जावे, लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। उत्तर पुस्तिकाएं समय पर संकलन केंद्र पर जमा हों। संकलन केंद्र प्रभारी संकलन एवं मूल्यांकन की व्यवस्था ठीक से करें ताकि, मूल्यांकन शीघ्र प्रारंभ हो।

# कला क्राफ्ट विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया



**जबलपुर।** लिटिल कृष्णा एवं श्रीकृष्णा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोराबाजार के संयुक्त प्रांगण में गत दिवस केण्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं श्रीमती संध्या कनोजिया आरोग्यम भारतीय स्कूल की संचालिका के विशिष्ट आतिथ्य एवं कृष्णा शिक्षा समिति के सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में कला क्राफ्ट विज्ञान प्रदर्शनी संपन्न हुई, इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक बच्चों ने अपनी रचनात्मकता, कला, क्राफ्ट एवं वैज्ञानिकता को मॉडल के द्वारा बड़े ही आकर्षक ढंग से अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया, इस आयोजन में सौरभ कुशवाहा, अनामिका लखेरा, अल्का मैडम का मुख्य सहयोग एवं मार्गदर्शन के चलते बच्चों में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सबका मन मोहित कर दिया, आयोजन में शाला कार्यक्रम प्रभारी किरण सोनी मैम, विष्णु पटेल, अनिता वर्मा, आरती स्वामी, वंदना राजपूत मैम, रीता ठाकुर, अनिता पटेल एवं देवेन्द्र पटेल का विशेष सहयोग रहा।

# कुंडलपुर नगरी में हुआ ध्वज दंड रोपण

## पंचकल्याणक महोत्सव कल से, आज होगी हर्षवर्धन जैन की सभा



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में 02 फरवरी से श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का 6 दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ होने जा रहा है जिसके लिए कार्यक्रम स्थल राईट टाऊन गोल बाजार में भव्य एवं मनोहारी कुंडलपुर नगरी बनाई गई है। जहां शुक्रवार को विधि विधान पूर्वक ध्वजदंड रोपण की विधि सम्पन्न हुई और विशाल जनसमुदाय के बीच ध्वजदंड का रोपण किया गया, जिसका सौभाग्य श्रीमती ज्योति नरेंद्र कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ।कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में बड़ा फुहारा स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय में श्री पंच बालयति विधान का आयोजन किया गया जिसमें नगर गौरव पंडित अभयकुमार शास्त्री देवलाली, पं. राजेंद्रकुमार जैन, ब्रह्मचारी श्रेणिक जैन, डॉ. मनोज जैन, विराग शास्त्री, अनुभव मंगलार्थी, अभिनव शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रावकगणों ने धर्माराधना की। विधान के पश्चात सकल समाज मंगलगान के साथ गोल बाजार स्थित कुंडलपुर नगरी पहुंचा जहां माता-पिता श्रीमती ममता विमल जैन, सौधर्म इंद्र- इंद्राणी श्रीमती सीमा योगेश जैन, महायज्ञ नायक- नायिका श्वेता संजय जैन, कुबेर इंद्र- इंद्राणी सोनल सुनील जैन सहित प्रतिष्ठाचार्य पंडित राजनीभाई दोशी हिम्मतनगर, भूपेंद्र शास्त्री विदिशा, अशोक जैन उज्जैन, मंडल अध्यक्ष अशोक जैन, फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन के साथ महोत्सव समिति उपस्थित रही, सभी की उपस्थिति में महोत्सव स्थल का शुद्धिकरण सहित अन्य गतिविधियां सम्पन्न कराई गईं।



# रेलवे स्काउट के लीडर्स कुंभ मेला भीड़ को कर रहे नियंत्रित

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट एवं गाइड के लीडर्स कुंभ मेला भीड़ को सतना, कटनी, मैहर स्टेशनों पर नियंत्रित करने का कार्य कर रहे हैं। प्रयागराज से वापसी में मैहर स्टेशन में अत्याधिक भीड़ हो जाती है, इसी को व्यवस्थित तरीके से चढ़ने-उतरने में यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसी प्रकार का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य का मार्गदर्शन जबलपुर मंडल के रेल अधिकारी सुनील टेलर, अपर मंडल रेल प्रबंध सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती राजश्री द्विवेदी, मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजी. सचिपति नंदन, सहायक कार्मिक अधिकारी कल्याण द्वारा किया जा रहा है।

# एड. आकाश शर्मा गवर्निंग बॉडी में सदस्य नियुक्त किए गए



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु (वाइस चांसलर) ने कुलसचिव और उपकुलसचिव की सहमति द्वारा महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी प्रदान करते हुए युवा समाजसेवी अधिवक्ता आकाश शर्मा को शासी निकाय (गवर्निंग बॉडी) में सदस्य नियुक्त किया है, संत मोनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर के संदर्भ में यह आदेश जारी किया गया, उपरोक्त विषय के संदर्भ में कॉलेज कोड 28 के पैरा पार्ट III के 7 (i) c के अंतर्गत शासी निकाय के नाम कुलगुरु (वाइस चांसलर) द्वारा दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति प्रदान की गई है, आप एड. आकाश शर्मा अंतरराष्ट्रीय पहलवान, पप्पू पहलवान के सुपुत्र हैं ।

## एम.पी. ट्रांसको ने सुदृढ़ किया औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में विद्युत पारेषण व्यवस्था को

# 200 एमव्ही क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



**जबलपुर।** एम.पी. ट्रांसको (म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने इंदौर के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित 220 के.व्ही. सबस्टेशन पीथमपुर सेक्टर-III में एक 200 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया है। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि पीथमपुर क्षेत्र के लिये भविष्य में औद्योगिक उपभोक्ताओं की विद्युत की बढ़ती जरूरत और पारेषण विश्वसनीयता के मद्देनजर एम.पी. ट्रांसको ने सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि करते हुए इस पावर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। यह पीथमपुर क्षेत्र का पहला 200 एम.व्ही.ए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि लगभग 20.5 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की पारेषण क्षमता को सुदृढ़ता प्रदान हुई है, जिससे इस सबस्टेशन से जुड़े अनेक औद्योगिक विद्युत उपभोक्ताओं को काफी फायदा पहुंचेगा, अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति अतिरिक्त. क्षमता के साथ उपलब्ध रहेगी। इस ट्रांसफार्मर के स्थापित हो जाने से पीथमपुर सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 819 एम.व्ही.ए. हो गई है। ऊर्जा मंत्री ने इस सफलता के लिए एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है।



# लार्डगंज थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध और पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध, अवैध नशे के कारोबार और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ आज नागरिकों ने एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल के नेतृत्व में थाने का घेराव कर पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गांजा और शराब की अवैध बिक्री खुलेआम हो रही है, जिससे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ रहा है। देवकी पटेल ने कहा कि इस अवैध कारोबार के कारण महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है और युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ रही है। पुलिस प्रशासन अपराधियों पर कार्रवाई करने की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है और कुछ पुलिस कर्मी अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, मोना कौरव, विवेक अवस्थी, नीलेश जैन, पंकज पांडे, राजेश यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# जबलपुर में बढ़ते अपराधों को लेकर ज्ञापन सौंपा

जबलपुर। भारतीय सर्वजनजाति सेना द्वारा ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया गया जिसमें जबलपुर जिले में बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त की गई, आये दिन अखबारों में आपराधिक मामले प्रकाशित हो रहे हैं, शराब पीने के लिए रूपये नहीं देने पर चाकूबाजी की घटनाएँ, चेन स्नेचिंग, स्कूली छात्राओं, युवतियों, महिलाओं के साथ अभद्र छेड़छाड़ जैसी निंदनीय घटनाएँ आये दिन हो रही हैं। अभी हाल ही में जुआ खिलाने वाले माफियाओं द्वारा पाटन टिमरी में एक ही परिवार के चार युवकों की सरेआम दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट कर निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना ने सभी को उद्वेलित कर दिया। वहीं पाटन थाना के अंतर्गत ग्राम पौड़ी खुर्द में रघुनाथ मरावी की चालीस बकरी चराने जंगल में गये आदिवासी की बकरी चोरी कर हत्या कर दी गई, जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं है, जो कि पुलिस नाकामयाबी को दर्शाता है। जिला जबलपुर में ग्राम पंचायत मंगेली में ग्राम मानेगांव बरगी में क्रेशर की ब्लास्टिंग से स्कूल जर्जर अवस्था में पहुँच गया है। स्कूल की छत टूट-टूट कर गिर रही है। स्कूल की दीवारें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। स्कूल को पाँचवीं कक्षा से बढ़ाकर आठवीं, दसवीं, बारहवीं तक किया जाये, जिससे आदिवासी छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल हो सके। ज्ञापन सौंपने में भारतीय सर्वजनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र कुमार कुलस्ते, राष्ट्रीय महासचिव शैलेश सिंह, विनोद कोल, आकाश यादव, राजेश प्रजापति, राजेश कोरी, दस्सी सल्लाम, हेमंत ठाकुर, हिमसागर मरकाम आदि उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति दिनांक से दिया जाए पूर्ण वेतन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला सचिव एनोस विक्टर ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवनियुक्त कर्मचारियों को स्टायफंड व्यवस्था लागू की गई है, परन्तु बड़ी चालाकी से अधिकारियों को इसके अंतर्गत नहीं रखा गया जो की वित्त विभाग की दोहरी नीति को प्रदर्शित करता है। इस व्यवस्था के तहत नवनियुक्त तृतीय और चतुर्थ श्रेणी, अल्पवेतन भोगी कर्मचारियों के लिए स्टाइफंड वेतन व्यवस्था लागू है, जबकि केंद्र तथा अन्य राज्यों में वर्तमान में पूर्ण वेतन प्रतिमाह नियमानुसार दिए जाने का प्रावधान है, सिर्फ मध्य प्रदेश में यह व्यवस्था लागू की गई है जो की पूर्णतः अनुचित है। संघ के एनोस विक्टर, रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, गुडविन चाल्स, राजेश सहारिया, दिनेश गोंड आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है।

# मध्य एण्डोक्राइन सोसायटी की तीसरी वार्षिक संगोष्ठी आज से



**जबलपुर।** मध्य एण्डोक्राइन सोसायटी की तीसरी वार्षिक संगोष्ठी जबलपुर में 01 एवं 02 फरवरी को आयोजित की गई है। इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्तर के मध्यप्रदेश एवं देश के अन्य प्रदेशों से आए हुए एण्डोक्राइनोलॉजिस्ट भाग लेंगे एवं अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे तथा उपस्थित चिकित्सकों से अपने व्याख्यान संबंधित विचारों का आदान-प्रदान भी करेंगे। एण्डोक्राइन तंत्र शरीर के सभी हिस्सों को प्रभावित करता है, इसमें डायबिटीज एवं डायरॉइड के विकरों के अलावा मोटापा, लम्बाई का कम या ज्यादा बढ़ना, किशोरावस्था के परिवर्तन देर से या जल्दी आना, महिलाओं एवं पुरुषों में हार्मोन में सामंजस्य न होने के कारण निःसंतानता, महिलाओं में अवांछित बालों का आना, पुरुषों मुें स्तनों का विकास होना, हड्डियों का समय से पहले अत्याधिक कमजोर होना, बार-बार पथरी का बनना, पैराथाइरॉइड ग्रोथ के विकास का नतीजा हो सकता है, ऐसी सभी बीमारियों का निदान एवं उपचार एण्डोक्राइन विशेषज्ञ करते हैं।

# चाँद दिखा, शबे बारात 13 फरवरी को

**जबलपुर।** मुफ़्ती ए आजम मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी के अनुसार 30 जनवरी जुमेरात मुताबिक 29 रज्ब को शाबानुल मोअज्जम (शबे बारात) का चांद नज़र आ गया है। लिहाजा 31 जनवरी को माहे शाबानुल मोअज्जम की पहली तारीख थी। आगामी 13 फरवरी जुमेरात को शबे बारात मनाई जाएगी।प्रशासन से अपील-मुस्लिम समाज के प्रमुख हाजी कदीर सोनी, हाजी मकबूल रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी, पप्पू वसीम खान, हाजी मुईन खान, जमा खान, याकूब अंसारी, आमीन कुरैशी, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर कादरी, अकबर खान सरवर, शमीम अंसारी गुडडू, अशरफ़ मंसूरी आदि ने शबे बारात के मौक़े पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों व खास तौर पे मस्जिद व कब्रस्थान के पास साफ सफाई जल आपूर्ति एवं विद्युत प्रवाह निर्बाध रूप जारी रखने की अपील की है।



**नाम परिवर्तन**

मैं आशिका राठौर पिता स्व. राकेश राठौर निवासी 132 ललित कालौनी नेहरू वार्ड सिविल लाईन जबलपुर म.प्र. कथन करती हूँ कि मेरे बैंक पासबुक में मेरा नाम आसना राठौर पिता राकेश राठौर लिखा है जिसे मैने बदलकर आशिका राठौर पिता राकेश राठौर कर लिया है।

अत: मुझे आशिका राठौर पिता राकेश राठौर नाम से जाना व लिख जावे।

पूर्व नाम -आसना राठौर
पिता-राकेश राठौर
परिवर्तित नाम-आशिका राठौर
पिता-राकेश राठौर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1556/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमति भूपेन्द्र सिंह चौहान पिता/पति रघुबीर सिंह चौहान निवासी 166/3 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड टेमर जबलपुर द्वारा ग्राम टेमर प.ह.नं. 11 न.ब.- ख. नं. 245/1 रकबा 0.211 हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/वसीयतनामा/ सहमति पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 31/01/2025 को जारी।

जारी दिनांक 31/01/2025
पेशी दिनांक 15/02/2025

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रांझी एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.:3011/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 22.01.2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति सीमा भल्ला पति श्री अनिल भल्ला, निवासी-2386, बेदीनगर, मदन महल वार्ड, जबलपुर के द्वारा ग्राम गढ़ा नं.बं. 599 प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. गढ़ा तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर में स्थित भूमि डायवर्सन खसरा नं. 539/3घ, 540, 541/1-2, 542/1घ एवं पटवारी अभिलेखानुसार खसरा नं. 539/3/6, 539/3च, 541/7, 541/1ड रकबा 1500 वर्गफुट भूमि पर पंजीकृत विक्रय-पत्र दिनांक 01/08/2023 के माध्यम क्रय किये जाने के उपरांत राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र पेश किया गया है।

उपरोक्त आवेदित भूमि अनावेदकगणों को उनके पिता कृष्ण कुमार खन्ना पिता स्व. रामलाल खन्ना के माध्यम से वारसान हक में प्राप्त होना बताया गया है तथा उक्त भूमि राजस्व पटवारी अभिलेख खसरा नं. 539/3/6, 539/3च, 541/7, 541/1ड रकबा 1500 वर्गफुट रामलाल पिता जगतराम खन्ना का नाम बतौर भूमिस्वामी के दर्ज है तथा अनावेदकगणों के द्वारा उक्त भूमि रामलाल खन्ना पिता गनपतराय खन्ना की होने का दावा किया गया है, उक्त संबंध में अथवा नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 06/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 22/01/2025 को इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक :22/01/2025
पेशी दिनांक :06/02/2025

मुहर तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

# कुंभ स्नान का आंकड़ा 31 करोड़ के पार, 4 एसपी व 3 एएसपी भेजे गए प्रयागराज
# बसंत पंचमी पर सतर्क सरकार, आयोग के सवालों के जवाब नहीं दे पाए अधिकारी


बुधवार को महाकुंभ की मैक्सर टेक्नॉलाजी द्वारा उपग्रह से खींची गई तस्वीर जिसमें संगम तट पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करते दिखाई दे रहे

महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद योगी सरकार बसंत पंचमी को होने वाले स्नान के लिए सतर्क हो गई। शुक्रवार को प्रदेश सरकार ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए 4 एसपी और 3 एएसपी को महाकुंभ के लिए प्रयागराज भेज दिया है। इन अफसरों में दीपेंद्र नाथ चौधरी, लक्ष्मीनिवास मिश्र, राज धारी चौरसिया और श्रवण कुमार सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह और प्रवीण कुमार यादव को भी महाकुंभ भेजा गया है

*सीएम योगी ने शुक्रवार को अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण किया*

*1 और 4 फरवरी को वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं रहेगा*

एजेंसी ⏭ महाकुंभनगर (प्रयागराज)

महाकुंभ के 19वें दिन शुक्रवार को शाम 4 बजे तक 1.58 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक यह आंकड़ा 31 करोड़ को पार कर गया है। महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद योगी सरकार बसंत पंचमी को होने वाले स्नान के लिए सतर्क हो गई। शुक्रवार को प्रदेश सरकार ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए 4 एसपी और 3 एएसपी को महाकुंभ के लिए प्रयागराज भेज दिया है। इन अफसरों में दीपेंद्र नाथ चौधरी, लक्ष्मीनिवास मिश्र, राज धारी चौरसिया और श्रवण कुमार सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह और प्रवीण कुमार यादव को भी महाकुंभ भेजा गया है।

### 2 और 3 फरवरी को वाहनों का प्रवेश बैन

*डीएम प्रयागराज रवींद्र कुमार मंदार ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर 4 फरवरी तक प्रयागराज में वाहन प्रवेश प्रतिबंध का दावा करने वाली खबर पूरी तरह से निराधार है। 1 फरवरी और 4 फरवरी को किसी भी तरह से वाहन पर प्रतिबंध नहीं रहेगा। 2 और 3 फरवरी को वसंत पंचमी के स्नान पर लागू डायवर्जन स्कीम लागू होगी।*

### अनुभवी अधिकारी संगम नोज में तैनात

*इसके पहले, प्रयागराज महाकुंभ में दर्दनाक हादसे के बाद सरकार ने 5 और अनुभवी अधिकारियों की टोली संगम नोज में तैनात की थी। इनमें एक आईएएस व चार पीसीएस अधिकारी शामिल थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण किया, जिसमें राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी और सरयू के घाट का जायजा लिया। महाकुंभ के पहले और बाद में श्रद्धालुओं की लगातार अयोध्या में बढ़ती संख्या देखी जा रही है।*

## न्यायिक आयोग ने दागे 4 सवाल



यूपी सरकार द्वारा महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे प्रयागराज पहुंचा। सर्किट हाउस में न्यायिक आयोग के तीनों सदस्यों ने बैठक की। सूत्रों ने बताया कि मेला से जुड़े अधिकारी आयोग के चार सवालों का सही से जवाब तक नहीं दे पाए। सभी अधिकारी अपने कामों की वाहवाही करने में ही जुटे थे। आयोग ने कहा कि अगर सब ठीक था तो भगदड़ कैसे हुई? आयोग ने 4 सवाल दागे। पहला, जब आपको पता था कि इतनी ज्यादा संख्या में भीड़ आने वाली है तो सुरक्षा के इंतजाम क्या किए थे? दूसरा, यह घटना संगम क्षेत्र के अलावा और कहां-कहां हुई? तीसरा, मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहे हैं, उनकी क्या हकीकत है? क्या झूंसी में भी कोई घटना हुई है? और चौथा सभी घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज दिखाइए।

### वाराणसी में 5 फरवरी तक बंद रहेगी गंगा आरती

*वाराणसी। महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वाराणसी के घाटों पर होने वाली गंगा आरती को आम लोगों के लिए पांच फरवरी तक बंद रखने का फैसला किया गया है। आरती आयोजन समिति की तरफ से यह जानकारी दी गयी। वाराणसी पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) ने काशीवासियों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर ना निकलने और श्रद्धालुओं का सहयोग करने की अपील की है।*

### पीएम मोदी 5 फरवरी को आएंगे महाकुंभ

पीएम नरेंद्र मोदी 5 घंटे तक प्रयागराज में रहेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ एयरपोर्ट पर पीएम मोदी की अगवानी करेंगे।



पीएम मोदी गंगा स्नान करने के लिए निषादराज क्रूट से संगम पहुंचेंगे। सेक्टर 6 में लगाए गए स्टेट पवेलियन का अवलोकन करेंगे।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज आएंगे

महाकुंभ में आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ परिवार सहित आएंगे। वो करीब तीन घंटे तक संगम नगरी में रहेंगे। उपराष्ट्रपति बमरौली एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से अरेल के डीपीएस हेलीपैड पहुंचेंगे।

### किन्नर महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण निष्कासित





खुद को किन्नर अखाड़ा के संस्थापक बताने वाले ऋषि अजय दास ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि मैंने लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी और अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। ममता को महामंडलेश्वर बनाने में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उन्होंने लेटर जारी कर कहा कि 2015-16 उज्जैन कुंभ में मैंने किन्नर अखाड़े लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर बनाया था। अब उन्हें किन्नर अखाड़ा के पद से मुक्त करता हूं।

## खबर संक्षेप

### उत्तरकाशी में भूकंप, 6 दिन में 9 बार आया

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार सुबह तकरीबन 9:29 पर फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जबकि



गुरुवार शाम लगभग 7:30 बजे भी उत्तरकाशी जिले में ही भूकंप के झटके महसूस हुए थे। 6 दिन के अंदर नौ बार धरती डोलने से लोग डरे-सहमे है। किसी भी घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। भूकंप का केंद्र जिले का बड़कोट क्षेत्र रहा है।
जिसकी तीव्रता धरती से पांच किमी अंदर रिक्टर स्केल पर 2.07 आंकी गई। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग दहशत में आ गए।

### डीओजीई के ऑफिस में मस्क ने बनाया बेडरूम

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) विभाग का गठन किया है। इसके




सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार मस्क वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस से कुछ दूर बने आइसेनहोवर एग्जीक्यूटिव ऑफिस बिल्डिंग में डीओजीई के मुख्यालय में ही निवास कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि मुख्यालय में रहकर मस्क ने काम के प्रति अपने समर्पण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

## खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर पांच साल का बैन

केंद्र सरकार का ट्रिब्यूनल कोर्ट में बड़ा दावा

# ईसाई, तमिल और मुसलमानों को उकसाने में लगा एसएफजे का पन्नू



*केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी 290 पेज के एक ट्रिब्यूनल आदेश में कहा गया है कि अल्पसंख्यक समुदायों को अन्य समुदायों के खिलाफ भड़काकर सांप्रदायिक आधार पर लोगों को विभाजित करना एसएफजे के लिए अपने भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक प्रमुख उपकरण बन गया है*

भारतीय मुसलमानों को अलग 'उर्दूस्तान' बनाने के लिए प्रेरित कर रहा

एसएफजे कार्यकर्ताओं व समर्थकों के खिलाफ करीब 104 मामले दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) पर पांच साल के बैन को दिल्ली हाई कोर्ट के ट्रिब्यूनल ने मंजूरी दे दी है। इस संगठन पर गृह मंत्रालय ने बैन लगाया था। इसको ट्रिब्यूनल ने एकदम सही माना है। सुरक्षा एजेंसियों ने अपने नोट में बताया है कि एसएफजे मणिपुर में ईसाइयों, मुसलमानों और तमिलों को उकसाने में लगा है और अलगाववाद को बढ़ावा दे रहा है। एजेंसियों के तरफ से तैयार ये नोट केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से बुधवार को जारी 290 पेज के एक ट्रिब्यूनल आदेश का हिस्सा था। इस नोट में कहा गया है कि इसके अलावा हिंसा प्रभावित मणिपुर में भी एसएफजे की नापाक कोशिशों की बात सामने आई है। एसएफजे ने ईसाइयों और मुसलमानों को यहां उकसाया था।

उसने कुकी समाज के लोगों को उकसाया, जिनमें ज्यादातर लोग ईसाई हैं। इसके अलावा मैतेई समुदाय के उन लोगों को भी उकसाया, जो मुस्लिम हैं। इन्हें पंगल कहा जाता है। बता दें कि सिख फॉर जस्टिस पर जुलाई 2020 में बैन लगाया गया था। केंद्र मंत्रालय ने दावा किया कि प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस ने आतंकवादी गतिविधियों की भी प्लानिंग की थी। इस संगठन और इसके अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और एनएसए अजीत डोभाल को धमकियां देना शामिल है।

एसएफजे ने विदेश में पढ़ रहे पुलिस अधिकारियों व नेताओं के बच्चों की एक सूची तैयार की

### पाकिस्तान का समर्थन मिलना जारी

*मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, खुफिया एजेंसी के इस नोट में यह भी कहा गया है कि एसएफजे सेना और पुलिस बलों में सिख कर्मियों को भी भगाने के लिए उकसाता रहा है। सिख फॉर जस्टिस गैंगस्टर्स, आतंकियों और कश्मीरी अलगाववादियो समेत बाकी कट्टरपंथी तत्वों के साथ सांठगांठ करता रहा है। इतना ही नहीं एसएफजे को पाकिस्तान से समर्थन मिलना जारी ही है। एसएफजे कार्यकर्ताओं या समर्थकों के खिलाफ लगभग 104 मामले दर्ज किए गए हैं।*

### मणिपुर हिंसा में कई लोगों की जान गई

*सरकार ने कहा कि एसएफजे ने पुलिस अधिकारियों और नेताओं के बच्चों की एक सूची तैयार की है जो विदेश में पढ़ रहे हैं। सरकार ने कहा कि अगर उसके कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जाता है तो उन्हें सौदेबाजी के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। बता दें कि मणिपुर में हुई हिंसा में अब तक 250 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और 50000 से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है।*

### किसान संगठनों को भड़काया

नोट में यह भी कहा गया है कि अल्पसंख्यक समुदायों को अन्य समुदायों के खिलाफ भड़काकर सांप्रदायिक आधार पर लोगों को विभाजित करना एसएफजे के लिए अपने भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक प्रमुख उपकरण बन गया है। एसएफजे मणिपुर में ईसाई समुदाय को 'अलग देश' के लिए आवाज उठाने के लिए उकसा रहा है, तमिलनाडु के लोगों को 'द्रविड़स्तान' के झंडे उठाने के लिए उकसा रहा है और 'अल्पसंख्यक उत्पीड़न' का हौवा खड़ा करके मुस्लिम भावनाओं को भड़का रहा है और भारत के मुसलमानों को एक अलग 'उर्दूस्तान' बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।' यही नहीं इस संगठन ने दलितों को भी उकसाया और कहा कि भारत की सरकार उनका उत्पीड़न कर रही है। इसलिए उन्हें अलग देश की मांग का समर्थन करना चाहिए। केंद्र सरकार का कहना है कि इस संगठन ने पंजाब और हरियाणा के किसानों को कृषि बिलों के खिलाफ भड़काने की भी कोशिश की थी।

## ब्रिक्स के देशों को ट्रंप की धमकी

# डॉलर को स्वीकार करें वरना निर्यात पर 100 फीसदी शुल्क

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन



डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को डी-डॉलराइजेशन के खिलाफ अपना रुख स्पष्ट करते हुए ब्रिक्स देशों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ब्रिक्स ने वैश्विक व्यापार में मुख्य मुद्रा के रूप में अमेरिकी डॉलर को हटाने की कोशिश की तो उनके निर्यात पर 100 फीसदी शुल्क लगा दिया जाएगा।

यह पहली बार नहीं है जब राष्ट्रपति ट्रंप ने इस तरह की चेतावनी दी। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने के कुछ सप्ताह बाद 30 नवंबर को उन्होंने यही धमकी दी थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार कहा कि ब्रिक्स देशों को वैश्विक व्यापार में अमेरिकी डॉलर की भूमिका को स्वीकार करना होगा या फिर आर्थिक नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

### डॉलर की जगह लेने की संभावना नहीं

*ट्रंप ने पोस्ट में लिखा कि वे किसी दूसरे बेवकूफ देश को खोज सकते हैं। इस बात की कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में या कहीं और अमेरिकी डॉलर की जगह ले लेगा, और जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा, उसे टैरिफ को नमस्ते और अमेरिका को अलविदा कहना चाहिए।*

## सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे

# विज के तेवरों से बैकफुट पर सैनी सरकार, कलेक्टर गुप्ता को हटाया

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले हरियाणा के सबसे



वरिष्ठ मंत्री अनिल विज के तेवरों से नायब सैनी सरकार बैकफुट पर आ गई है। शुक्रवार को सरकार ने अंबाला के डीसी (कलेक्टर) पार्थ गुप्ता को हटाकर उनकी जगह अजय सिंह तोमर को जिम्मेदारी सौंपी है।

### मुझे हराने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई नहीं

*मंत्री अनिल विज ने एक बार फिर सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लोगों ने मुझे चुनाव हराने की कोशिश की थी लेकिन इतने दिन बीतने के बाद भी उन लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। चुनाव के दौरान मुझ पर हमला करवाया गया, मरवाने की कोशिश की गई। पहले मुझे शक था कि कोई बड़ा नेता इसके पीछे है लेकिन अब विश्वास है कि इस साजिश के पीछे कोई बड़ा नेता ही है।*

# नीतीश व नायडू का लेंगी सहारा समर्थन देने के लिए लिखी चिट्ठी

## वक्फ संशोधन बिल रोकेंगी महबूबा मुफ्ती?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। इस सत्र में बजट के साथ-साथ कई लंबित विधेयक भी पास होने हैं। इसमें 'वक्फ संशोधन बिल' भी शामिल है।

इस बिल पर चर्चा के लिए बनाई गई जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी (जेपीसी) ने भी एक दिन पहले अपनी रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को सौंप दी है।

यानी साफ है कि केन्द्र सरकार हर हाल में इसी सत्र में इसे पास कराना चाहती है। ऐसे में जम्मू और




कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की चीफ महबूबा मुफ्ती ने एक नया पैंतरा चला है।

उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार को समर्थन दे रहे नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से इस बिल को रोकने का निवेदन किया है। महबूबा मुफ्ती ने इन दोनों नेताओं के नाम एक खत लिखा है।

### जेडीयू और टीडीपी के पास कुल 28 सीटें

नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी वर्तमान में केंद्र की एनडीए सरकार में शामिल है। भाजपा के बाद यही दो बड़ी पार्टियां है। इन दोनों पार्टियों के पास कुल 28 सीटें हैं। भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत नहीं ला सकी थी। ऐसे में सदन में इन दोनों दलों की रजामंदी के बिना भाजपा कोई भी बिल पास नहीं करा सकती। फिर, यह दोनों नेता सेक्युलर छवि वाले हैं। इन दोनों नेताओं के दल को मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा समर्थन हासिल है।

## भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने रचा इतिहास

# 9वीं बार किया स्पेसवॉक, साढ़े पांच घंटे बाहर रहीं

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर गुरुवार शाम भारतीय समय के मुताबिक 6 बजकर 30 मिनट से स्पेसवॉक शुरू किया। उनके साथ एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर भी थे। करीब 5.5 घंटे तक चलने वाली इस स्पेसवॉक के दौरान दोनों ने आईएसएस के बाहरी हिस्से को साफ किया और सूक्ष्मजीव प्रयोग के लिए नमूने भी इकट्ठा किए। आईएसएस से टूटा हुआ एंटीना भी अलग किया। नासा ने कहा कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने गुरुवार को आईएसएस से 5.5 घंटे की स्पेसवॉक के लिए बाहर कदम रखा, जिससे एक नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ है। सुनिता के पास अब कुल 62 घंटे, 6 मिनट का स्पेसवॉक समय का रिकॉर्ड भी है, जो नासा की सर्वकालिक सूची में चौथा है।

### सुनीता नासा की सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर पहुंची, प्राथमिक उद्देश्य पूरे किए

### 15 दिन में दूसरी बार स्पेसवॉक किया



सुनीता विलियम्स का यह 15 दिन के भीतर दूसरा स्पेसवॉक है। उन्होंने 16 जनवरी को एस्ट्रोनॉट निक हेग के साथ साढ़े 6 घंटे तक स्पेसवॉक किया था। अब तक सुनीता विलियम्स 9 स्पेसवॉक कर चुकी हैं। वहीं, बुच विल्मोर का यह पांचवां स्पेसवॉक है। दोनों को 23 जनवरी को स्पेसवॉक करना था लेकिन उनकी तैयारी के लिए इस दिन को 7 दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया गया। नासा ने कहा कि सुनिता विलियम्स और बुच विल्मोर ने अपने प्राथमिक उद्देश्य पूरे कर लिए हैं।


### मार्च 2025 के अंत से पहले लौटेंगे

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि स्पेसएक्स "जल्द ही" दोनों अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने के लिए मिशन शुरू करेगा। नासा और स्पेसएक्स एजेंसी के स्पेसएक्स क्रू-9 अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को जल्द से जल्द सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। मार्च 2025 के अंत से पहले क्रू-10 को आईएसएस पर लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है।

# इंटरनेशनल स्पेस सेंटर के बाहर से कैप्चर हुआ धरती का अद्भुत नजारा



**वॉशिंगटन।** समय बीतने के साथ-साथ अंतरिक्ष की ओर इंसान के कदम भी आगे बढ़ते जा रहे हैं। हमें अपनी धरती के बारे में भी ऐसे तमाम रहस्य पता चल रहे हैं, जो हम नहीं जानते थे। इसकी खूबसूरती और हरी-भरी वादियों के अलावा यहां ऐसी तमाम चीजें भी हैं, जो अब तक रहस्य बनी हुई हैं। कुछ तथ्य भले ही न जानें, लेकिन हम कम से कम अंतरिक्ष से धरती को



देख ज़रूर सकते हैं। हमारी प्यारी धरती हमें भले ही हरी-भरी नज़र आती हो, लेकिन अंतरिक्ष से ये कुछ अलग ही दिखती है। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर के बाहर से पृथ्वी का एक वीडियो कैप्चर हुआ, जो अद्भुत है। आपने कई वीडियो में धरती को नीले और सफेद रंग में दमकते हुए देखा होगा। आईएसएसS के बाहर से शूट किया गया ये नज़ारा लोगों को चकित कर रहा है।

### सफेद रंग के बिखरे हैं बादल

वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि एक अंतरिक्षयात्री अपने इंटरनेशनल स्पेस सेंटर के बाहर स्पेसवॉक कर रहा है। वीडियो के साथ दिए गे कैप्शन में बताया गया है कि ये एस्ट्रोनॉट जैक फिशर हैं, जो नासा के पूर्व अंतरिक्षयात्री रह चुके हैं। उनके स्पेसवॉक के इस वीडियो में पीछे हमारी धरती दिख रही है। नीले रंग की धरती पर सफेद रंग के बादल बिखरे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में सिर्फ कृत्रिम लाइट दिख रही है और चमकती हुई धरती, बाकी तरफ अंधेरा ही अंधेरा है।

### ये स्पेस वॉक नहीं, स्पेस फ्लोट है

ये वीडियो नासा के जॉनसन सेंटर का है। इस पर बहुत से लोगों ने कमेंट भी किया है। कुछ यूज़र्स का कहना है कि ये वीडियो अद्भुत है तो कुछ यूज़र्स ने कहा है कि आश्चर्यजनक है। कुछ यूज़र्स ने इसके असली होने पर संदेह जताया है तो कुछ ने कहा कि ये स्पेस वॉक नहीं स्पेस फ्लोट है।

---

एनएच निदेशक ने कोर्ट में पेश किया हलफनामा

## हाईकोर्ट ने दिया सड़क दुर्घटना रोकने रोडमैप तैयार करने का आदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अन्य राज्यों की तरह रोडमैप तैयार करने का आदेश दिया है। वहीं मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्रीय निदेशक की तरफ से कोर्ट में हलफनामा में जवाब प्रस्तुत किया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को नियत की गई है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाले दुर्घटनाओं की चिंता और सड़क की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई चल रही है। हाईकोर्ट इस मामले में लगातार मानिटरिंग कर रहा है। गुरुवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बैंच में सुनवाई हुई, जिसमें 17 दिसंबर 2024 के पूर्व आदेश के परिपालन को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता धीरज वानखेड़े ने हलफनामा पेश किए जाने की जानकारी दी और दो दिन का अतिरिक्त समय मांगा। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए किया जा रहे उपाय के बारे में जानकारी दी, वहीं अधिवक्ता ने विभाग द्वारा सड़क किनारे बम्बू फेसिंग और गड्ढे बनाकर मवेशियों को रोकने के प्रयास को बताया। वहीं कोर्ट के समक्ष कोर्ट कमिश्नर ने सड़क दुर्घटनाओं में 2023 की अपेक्षा 2024 में 10 प्रतिशत की वृद्धि होने की जानकारी दी। जिसपर कोर्ट की डिवीजन बैंच ने राष्ट्रीय राजमार्ग अथारिटी को दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपाय करने के निर्देश दिए। वहीं अगली सुनवाई 24 मार्च 2025 को तय किया गया है।

### सभी आवश्यक कदम उठाए

उल्लेखनीय है कि 17 नवंबर 2024 को हुई सुनवाई में राष्ट्रीय राजमार्ग अथारिटी ऑफ इंडिया ने हलफनामें में कहा था कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और सड़क दुर्घटना में किसी भी तरह की जनहानि की संभावना को दूर करने के लिए हरसंभव सावधानी और ऐहतियात बरती जा रही है। हाईकोर्ट ने एनएचएआई की ओर से उपस्थित अधिवक्ता श्री वानखेड़े को कहा था कि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा ध्यान दिया जाए, जिन्हें दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अन्य राज्यों की तरह रोडमैप तैयार करने आदेश दिया था।

---

## बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा में 37वें वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 का जोश भरा आगाज़



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा ने 37वें वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 की शानदार शुरुआत की। यह खेल उत्सव आज से 2 फरवरी 2025 तक बी.आई.टी मेसरा स्टेडियम में होगा, जिसमें संस्थान के विभिन्न परिसरों से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। उद्घाटन समारोह आज हुआ, जहाँ डॉ.भास्कर करन, डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स ने सभी का स्वागत किया। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि सरोज लकड़ा, जो कि एक बेहतरीन धाविका हैं और भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं, ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया। बी.आई.टी. मेसरा के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने अपने भाषण में बी.आई.टी. मेसरा की 70 वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र किया और खेलों के महत्व पर जोर दिया। डॉ. महेंद्र कुमार, आयोजन सचिव, ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में रंगारंग परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं। बीआईटी मेसरा के लालपुर, देवघर, पटना, नोएडा और जयपुर परिसरों के खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नवोदय विद्यालय गर्ल्स बैंड ग्रुप की शानदार प्रस्तुति सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। तीन दिनों तक चलने वाले इस मीट में दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, भाला फेंक एवं बाधा दौड़ जैसी कई प्रतियोगिताएँ होंगी। अंतिम दिन स्टाफ रेस का आयोजन भी होगा, जिसमें शिक्षक और कर्मचारी भी भाग लेंगे। इन खेलों में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने और खेल भावना को बढ़ावा देने का शानदार अवसर देगा।

---

## शक्ति पंप्स ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और नौंवे महीने में अपने बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा




**इंदौर।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित ''ग्रेट प्लेस टू वर्क'' सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। कंपनी को मिले ऑर्डर्स के परफॉरमेंस और इफिशिएंसी के कारण स्ट्रोंग फाइनेंशियल परफॉरमेंस के कारण बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्जिन में भी बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की 'मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम' के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरईडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ। कंपनी ने केवल पीएम-कुसुम योजना पर निर्भर न रहकर अन्य योजनाओं से भी ऑर्डर लेना शुरू किया है। इस विविधता की वजह से, कंपनी को अपने भविष्य के विकास पर पूरा भरोसा है।

---



## हरियाणा छात्र-छात्राएं युवा संगम यात्रा पर पहुंचे शहडोल

**जबलपुर।** प्रौद्योगिकी एवं प्रगति की अवधारणा पर युवा संगम यात्रा (हरियाणा राज्य के प्रतिभागी) रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट रिलायंस फाउंडेशन में भ्रमण किया जहां एस. एन. खान ने सुरक्षा के संबंध में, भूपेंद्र मंडलोई ने पूरे प्लांट के संबंध में, तकनीकी जानकारी प्रदान की तथा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के संबंध में राजीव श्रीवास्तव ने कंपनी द्वारा दी जा रही सुविधाएं एवं चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में कोल माइंस प्लानिंग डिजाइन की सिंहपुर साइट में भी भ्रमण किया जहां अन्वेषण विभागाध्यक्ष सामंतक चटर्जी और भू-भौतिक प्रभाग के प्रमुख डॉक्टर सायन घोष उपस्थित थे।

---

## ग्लोब टेक्सटाइल्स का राइट्स इश्यू 14.69% सब्सक्राइब हुआ




**अहमदाबाद, गुजरात।** ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड (NSE-GLOBE) के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69% का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है।


यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो -राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा। शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1:2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट (GLOBE-RE1) के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं।

---

## 2,500 साल पुराना प्रकृति का अनमोल रत्न, ये है दुनिया का सबसे बड़ा बरगद

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के छोटे से गांव कदिरी में एक ऐसा पेड़ है, जो प्रकृति की अद्भुत देन है। इसे 'थिम्मम्मा मारिमनु' के नाम से जाना जाता है और यह दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ है। यह पेड़ ना केवल अपने विशाल आकार, बल्कि इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र है।**2,500 से ज्यादा साल पुराना इतिहास:** थिम्मम्मा मारिमनु का इतिहास लगभग 2,500 साल पुराना माना जाता है। यह पेड़ अपनी विशालता और जड़ों की गहरी संरचना के कारण सबसे खास है। इसके फैलाव को देखकर ऐसा लगता है जैसे एक पूरा जंगल खड़ा हो। यह पेड़ करीब 19,107 वर्ग मीटर में फैला हुआ है और इसके कारण इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी जगह मिली है।



### धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

इस पेड़ को स्थानीय लोग बेहद पवित्र मानते हैं। कहा जाता है कि थिम्मम्मा नाम की एक महिला ने पति के निधन के बाद सती होकर इस स्थान को पवित्र बनाया था। यह पेड़ उसी घटना का प्रतीक है और इसे श्रद्धा से पूजा जाता है। हर साल यहां हजारों श्रद्धालु आते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं।

---

## 52 लाख के 9 नक्सलियों ने किया सरेंडर हिड़मा और देवा के साथ कर चुके हैं काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



### नक्सली गतिविधियों के दायरे को सीमित किया जा रहा

*सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिले में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा नक्सली गतिविधियों के दायरे को सीमित किया जा रहा है और सरकार की पुनर्वास नीति का प्रभावी रूप से प्रचार किया जा रहा है, जिससे नक्सली मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।*

पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार के चलते 9 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। सरेंडर करने वालों में 4 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं, जिन पर 8-8 लाख रुपए के इनाम घोषित थे। इनमें पीएलजीए बटालियन 1 के सक्रिय दंपति भी शामिल हैं। नक्सली दंपति जिल के टेकलगुडम, मिनपा समेत कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं।

कलमू मंगड़ू (डिप्टी कमांडर, सेक्शन 1 कंपनी) 8 लाख, माड़वी बुधरी (महिला सदस्य, सेक्शन 2 कंपनी) 8 लाख, समीर उर्फ मिडियम सुक्का (टीम कमांडर, पीएलजीए बटालियन नंबर 01) 8 लाख, रजनी उर्फ राजे उर्फ बीड़े माड़वी (महिला सदस्य, बटालियन हेडक्वार्टर प्लाटून सेक्शन ए) 8 लाख, शांति कवासी (महिला सदस्य, बटालियन नंबर 01) 8 लाख, मड़कम सोमड़ी (महिला सदस्य, प्लाटून नंबर 08 की पीपीसीएम) 8 लाख, नुप्पो नरसी (महिला, पामेड़ एलओएस पार्टी सदस्य) 2 लाख, मड़कम हिड़मे (महिला सदस्य, दक्षिण बस्तर डिवीजन कृषि टीम) 1 लाख, नुप्पो हुंगी (महिला अध्यक्ष, सुरपनगुड़ा आरपीसी केएएमएस) 1 लाख के इनामी थे।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

---

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।


**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

---

## शब्द पहेली - 5765



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मगन-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5764 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

---

## सूडोकु नवताल - 5775

★★★★☆ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5774 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |



# शूटिंग पूरी हो जाने के बाद भी फिल्म 'दस' नहीं हुई रिलीज

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में मल्टी-स्टार कास्ट वाली फ़िल्मों का अलग ही क्रेज था। एक फिल्म में कई हीरो होते थे, जो सफलता की गारंटी माना जाता था। सलमान खान और संजय दत्त उस दौर के दो बड़े एक्टर थे, जो अक्सर स्क्रीन पर साथ नजर आते थे। साजन, चल मेरे भाई, ये है जलवा, सन ऑफ़ सरदार और रेडी जैसी फ़िल्मों में दोनों साथ साथ नजर आए। ये फिल्में हिट भी रहीं। लेकिन, दोनों की एक फिल्म ऐसी है, जिसकी शूटिंग पूरी होने के बाद भी रिलीज नहीं हुई। वो फिल्म है 'दस'। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस फिल्म के गाने आज भी गाए और सुने जाते हैं। 1997 में संजय दत्त, सलमान खान और रवीना टंडन ने फिल्म 'दस' में काम किया था।

लाइफ Style



# किआरा

## यश की शोहरत पर टिका कॅरियर

फिल्म अभिनेत्री किआरा आडवाणी और राम चरण की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर' का जो हाल बॉक्स ऑफिस पर हुआ है, उसने उत्तर से लेकर दक्षिण तक इस हीरोइन की बॉक्स ऑफिस वैल्यू पर भी सवाल खड़े कर दिए। अब बारी 'टॉक्सिक' और 'वॉर 2' की है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म अभिनेत्री कियारा आडवाणी की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर' का जो हाल बॉक्स ऑफिस पर हुआ है, उसने उत्तर से लेकर दक्षिण तक इस हीरोइन की बॉक्स ऑफिस वैल्यू पर सवाल खड़े कर दिए। उनकी ये लगातार तीसरी फिल्म ऐसी है जो इसके मेकर्स की कारोबारी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। अब ले देकर फिल्म अभिनेता यश की अगली फिल्म 'टॉक्सिक' पर ही उनका कॅरियर टिका है। उनकी एक और फिल्म 'वॉर 2' भी निर्माणाधीन है लेकिन ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मौजूदगी में वह वहां कितना चमक पाएंगी, सोचा जा सकता है। फिल्म 'टॉक्सिक' की हाल ही में मुंबई में कई दिनों तक शूटिंग चली। साउथ सिनेमा की नजदीक से खबर रखने वालों की मानें तो यश ने ये पूरी की पूरी शूटिंग इसके रशेज देखने के बाद खारिज कर दी है।

फिल्म की अप्रैल में होने वाली रिलीज भी इसी चक्कर में आगे खिसकी है। पहले ये फिल्म इसी साल स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों के दौरान रिलीज होने वाली थी। लेकिन, अब इसके क्रिसमस की छुट्टियों में रिलीज होने के आसार हैं। फिल्म की हीरोइन कियारा आडवाणी की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर' फ्लॉप होने को भी इसका एक बड़ा कारण माना जा रहा है। कियारा की इसके पहले कार्तिक आर्यन के साथ आई फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' फ्लॉप रही थी।

## हॉलीवुड मसाला




# कैप्टन अमेरिका के रूप में नहीं दिखेंगे

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) के फैंस के बीच यह चर्चा तेज हो रही थी कि क्रिस इवांस एक बार फिर से कैप्टन अमेरिका के रूप में वापसी कर सकते हैं। खासकर आगामी फिल्म 'एवेंजर्स डूम्सडे' को लेकर ये कयास और भी ज्यादा लगने लगे थे। क्रिस इवांस ने इस विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'यह सच नहीं है। यह हर कुछ वर्षं में होता है। खासकर एंडगेम के बाद। मैं अब इन अफवाहों का जवाब देना बंद कर चुका हूं। हां, मैं तो खुश से रिटायर हो चुका हूं।'



# 27 जून को रिलीज होगी 'स्क्विड गेम 3'

**लॉस एंजिल्स।** 'स्क्विड गेम 3' को देखने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सीरीज के तीसरे सीजन की रिलीज डेट और ओटीटी प्लेटफॉर्म से पर्दा उठ गया है। सीरीज का तीसरा पार्ट इसी साल 27 जून में रिलीज होने जा रहा है। मेकर्स ने शो के तीसरे पार्ट से संबंधित कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। 'सक्विड गेम' के दूसरे सीजन के सात एपिसोड में कई उतार-चढ़ाव और मोड़ देखने को मिले हैं। इस सीजन को लेकर निर्देशक ह्वांग का मानना था कि सीजन 2 के बाद इस कहानी को तीसरे सीजन तक खींचा जा सकता है। उन्हें लगा की सीरीज के अंत को लेकर एक अलग पार्ट होना चाहिए। ऐसे में उन्होंने तीसरे सीजन को बनाने का फैसला लिया। 'सक्विड गेम' ने दुनियाभर में 900 मिलियन डॉलर की कमाई की थी। एक अनुमान के अनुसार 132 मिलियन लोगों ने पहले 23 दिनों में कम से कम दो मिनट के लिए शो देखा, जिसने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के हिट शो 'ब्रिजर्टन' द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।



# 'मेरे हसबैंड की बीवी' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह अभिनीत फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' अगले महीने सिनेमाघरों में लगेगी। हाल ही में रिलीज डेट का खुलासा हुआ और अब शुक्रवार को फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है। इसमें फिल्म की कहानी की साफ-साफ झलक दिखाई दे रही है। यूं तो फिल्म के नाम से ही स्पष्ट है कि यह लव ट्रायंगल फिल्म है। पूजा एंटरटेनमेंट के इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्टर शेयर किया गया है। इसमें एक तरफ भूमि पेडनेकर घोड़े पर सवार हैं तो दूसरी तरफ रकुलप्रीत। अर्जुन कपूर दोनों के बीच फंसे नजर आ रहे हैं। एक्टर के दोनों हाथों को दुपट्टे से बांधकर दोनों अभिनेत्री उन्हें अपनी-अपनी ओर खींचती नजर आ रही हैं। पोस्टर के साथ लिखा है, 'कलेश के लिए तैयार हो जाओ, क्योंकि ये लव ट्रायंगल नहीं, पूरा सर्कल है'।



# रैपर रफ्तार ने की मनराज जवंदा से शादी

**नई दिल्ली।** रैपर दिलिन नायर उर्फ रफ्तार ने 31 जनवरी को दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में मनराज जवंदा से शादी कर ली। कपल के शादी की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसके बाद फैंस सोशल मीडिया उन्हें बधाई देने लगे। यह रफ्तार की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने अपनी पहली पत्नी कोमल वोहरा से तलाक के पांच साल बाद मनराज से शादी की है। हालांकि, रैपर ने अपनी शादी की आधिकारिक घोषणा नहीं की, लेकिन सोशल मीडिया पर शादी के फंक्शन की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। मनराज एक फैशन स्टाइलिस्ट और फिटनेस स्ट्रीक हैं। उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो, रियलिटी टीवी शो और विज्ञापनों के लिए स्टाइलिस्ट के तौर पर काम किया है। मनराज का जन्म और पालन-पोषण कोलकाता में हुआ।

## टीवी मसाला

# उथल-पुथल भरे सत्ता संघर्ष की कहानी 'राम-भवन'

**मुंबई।** प्रयागराज में एक परिवार के भीतर सत्ता संघर्ष पर आधारित सीरियल राम भवन कलर्स चैनल पर शुरू हुआ है। कहानी ओम (मिश्कात वर्मा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार के खोए सम्मान को वापस पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। गायत्री (समीक्षा जायसवाल) के पास सत्ता है—वह ओम की दबंग भाभी और ईशा (खुशबू राजेंद्र) की बॉस भी है।





राम भवन के लीड एक्टर मिश्कात वर्मा से जब पूछा गया कि उनमें राम जैसी क्या विशेषताएं हैं, तो उन्होंने बताया कि दोनों ही सच बोलते हैं। इंटरव्यू के दौरान खुशबू राजेंद्र ने बताया कि वह मध्यप्रदेश के पिपरिया में पली-बढ़ी हैं। पांचवी कक्षा तक वहीं पढ़ाई की, और आज भी उनके कुछ दोस्त, दादा-दादी समेत रिश्तेदार वहां रहते हैं। हालाँकि, वहां की ठंड बहुत अधिक होने के कारण वह कम ही जाती हैं, लेकिन जब भी जाती हैं, तो लोगों से मिलती हैं और बुंदेलखंडी भाषा उन्हें बहुत पसंद है। वहीं अपने किरदार से समानता बताते हुए खुशबू ने कहा कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है और काफी जिम्मेदार है इसलिए वह अपने किरदार को और अच्छी तरह समझती है । वहीं, समीक्षा जायसवाल ने बताया—'मैं इंदौर से हूं और बहुत लोग यह जानते भी नहीं। इंदौर मेरी जान है, मेरा घर है, और मुझे बहुत पसंद है। घर में एक डॉग भी है, जिससे मिलने का बहुत मन करता है। मैंने क्वीन्स कॉलेज से पढ़ाई की है।' अपने नेगेटिव रोल के बारे में समीक्षा ने कहा कि हर नेगेटिव किरदार के पीछे कोई लॉजिक और वजह होती है। अपने किरदार गायत्री का हवाला देते हुए उन्होंने समझाया—'घर में चार-चार मर्द होने के बावजूद अगर गायत्री 8 साल से काम कर रही है, तो घर पर उसका अधिकार बनता है।' बता दें, 29 जनवरी से रात 8:30 बजे 'राम-भवन' शो कलर्स चैनल पर प्रसारित हुआ है।

# 'क्राइम पेट्रोल' में नहीं किया जाता कलाकारों का मेकअप

**नई दिल्ली।** क्राइम पेट्रोल एक पॉपुलर टीवी शो है जो अपराधों और समाज की सच्चाई को दिखाता है। इसकी सफलता की वजह इसकी गहरी



रिसर्च और बिना मेकअप के एक्टर्स की शूटिंग है, जिससे वे असली पुलिस ऑफिसर्स जैसे दिखते हैं। इस शो की सफलता का एक बड़ा कारण ये है कि इसमें हर पहलू पर गहरी रिसर्च की जाती है। ये रिसर्च न केवल घटनाओं के होने को सुनिश्चित करती है, बल्कि शो के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत करती है। शो के डायरेक्टर दर्शन राज ने एक इंटरव्यू में बड़े पहलू शेयर किए कि शो के एक्टर्स को बिना मेकअप के शूटिंग करने के लिए कहा जाता है। इसका उद्देश्य था कि पुलिस के किरदार में दिखने वाले एक्टर असल में पुलिस ऑफिसर जैसा महसूस हो और ऑडियंस पर रियल असर डाले।



# देवा के साथ बॉर्डर 2 की दिखी झलक

**नई दिल्ली।** सनी देओल की फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि शाहिद कपूर की देवा के साथ गदर 2 एक्टर की मचअवेटेड फिल्म बॉर्डर 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है।

31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की देवा रिलीज हुई है। लेकिन यह फिल्म अकेले नहीं, बल्कि सनी देओल की बॉर्डर 2 का इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक गुड न्यूज लेकर आई है। दरअसल, देवा के साथ बॉर्डर 2 का टीजर दिखाया गया है। वहीं जानकारी दी गई है कि 23 जनवरी 2026 में सनी देओल की मचअवेटेड फिल्म बड़े पर्दे पर देशभक्ति का रंग दिखाती हुई नजर आएगी। गौरतलब है कि 1997 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बॉर्डर 2 है, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

# खौफ ऐसा कि इन्हें दरवाजे पर खड़ा देख अंदर भागी महिला

## राज कपूर से लेकर धर्मेंद्र तक से दुश्मनी ली

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में बेहतरीन विलेन के बारे में बात होगी तो उसमें एक्टर के. एन. सिंह का नाम जरूर शामिल किया जाएगा। 40-50 के दशक में के.एन. सिंह ने अलग-अलग तरह के विलेन के किरदार बड़े पर्दे पर निभाए। उनका नाम बॉलीवुड के क्रूर और सबसे बुरे विलेन में शामिल हो गया। शुक्रवार को एक्टर के.एन. सिंह की 25वीं पुण्यतिथि (31 जनवरी 2000) थी।



### खिलाड़ी से एक्टर बनने का सफर

के.एन. सिंह के पिता देहरादून में एक वकील थे। बड़े होने पर के.एन. सिंह आर्मी में जाना चाहते थे। बाद में वह स्पोर्ट्स की फील्ड में सक्रिय हुए। जैवलीन थ्रो गेम में वह बर्लिन ओलंपिक (1936) के लिए सेलेक्ट भी हुए, लेकिन बहन के बीमार होने के कारण गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाए। वह अपनी बहन की देखभाल के लिए कोलकाता पहुंच गए। यहां उनकी मुलाकात पृथ्वीराज कपूर से हुई। उन्होंने ही के.एन. सिंह को देबकी बोस से मिलवाया। देबकी बोस ने के.एन. सिंह को पहली फिल्म 'सुनेहरा संसार' ऑफर की। इसके बाद वह 40 से लेकर 50 के दशक तक कई फिल्मों में बतौर कैरेक्टर आर्टिस्ट, विलेन के रोल में नजर आए। इन फिल्मों में 'बागबान', 'सिकंदर', 'ज्वार भाटा', 'हुमांयू', 'आवारा', 'जाल', 'सीआईडी', 'हावड़ा ब्रिज', 'चलती का नाम गाड़ी' और 'एन ईवनिंग इन पेरिस' शामिल हैं।

### नामी एक्टर्स की फिल्मों में बने विलेन

के.एन. सिंह ने कई फिल्मों में विलेन के रोल निभाए। वह कई नामी हीरो के अपोजिट भी विलेन बने और अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा लिया। खासकर राज कपूर की फिल्म 'बरसात' और 'आवरा' में के.एन. सिंह के नेगेटिव रोल दर्शकों को काफी पसंद आए। वह धर्मेंद्र और राजेश खन्ना की भी कई फिल्मों में उनके दुश्मन बने। जब भी बड़े पर्दे पर के.एन. सिंह का विलेन का किरदार नजर आता तो दर्शक डर जरूर जाते थे।

### जब के.एन. को देखकर एक महिला डर गई

बड़े पर्दे पर निभाए विलेन के किरदारों की छवि के.एन. सिंह की पहचान का अहम हिस्सा बन गई। असल जिंदगी में भी लोग उन्हें बुरा आदमी ही समझने लगे। एक इंटरव्यू में वर्षों पहले के.एन. सिंह ने ही बताया था कि वह एक फिल्म की शूटिंग खत्म करके वापस जा रहे थे। इस बीच उन्हें एक चिट्ठी अपने किसी दोस्त को देनी थी। वह उसके घर पहुंचे, तभी गेट पर एक महिला आई, जैसे ही उस महिला ने के.एन. सिंह को देखा तो चिल्लाने लगी और डर के मारे घर के अंदर चली गई।

सुरैया ने ना सिर्फ अभिनय, बल्कि अपने आवाज से भी लोगों को बना दिया दीवाना

# देव के प्यार में पागल थीं सुरैया, काटी तन्हाई में जिंदगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'हुआ है तुझ से बिछड़ने के बाद ये मालूम, कि तू नहीं था तिरे साथ एक दुनिया थी'। यह शेर सुरैया और देव आनंद की प्रेम कहानी पर सटीक बैठता है। दोनों की लव स्टोरी के चर्चे पूरे इंडस्ट्री में थे, पर इस प्रेम कहानी का अंत दर्दनाक रहा। सुरैया खुद को तमाम जिंदगी कोसती रहीं। हिंदी सिनेमा जब अपने पीक की ओर बढ़ रहा था तब इंडस्ट्री में एंट्री होती है एक खूबसूरत और हुनरमंद अभिनेत्री की, जिसने ना सिर्फ अभिनय, बल्कि अपने आवाज से भी लोगों को दीवाना बना दिया। बेशक हम सुरैया की ही बात कर रहे हैं। फिल्मी दुनिया में तमाम कलाकार आएं और चले गए पर कुछ ही ऐसे थे, जो लोगों की यादों में आज भी हैं। सुरैया उन्हीं में एक हैं। शुक्रवार को उनकी डेथ एनिवर्सरी थी।



### प्यार का चढ़ने लगा परवान

*'विद्या' के दौरान ही दोनों की दोस्ती हो गई। वह एक दूसरे से काफी मिलने-जुलने लगे। धीरे-धीरे उनकी दोस्ती इश्क में बदली और प्यार भी परवान चढ़ने लगा। सेट पर दोनों एक-दूसरे को निक नेम से बुलाते थे। देव आनंद सुरैया को प्यार से 'नोजी' बुलाते थे और वह देवानंद को 'स्टिव' कहती थीं। इस बीच कोई था, जिसे इन दोनों का करीब आना बिल्कुल भी पसंद नहीं था, जो आगे चलकर दोनों के बीच दूरी की वजह भी बना।*

### देव आनंद से कब हुई पहली मुलाकात

*सुरैया का जन्म 15 जनवरी 1929 को लाहौर के अजीज जमाल शेख और मुमताज शेख के घर हुआ। अभिनेत्री का पूरा नाम सुरैया जमाल शेख था। बचपन में ही उनका परिवार मुंबई आकर बस गया। उन दिनों सुरैया के मामा हिंदी फिल्मों के विलेन हुआ करते थे। वहीं से उनका रुझान फिल्मों की ओर बढ़ा और वह आसानी से इंडस्ट्री में आ गईं। अभिनेत्री ने साल 1946 में 'अनमोल घड़ी', 1947 में 'दर्द' और 1948 में 'प्यार की जीत' में काम किया। सुरैया की जिंदगी में देव आनंद की एंट्री साल 1948 में हुई। उन्होंने फिल्म 'विद्या' में पहली बार एक साथ काम किया। दोनों की पहली मुलाकात भी इसी फिल्म के सेट पर हुई थी।*

### नानी बनीं दोनों के प्यार का रोड़ा

*देव आनंद और सुरैया के प्यार की खबर अभिनेत्री के नानी को लग गई। दोनों का मिलना उन्हें फूटी आंख नहीं सुहाता था। वह पुराने खयालातों की थीं। वह नहीं चाहती थीं कि सुरैया किसी दूसरे धर्म के लड़के से मिले या शादी करें। देवानंद सुरैया से मिलने उनके घर भी जाया करते थे। उनकी नानी ने उनका घर आना भी बंद करा दिया था और नानी सुरैया के साथ रहने लगीं। कहा तो यह भी जाता है कि वह सेट पर भी उनके साथ ही रहती थीं। वह निर्देशकों को दोनों के रोमांटिक सीन ना कराने के लिए भी कहा करती थीं। दोनों का बात करना भी दुश्वार हो गया था।*

### भागकर शादी करना चाहते थे देव आनंद

*देव आनंद और सुरैया का प्यार इतना परवान चढ़ गया कि वह एक-दूसरे से अलग नहीं रह सकते थे। देव आनंद उनसे भागकर शादी करना चाहते थे। देव आनंद तो सुरैया के साथ भागकर शादी करना चाहते थे पर अभिनेत्री अपने परिवार के खिलाफ नहीं जाना चाहती थीं। इसके बाद वह देव आनंद से दूर हो गईं, लेकिन ताउम्र देव आनंद के प्यार में तड़पती रहीं और अपनी बची हुई जिंदगी तन्हाई में काट दी। उन्होंने फिर किसी के साथ अपना घर नहीं बसाया और खुद को कोसती रहीं।*

# रशियन फिल्म 'जेम्स' की ताजमहल के अंदर हुई शूटिंग



**मुंबई।** हॉलीवुड समेत कई देशों की फिल्म इंडस्ट्री में काम कर चुकी एक्ट्रेस स्वेतलाना खोदचेंकोवा की नई फिल्म बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस के सा साथ रूसी एक्टर एवगेनी त्सिगानोव भी हैं। दोनों ही इंटरनेशनल लेवेल के कालाकार हैं। स्वेतलाना ने हॉलीवुड और फ्रेंच फिल्म इंडस्ट्री में काम किया है। अब वह फिल्म 'जेम्स' में एवगेनी के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म को भारत और रूस सरकार मिलकर बना रही है। फिल्म की शूटिंग रूस और भारत में हुई है। जेम्स की ज्यादातर शूटिंग ताजमहल और इसके आस-पास के एरिया में हुई है। फिल्म को टीना बारकलाया डायरेक्ट रहे हैं। इसके प्रोड्यूसर फिलिपोवा एकाटेरिना और आलम सफू हैं। फिल्म में लीड रोल निभाने वाले स्वेतलाना खोदचेंकोवा और एवगेनी त्सिगानोव ने बताया कि ताज महल और उसके आसपास की जगहों में शूटिंग करना किसी सपने के सच होने जैसा था।

# अंडर-19 टी20 विश्व कप : भारत ने फाइनल में बनाई जगह, अफ्रीका से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▸▸ कुआलालंपुर

स्पिनरों के उम्दा प्रदर्शन के बाद जी कमलिनी के अर्धशतक से गत चैंपियन भारत ने शुक्रवार को यहां एकतरफा सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। भारत रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पहली बार आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## कमलिनी तूफान से मिली जीत



भारत ने बाएं हाथ की स्पिनरों पारुनिका सिसोदिया (तीन विकेट) और वैष्णवी शर्मा (तीन विकेट) की फिरकी के जादू से इंग्लैंड को आठ विकेट पर 113 रन पर रोक दिया और फिर सलामी बल्लेबाज जी त्रिशा (35 रन) और कमलिनी (नाबाद 56 रन) की पारियों की बदौलत 15 ओवर में एक विकेट पर 117 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## एकतरफा सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से रौंदा



## 60 रन की साझेदारी

त्रिशा ने आक्रामक शुरुआत की जिससे भारत ने पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 44 रन बनाए।कमलिनी को किस्मत का भी साथ मिला जब इंग्लैंड की कप्तान एबिगेल नोरग्रोव ने तेज गेंदबाज अमु सुरेनकुमार की गेंद पर उनका कैच टपका दिया। कमलिनी के साथ 60 रन की साझेदारी करने के बाद त्रिशा को बाएं हाथ की स्पिनर फोबे ब्रेट ने बोल्ड किया। कमलिनी ने इसके बाद सानिका चाल्के (नाबाद 11) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

## स्वीप और पैडल शॉट खेल इंग्लैंड की टीम हारी

इससे पहले इंग्लैंड की बल्लेबाजों ने लगातार स्वीप और पैडल शॉट खेलकर अपने विकेट गंवाए। ऐसे शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड होने वाली छह में से पांच बल्लेबाज शामिल थीं। इंग्लैंड ने चौथे ओवर तक बिना विकेट खोए 37 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। पारुनिका ने जेमिमा स्पेंस (09) को बोल्ड करके भारत को पहली सफलता दिलाई।



## एक ही जगह पर की गेंदबाजी

मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं पारुनिका ने कहा, 'मैंने एक ही जगह पर गेंदबाजी की और गेंद को अपना काम करने दिया। इससे मुझे मदद मिलती है। मुझे नई चीजों को आजमाने के लिए अपने सामने एक बल्लेबाज की जरूरत थी। फाइनल में खेलना हमारी इच्छा थी और हम सभी के लिए यही लक्ष्य है।'

---

रणजी ट्रॉफी : भारत के स्टार बल्लेबाज का वापसी रहा फीका

# 13 साल बाद सिर्फ 15 गेंद चले कोहली दिल्ली के कप्तान बडोनी 99 पर आउट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्लीर

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद वापसी पर खेली गई पारी केवल 15 गेंद तक चली। इससे रन बनाने के लिए उनका संघर्ष भी जारी रहा और उनकी फॉर्म को लेकर बहस फिर से शुरू हो गई। कोहली को खेलते हुए देखने के लिए यहां अरुण जेटली स्टेडियम में लगभग 5000 दर्शक पहुंचे हुए थे लेकिन रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने दिल्ली की पहली पारी के 28वें ओवर में जैसे ही इस स्टार बल्लेबाज का ऑफ स्टंप उखाड़ा, अधिकतर दर्शक स्टेडियम छोड़कर चले गए। कोहली जब बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे तो दर्शक 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के नारे लगाने लगे लेकिन उनके आउट होते ही स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया। कोहली केवल छह रन ही बना पाए। उन्होंने नवंबर 2012 के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करने से पहले भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ की निगरानी में अभ्यास किया था। इस भारतीय बल्लेबाज को ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को खेलने में परेशानी हो रही थी।



### दिल्ली ने हासिल की बढ़त

*कप्तान आयुष बडोनी की 99 रन की साहसिक पारी की बदौलत दिल्ली ने रेलवे के खिलाफ शुक्रवार को ग्रुप डी रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन पहली पारी में बढ़त हासिल की। दिल्ली ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 41 रन से करते हुए बडोनी (99 रन) और सुमित माथुर (नाबाद 78 रन) के बीच 133 रन की साझेदारी की बदौलत रेलवे के 241 रन के जवाब में पहली पारी में सात विकेट पर 334 रन बनाकर 93 रन की बढ़त हासिल कर ली।*

## हरियाणा, केरल ने कटाया क्वार्टर फाइनल का टिकट

बेंगलुरु। हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार की शतकीय पारी ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी से नॉकआउट में प्रवेश करने की कर्नाटक की उम्मीदें शुक्रवार को यहां खत्म कर दी। कर्नाटक को अंतिम आठ में पहुंचने के लिए इस मैच से सात अंक की जरूरत थी लेकिन अंकित की 118 रन की पारी से हरियाणा ने आसानी से फॉलोऑन (154 रन) को पीछे छोड़ते हुए दूसरे दिन स्टंप्स तक अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 232 रन बना लिए। टीम अब भी कर्नाटक से 72 रन पीछे है। कर्नाटक ने इससे पहले दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 267 रन से आगे से किया। टीम पहली पारी में 304 रन पर आउट हुई थी। इस ग्रुप से केरल भी 28 अंक के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। केरल ने बिहार को दो दिन के अंदर पारी और 169 रन से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। केरल को इस मैच से सात अंक मिले। केरल ने अपनी पहली पारी में 351 रन बनाने के बाद बिहार को पहली पारी में 64 जबकि दूसरी पारी में 118 रन पर आउट कर दिया। जलज सक्सेना ने इस मैच की दोनों पारियों को मिलाकर 53 रन देकर 10 विकेट चटकाए।

## बिंद्यारानी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

**देहरादून।** मणिपुर की स्टार भारोत्तोलक एस बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रीय खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शुक्रवार को यहां महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग के स्नैच में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंद्यारानी ने स्नैच में अपने अंतिम प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाकर मीराबाई चानू का 86 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा। मीराबाई का पसंदीदा वजन वर्ग हालांकि 49 किग्रा है और उन्होंने कुछ समय के लिए 55 किग्रा में भाग लिया था। बिंद्यारानी का दबदबा क्लीन एवं जर्क में भी जारी रहा, जहां उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 113 किग्रा वजन उठाकर वापसी की। इस तरह से उन्होंने कुल 201 किग्रा वजन उठाया जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड 202 किग्रा से सिर्फ एक किलोग्राम कम है। बिंद्यारानी के नाम पर अब महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में तीनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल योग दर्ज हैं। बंगाल की शरबानी दास ने रजत पदक जबकि मणिपुर की नीलम देवी ने कांस्य पदक जीता।

## श्रीकांत और सुब्रमण्यम थाईलैंड मास्टर्स से बाहर

**बैंकॉक।** विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम शुक्रवार को यहां पुरुष एकल के अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मैच हारकर थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। श्रीकांत को चीन के छठी वरीयता प्राप्त झेंग जिंग वांग के खिलाफ 17-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यम ने चीन के एक अन्य खिलाड़ी जुआन चेन झू के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे 10 मिनट तक चले मैच में 21-19, 18-21, 13-21 से हार झेलनी पड़ी।

## सुपर किंग्स ने रॉयल्स को 7 विकेट से हराया

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला अर्धशतक उनकी टीम पार्ल रॉयल्स के काम नहीं आया जिसे यहां जोबर्ग सुपर किंग्स से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कार्तिक ने 39 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 150 रन बनाए। सुपर किंग्स ने कप्तान फाफ डु प्लेसी की 55 गेंद पर 87 की तूफानी पारी की मदद से 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

## मार्श चैंपियंस ट्रॉफी औरआईपीएल से बाहर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श पीठ में तकलीफ के कारण अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं और उनका इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना भी संदिग्ध है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में मार्श की चोट के बारे में जानकारी दी और कहा कि उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है।


**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जबलपुर**

क्रमांक/2387/निर्माण/जजाकावि/2024-25 — **विज्ञप्ति** — जबलपुर, दिनांक 28/01/2024

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग क्रमांक 1 जबलपुर के ज्ञापन क्रमांक. 195 दिनांक 18-01-2023 के अनुसार सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जबलपुर के द्वारा अधारताल कैंपस में संचालित जनजाति उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र अधारताल,अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैटिक छात्रावास अधारताल क्रमांक 2 एवं उक्त कैंपस के विभागीय शासकीय आवास (10 नग) विकासखंड जबलपुर में स्थित जीर्ण-शीर्ण भवनों को कंडम घोषित की अनुशंसा की गयी है तथा कार्यालय कलेक्टर जिला जबलपुर के आदेश क्रमांक 1199 दिनांक 18.09.24 द्वारा जीर्ण-शीर्ण भवनों को कंडम घोषित कर तोडने की अनुमति प्रदान की गयी है। अत: कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग क्रमांक - 1 जबलपुर के उक्त पत्रों में भवन ध्वस्तीकरण से निकलने वाली कीमती सामग्री ( पुरानी ईट, पुराना लोहा, लकडी, छत में लगी सीमेंट, शीट / लोहा शीट इत्यादि) की नीलामी की कार्यवाही इकाई समिति द्वारा की जावेगी निविदा विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | जिला का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ध्वस्तीकरण लागत राषि रु. में | धरोहर राषि रु. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर | जनजाति उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र अधारताल,अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैटिक छात्रावास अधारताल क्रमांक 2 एवं उक्त कैंपस के विभागीय शासकीय आवास (10 नग), पुराने जीर्णषीर्ण घोषित कण्डम भवनों का ध्वस्तीकरण के पश्चात प्राप्त मलवे सामग्री का परिवहन एवं निष्पादन कार्य | प्रथम | 1,76,500/- | 10,000/- | कायार्देश से 01 माह 15 दिवस |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था को नीलामी सूचना प्रकाशन के बाद दिनांक 17.12/25.... को दोपहर 2.00... बजे तक कार्यालय में नीलामी बोली की कार्यवाही की जावेगी। अमानत राशि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जबलपुर के नाम से बैंक डी. डी. बनवाकर बोली कार्यवाही के पूर्व जमा करना होगा नीलामी से संबंधित शर्तें, अमानत राशि एवं फार्म व अन्य जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की सकेगी।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग
जबलपुर

G-22434/24 — दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./ सम्पत्ति/जविप्रा / 7558/1 — जबलपुर, दिनांक 31/01/2025

**हस्तांतरण/मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा हस्तांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 07 दिवस की अवधि एवं मृत्यु उपरांत नामांकन हेतु विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्तिकार्यालय - जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क. 73 सिविक सेंटर मढाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी, जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**हस्तांतरण / हकत्याग की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | यो.कं. | भू.कं. | विक्रेता का नाम एवं पता | क्रेता का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | एमआईजी फ्लेट नं. सी / टी / 9 | श्री अविनाश चंद सक्सेना पिता श्री रामस्वरूप सक्सेना पता- 738 /5, विजय नगर, जबलपुर | श्री दीप नारायण मिश्रा पिता श्री धरमदास मिश्रा पता- 740 पांडे चौक, जानकी रमण मंदिर के पास, जबलपुर |
| 2 | 213 | ड्यूप्लेक्स क्र. 06 | श्री विनय कुमार श्रीवास्तव पिता श्री सचेन्द्र नारायण श्रीवास्तव पता- म.नं. एचआईजी-10, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सिविल लाइन, जबलपुर | श्रीमति अपूर्णा पाठक पति श्री अनवय पाठक पता- पलेट नं. 511, फेस-1, श्रीकृष्ण परिसर शाहीनाका गढ़ा, जबलपुर |
| 3 | 18 | ब्लाक क्र. 9 दुकान क्र. बी-2 | मे. रवि एजेंसी भागीदार- 1. श्री रवि पाण्डे पिता मेजर रमेश चंद पाण्डे, 2. श्रीमति वीना पाण्डे पति श्री रमेश चंद पाण्डे पता- 193, रानी सती नगर अजमेर रोड, (राज.) 3. श्री निलोतपाल बनर्जी पिता ब्रिगेडियर निल रतन बनर्जी पता- रतन कालोनी, गोरखपुर, जबलपुर | मोहम्मद अनवार बाबू पिता श्री शेख महसूद पता- 78, न्यू राम नगर, अधारताल, जबलपुर |

**मृत्यु उपरांत नामांकन की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | योजना कं. | भू/ भ/ दु.क्रं. | आवेदक का नाम एवं पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03 | भूखण्ड क्र. 424 | श्रीमति समीना बेगम, श्रीमति नईमा बी, एवं अन्य पति स्व. फाजिल एवं स्व. श्री कंदीर पता - म.नं. 369, साउथ मिलौनीगंज, जबलपुर | श्री मेहमूद खां मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 2 | 11(II) | आर.एच.सी. में निर्मित यूनिट क्र. सी- 10 | श्री सुजीत सिंह ठाकुर, श्री मनीष सिंह ठाकुर एवं श्री प्रदीप सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री मनोहर सिंह ठाकुर पता - ए - 25, साहेब परिसर, हर्षित नगर, जबलपुर | श्रीमति निशा ठाकुर मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 3 | 09 | भूखण्ड क्र. 120 | श्री विजय सोनी पिता स्व. श्री कोमल प्रसाद सोनी पता- 120, शांति नगर, दमोहनाका, जबलपुर | श्री कोमल प्रसाद सोनी मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 4 | 26 | ईडब्लूएस भवन क्र. ए-19 | श्रीमति सोना बाई कुशवाहा, श्री अन्जय कुशवाहा, श्री सागर कुशवाहा पति /पिता स्व. श्री रामचरित कुशवाहा पता- ईडब्लूएस / ए-9, रक्षा नगर, कालोनी, बड़ा पत्थर, रांझी, जबलपुर | श्री आर.सी. कुशवाहा मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 5 | 26 | भूखण्ड क्र. ई-120 | श्रीमति जसपाल कौर, श्री वीरेंद्र सिंह, श्री सुरिंदर सिंह राजपूत पति / पिता स्व. श्री बलकार सिंह राजपूत पता- 26/ई-120, रांझी, जबलपुर | श्री बलकार सिंह राजपूत मृत्यु उपरान्त वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

संपदाधिकारी
जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर



**पश्चिम मध्य रेल**
**विद्युत शाखा खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस ठेका के विरुद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकर नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल/एल/टी. नं./56/2024. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जबलपुर डिपो - ट्रेन नंबर 02187/88, 22189/90, 11703/04, 11754/53/55/56 & 11751/52, के नॉन एसी कोचों का प्राथमिक अनुरक्षण और रखरखाव (टॉप पोर्शन और बैटरी रखरखाव), ट्रेन नंबर 11703/04, 18247/48, 11751/52 & 12185/86 का सेकेंडरी अनुरक्षण रखरखाव, रीवा और सतना में पासिंग ट्रेन अटेंशन दो साल की अवधि के लिए। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 86,33,164.97. **निविदा फार्म की कीमतः** Nil. **कार्यालय का पताः** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, द्वितीय फ्लोर, डीआरएम बिल्डिंग, जबलपुर-482001. **बयाना राशिः** ₹ 1,72,700/-. **समापन अवधिः** 24 महीने। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 20.02.2025. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे):** 20.02.2025. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**खंड-I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन-कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी मध्य प्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 20 / ई-टेंडरिंग / 2024-25 दिनांक 29/01/2025**

- वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिण्डौरी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
- निविदा प्रपत्र म.प्र. शासन की वेबसाईट से https://www.mptenders.gov.in/डाउनलोड करें।
- यह निविदा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सामान्य वनमंडल डिण्डौरी म.प्र. अंतर्गत सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है।
- सामग्री क्रय हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर ऑन- लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।
- निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Helmet | India Standard Code -IS-2745-1983 | अनुमानित | 60000/- | 1000/- |
| 2 | Glove | India Standard Code -IS-6994 | | | |
| 3 | Ankle Boots | India Standard Code -IS-5557-2004 | | | |
| 4 | Fire Blanket | India Standard Code -IS-15381-2003 | | | |
| 5 | Eye-Protectors | India Standard Code -IS-5983:1980 | | | |
| 6 | Water Bottles (1.5 litre & 2 litre) | India Standard Code -IS-2798:1998 | | | |
| 7 | Garden Rake | India Standard Code- IS 2559 (1978) (FAD 21: Farm Implements and Machinery | | | |
| 8 | High visibility Warning Cloths (Example of class 2 Vests) | India Standard Code IS-15809:2008 | | | |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि :शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 29-01-2025 बजे 10 :00 से दिनांक 18-02-2025 बजे 06 :00 ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, समाचार पत्रों में नहीं ।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमंडल डिण्डौरी

G-22437/24



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 28.01.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-227-24-25, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के तहत बनगांव, दत्तपुकुर एवं रानाघाट स्टेशन परिसर में नए आरसीसी ओवर हेड टैंक का निर्माण एवं सभी अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.7,02,31,022.60, **बयाना राशि :** रु.5,01,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 15 (पंद्रह) माह । **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 19.02.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 19.02.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-341/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (म/ स) संभाग मण्डला (म. प्र. )**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 17 / 2024-25 — मण्डला, दिनांक 28.01.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें ।

| ग्रुप. क्र | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB _398816_1 | मण्डला | हाईस्कूल टिकरिया पहुंच मार्ग लंबाई 0.80 किमी, मनेरी बिलनगरी मार्ग ल. 2.30 किमी, पिपरिया अमदरी मार्ग लं. 3.00 किमी, पिपरिया कुटरई मार्ग ल. 2.60 किमी. विश्राम गृह टिकरिया मार्ग नं. 0.60 किमी. शहरी क्षेत्र निवास मार्ग लं. 0.46 किमी. कुल लंबाई 9.76 किमी का नवीनीकरण कार्य । | तृतीय आमंत्रण | 108.94 | 108940 | 12500 | 03 माह वषार्काल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _398817_1 | मण्डला | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग निवास के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं आकस्मिक / समसामयिक मरम्मत कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 12.72 | 25440 | 2000 | 03 माह वषार्काल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB _398818_1 | मण्डला | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग निवास के अंतर्गत विश्राम गृह निवास एवं टिकरिया एवं कार्यालय भवन में रंगाई पुताई एवं आकस्मिक / समसामयिक मरम्मत कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 4.60 | 9200 | 2000 | 02 माह वषार्काल सहित |
| | | | | योग रू. | 126.26 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15/02/2025 ( 17.30) बजे तक निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा ।

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री,
लो. नि. विभाग (म/स) समाग
मण्डला

G-22461/24



**कार्यालय नगरपालिका परिषद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म.प्र.**

क्रमांक 1025/न.पा./2025 — **नामांतरण इश्तहार सूचना** — गोटेगांव दिनांक 31/01/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर क्षेत्रांतर्गत निम्नानुसार व्यक्तियों के द्वारा भवन / प्लॉट के नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं इस नामांतरण में यदि किसी भी पक्षकार को कोई आपत्ति व एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अभिभावन के माध्यम से 30 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | हस्तांतरकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | वार्ड | खसरा/ मकान नं. | संपति का विवरण | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06 | शकीला बानो w/o-मोहम्मद रमजान खॉं | श्री रविकांत पटेल आ. श्री तुलाराम पटेल | हरदौल वार्ड | 95/146,95/147, 95/148,95/149 | 625 वर्गफिट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 2 | 07 | श्री सूरज प्रसाद तिवारी भगवानदास तिवारी | श्रीमति कृष्णा वाई पटैल W/o- श्री रविकांत पटैल | भगतसिंह वार्ड | 286/332 | 840 वर्गफिट भवन | रजिस्ट्री |
| 3 | 08 | श्री प्रेमनारायण नामदेव आ. श्री गनेश प्रसाद नामदेव | श्री रामसहाय तिवारी आ. छोटे लाल तिवारी | हरदौल वार्ड | 94/24, 94/3 | 25X60=1500 वर्गफिट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 4 | 09 | श्री राजेन्द्र कुमार साहू आ. जालम सिंह साहू | श्री शाहरूख खान आ. श्री शेख सुभान खान | नेहरू वार्ड | 111/18 | 12X40=480 वर्गफिट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 5 | 10 | श्री राजेन्द्र कुमार साहू आ. जालम सिंह साहू | मान बी w/o- श्री शेख सुभान खान | नेहरू वार्ड | 111/18 | 12X40=480 वर्गफिट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 6 | 11 | श्री जिनेन्द्र कुमार जैन आ. पन्ना लाल जैन | 1. श्रीमति नेहा जैन w/o- श्री विभाष कुमार जैन 2 श्रीमति सुलेखा जैन w/o- श्री विकास कुमार जैन | नेहरू वार्ड | 112/12/2 | 2710 वर्गफिट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 7 | 12 | श्री सतेन्द्र कुमार जैन आ. पन्ना लाल जैन | 1. श्रीमति नेहा जैन w/o- श्री विभाष कुमार जैन 2 श्रीमति सुलेखा जैन w/o- श्री विकास कुमार जैन | नेहरू वार्ड | 112/12/12 | 2710 वर्गफिट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 8 | 13 | श्री राहुल खेमरिया आ. श्री राजेन्द्र कुमार खेमरिया | श्री यशवंत राय आ. श्री लाल सिंह राय | नेहरू वार्ड | 81/3/38 | 14X48=672 वर्गफिट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 9 | 14 | श्रीमति रेखा खरया w/o- श्री अलोक कुमार खरया | श्रीमति विनीता नागेश w/o- श्री महेन्द्र नागेश | रूद्र वार्ड | 295/79 296/81 | 23X100=2300 वर्गफिट प्लाट | रजिस्ट्री |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद गोटेगांव,जिला-नरसिंहपुर म.प्र.

एग्रीमेंट किसी से किया, जमीन किसी और को बेच दी

# बिल्डर शंकर मच्छानी पर करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

शहर के एक बड़े बिल्डर के खिलाफ लंबी जांच पड़ताल के बाद ओमती पुलिस ने धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली। बिल्डर पर आरोप है कि उसने जिस जमीन का एग्रीमेंट किया था उसकी बयाना राशि करीब डेढ़ करोड़ रुपए हड़पकर एग्रीमेंट करने वाले के फर्जी हस्ताक्षर और कूटरचित दस्तावेजों को तैयार कर एक दूसरे बिल्डर को बेच दी।



हरिभूमि जबलपुर।

इस बात का खुलासा हुआ तो पीड़ित व्यक्ति नेपियर टाउन निवासी राजकुमार बुधरानी ने वर्ष 2023 में ओमती थाने में एक लिखित शिकायत की। इस शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने कोर्ट में परिवाद दायर किया, उसके बाद ओमती पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। एफआईआर की जानकारी मिलते ही बिल्डर फरार हो गया है।

ओमती थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि बिल्डर शंकर मच्छानी के खिलाफ नेपियर टाउन निवासी राजकुमार बुधरानी ने एक लिखित शिकायत की थी, जिसमें कहा गया था वे सलवार सूट मैन्युफैक्चरिंग व ट्रेडिंग का व्यवसाय करते है। उन्होंने अपने परिचित बिल्डर शंकर मच्छानी से् त 2014 को जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 11 द्वितीय चरण के स्वीकृत लेआउट के 24 हजार 402 वर्ग फुट का जमीन विक्रय एग्रीमेंट 26 सौ रु प्रति वर्ग फुट के हिसाब से कुल कीमत छः करोड़ चौंतीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ रुपए में तय किया था। संपत्ति के बयाने के रूप में 29 अक्टूबर 2009 को 7 लाख रुपए एक्सिस बैंक चेक क्रमांक 607964, से दिए गए। इसके बाद अलग अलग तारीखों में कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपए शंकर मच्छानी को दिए गए। शंकर मच्छानी से कहा गया था कि शेष राशि जून 2015 तक भुगतान कर उक्त संपत्ति अपने नाम कर हस्तांतरण करा लूंगा। जमीन के एग्रीमेंट शर्तों पर लिखा गया था कि जमीन के ऊपर से जो 11 केवी की बिजली लाइन जा रही है, उसे शंकर मच्छानी और शोभा यादव के द्वारा स्वयं के खर्च 6 लाख रुपए से शिफ्ट करवा दिया जायेगा। जो कि समयावधि पूर्ण होने पर भी शंकर एवं शोभा यादव के द्वारा नहीं करवाया गया, जो कि आज भी अधूरी है।

शंकर मच्छानी और शोभा यादव को एग्रीमेंट पर बकाया राशि का भुगतान कर जमीन की रजिस्ट्री करने का लिए कहा गया था तब शंकर मंछानी एवम शोभा यादव के द्वारा टालने का काम किया गया तो अगस्त 2017 में कोर्ट में परिवाद दायर किया। शिकायतकर्ता राजकुमार बुधरानी ने बताया कि फरवरी 2021 में जिस जेडीए की संपति को लेकर शंकर मच्छानी और शोभा यादव को करोड़ों रुपए दिए गए थे। उस जमीन का परोहा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर मोहन प्रसाद परोहा के नाम 15 नवंबर 2019 को कर दी गई। राजकुमार ने परोहा डेवलपर्स से संपर्क किया, और जमीन के दस्तावेज देखे तो पता चला कि फर्जी शपथ पत्र जिसमें कि राजकुमार के फर्जी साइन करके परोहा डेवलपर्स के नाम हो चुकी है, इस पर राजकुमार ने बताया कि उन्होंने कही भी किसी भी शपथ पत्र में साइन नहीं किए है, उसके साथ धोखाधड़ी की गई। शिकायत केबाद पुलिस ने शंकर मच्छनी और शोभा यादव के खिलाफ 420, 467, 468, 471 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।



32 डिग्री दिन का पारा, कल से छाएंगे बदल, बदलेगा मौसम

# हवाओं के रुख बदलने से बढ़ा तापमान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मौसम में उतर चढ़ा जा रही है। हवाओं के बदले रुख से जहां धूप में तल्खी बढऩे लगी है, वहीं रात में भी कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। दिन के तापमान में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है गुरुवार को मंडला लगातार दूसरे दिन सबसे गर्म रहा यहां का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस किया गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक फरवरी से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। प्रदेश में शनिवार से बादल छाने लगेंगे।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी के पहले सप्ताह में ठंड का एक और दौर आएगा। हालांकि, कड़ाके की ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन कई शहरों में पारा 5 से 8 डिग्री के बीच रह सकता है। अगले 2 दिन दिन-रात में पारा बढ़ा रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, अगले 4 दिन में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहे हैं, लेकिन प्रदेश में असर कम रहेगा। इस वजह से अब बारिश के आसार नहीं है। फरवरी के पहले सप्ताह में मौसम का मिला-जुआ असर रहेगा। सुबह और रात में ठंड रहेगी। इससे ठंड का एक दौर और आ सकता है। पारे में गिरावट होगी। दूसरी ओर, दिन में धूप खिली रहेगी।

**इसलिए आया मौसम में बदलावः** मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पूर्वी अफगानिस्तान और उससे लगे पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इससे एक द्रोणिका भी संबद्ध है। इसके प्रभाव से पश्चिमी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में प्रेरित चक्रवात बन गया है। उत्तर-पूर्व भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम (12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर पश्चिम से पूर्व की तरफ 268 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाओं का चलना) बना हुआ है। इसके अलावा एक एवं तीन फरवरी को दो नए पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है।इस वजह से प्रदेश के अधिकतर शहरों में बादल छाने लगेंगे। साथ ही गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की भी संभावना है।

थाना प्रभारी को उपस्थिति सुनिश्चित कराने सौंपी जिम्मेदारी

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी हाईकोर्ट में तलब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने जर्जर इमारत मामले में पूर्व में जारी नोटिस का जवाब पेश न किए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी, गाडरवारा को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दे दिए। थाना प्रभारी गाडरवारा को अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को नियत की गई है।



जनहित याचिकाकर्ता गाडरवारा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शुभम कौरव की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत जर्जर व घातक इमारतों के संबंध में अनेक शिकायतों के बावजूद कार्यवाही नदारद है। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास, कलेक्टर नरसिंहपुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी गाडरवारा, तहसीलदार गाडरवारा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी गाडरवारा को नोटिस जारी कर शपथपत्र पर जबाब तलब किया गया था। इसके बावजूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा नाफरमानी करते हुए जबाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

हाई कोर्ट में पेश हुआ जवाब

# जिला प्रशासन चार हफ्ते में कर लेगा मुआवजा त्रुटि सुधार

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के पूर्व निर्देश के पालन में जवाब पेश किया गया। जिसमें अवगत कराया गया कि जिला प्रशासन चार सप्ताह में त्रुटि सुधार कर लेगा। इस जवाब को अभिलेख पर लेकर सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी गई। मामला सिंगरौली की देवसर तहसील अंतर्गत ग्राम छिवा से संबंधित है। यहां के निवासी चित्रसेन शास्त्री उर्फ शास्त्री द्विवेदी की ओर से याचिका दायर की गई है। उनका आरोप है कि उनकी ललितपुर-सिंगरौली ब्राडगेज रेलवे लाइन के सिलसिले में कृषि भूमि के अधिग्रहण के बाद त्रुटिवश मुआवजा किसी अन्य को भुगतान कर दिया गया। नौ जुलाई, 2020 को 18 लाख 61 हजार रुपये का मुआवजा तय हुआ था। यह राशि याचिकाकर्ता के बजाए ग्राम मजौना में रहने वाले विद्या शंकर द्विवेदी को भुगतान कर दी गई। कोर्ट ने इस त्रुटि को आड़े हाथों लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया।

सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर होने की संभावना

# ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण के मामले में केविएट दायर

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के विरोध में जनहित याचिका निरस्त होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर होने की संभावना है। इसी के मद्देनजर ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से एडवोकेट आन रिकार्ड संदीप सेन ने सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को केवियट दायर की है। यूथ फॉर इक्वालिटी की ओर से हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने और राज्य में नियुक्तियों में 87:13 का फार्मूला लागू करने को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने वह याचिका 28 जनवरी को निरस्त कर दी थी। इसके बाद से ही यह संभावना बढ़ गई है कि हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। लिहाजा, एसोसिएशन की ओर से केवियट दायर की गई है। ओबीसी के विशेष पैरोकार वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने अवगत कराया कि ओबीसी आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट से बहुत सी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित की गई हैं। इन मामलों में जल्द ही सुनवाई होगी। एसोसिएशन ने सभी होल्ड अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण के ट्रांसफर प्रकरणों में इंटरवीन करें ताकि एकपक्षीय आदेश पारित न हो।



# हत्यारे पति को आजीवन कारावास, चरित्र संदेह पर उतारा था मौत के घाट

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोपित पति कटंगी, जबलपुर निवासी उमेश उर्फ पिंकेश झारिया का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कटंगी थानातंर्गत ग्राम बोरिया में 29 वर्षीय उमेश उर्फ पिंकेश पिता लटोरीलाल झारिया ने अपनी पत्नी आरती की 10 अगस्त, 2021 को मारपीट के बाद धारदार हथियार से हमला हत्या कर दी थी। इसके बाद दरवाजा बाहर से बंद कर भाग गया था। मृतिका के पिता भीखम मेहरा की शिकायत पर पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया था। आरोपित पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। सुनवाई दौरान पेश किए गए गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपित पति को सजा उम्रकैद की सजा सुना दी।

# 2 लाख की 23 ग्राम स्मैक सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि जबलपुर।

क्राईम ब्रांच और अधारताल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अधारताल तालाब के पास खड़े दो स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 23 ग्राम स्मैक जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 2 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी के पास से एक मोटर सायकिल भी जब्त की गई है।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर तालाब के पास पेट्रोल पंप के अंदर एक काले रंग की मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एक्स 0374 में सवार युवक की तलाशी ली गई। इस दौरान मोटरसायकिल चालक मोतीनाला निवासी 30 वर्षीय करामात अली की जैकेट की जेब में



23 ग्राम स्मैक रखी मिली। उसके साथ मोटरसायकिल में मक्का नगर निवासी मोहम्मद गुलशेर उर्फ गोल्डी भी पकड़ा गया। आरोपियों के पास से मोटर सायकल भी जब्त की गई। दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# आज शिर्डी रवाना होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन विशेष ट्रेन

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जबलपुर से वरिष्ठ नागरिकों को शिरडी यात्रा पर ले जाने वाली विशेष ट्रेन आज शनिवार 1 फरवरी को सुबह 11 बजे मुख्य रेल्वे स्टेशन जबलपुर आएगी तथा 15 मिनट बाद सुबह 11।15 बजे प्रस्थान करेगी। कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा के अनुसार शिरडी की तीर्थ यात्रा के लिए चयनित वरिष्ठ नागरिक अपना टिकट उसी कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे जिस कार्यालय में आवेदन जमा किया था। वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा के दौरान अपना मूल आधार कार्ड अपने पास रखना होगा। चयनित वरिष्ठ नागरिक अन्य जानकारी के लिए अनुरक्षक यात्रा प्रभारी राजस्व निरीक्षक उमाशंकर सोनी से मोबाईल नंबर 9329318655 से संपर्क कर सकते हैं।

बिरसिंगपुर की यूनिट नंबर 4 ने रिकार्ड कायम किया

# ताप विद्युत गृह की यूनिट ने किया लगातार 100 दिन से ज्यादा विद्युत उत्पादन



हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के विद्युत गृहों के द्वारा लगातार विद्युत उत्पादन करने की श्रृंखला में संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने लगातार 100 दिन से अधिक विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड कायम किया। रिकार्ड कायम करने वाली यूनिट 20 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। **बिरसिंहपुर की यूनिट नंबर 4 ने उत्पादन के साथ हासिल की अन्य उपलब्धियां-** संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंहपुर की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने विभिन्न मापदंडों में भी उपलब्धि हासिल की। यूनिट ने 89.44 फीसदी प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ), 86.32 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 8.71 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन (एपीसी) की उपलब्धि हासिल की। यह यूनिट वर्तमान में भी सतत विद्युत उत्पादन कर रही है।

जनरेटिंग कंपनी की 11 वीं यूनिट ने हासिल की उपलब्धि-इस वित्तीय वर्ष में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की लगातार 100 दिनों से अधिक विद्युत उत्पादन करने की उपलब्धि हासिल करने वाली यह 11 वीं यूनिट है। इस वित्तीय वर्ष में इसके पूर्व 10 यूनिट ने लगातार 100 दिनों से अधिक विद्युत उत्पादन करने की विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा तीन यूनिट ने 200 से अधिक और एक बार 300 दिन तक अनवरत संचालित रहने का नया कीर्तिमान बनाया है।

### ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे इसी भावना से कार्य करते हुए विद्युत उत्पादन के नए कीर्तिमान रचेंगे। उनकी बेहतर कार्यनिष्पत्ति से प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बरकरार हुई है।

20 मार्च से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया, 31 मार्च तक अधिकारियों को प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 1 अप्रैल से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र

हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए काम की खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के शैक्षणिक सत्र को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू होगी, जो 31 मार्च तक चलेगी। दरअसल, लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों और हायर सेकंडरी व हाईस्कूल के प्राचार्यों को शैक्षणिक सत्र को लेकर निर्देश जारी किए हैं।

इसमें कहा गया है कि परीक्षाएं खत्म होने के बाद कक्षा 8 से 11 तक के रिजल्ट को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को अस्थाई रूप से प्रवेश दिया जएगा। विद्यालयों में एडमिशन की प्रोसेस 20 मार्च से 31 मार्च के बीच पूरी कर ली जाए, ताकि एक अप्रैल से कक्षाएं शुरू की जा सकें। 4 अप्रैल को शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक का आयोजन किया जाए और इसमें स्कूल के पूर्व छात्रों को भी आमंत्रित किया जाए। इनके बीच अध्ययन अध्यापन की प्रस्तावित कार्ययोजना तैयार की जाएगी।



### विद्यार्थियों-अभिभावकों से संपर्क करेंगे शिक्षक

विद्यार्थियों को दोबारा प्रवेश के लिए संदेश देने का काम स्कूल के शिक्षकों को करना होगा। स्कूल पहुंचने वाले छात्रों से कराई जाने वाली एक्टिविटीज का निर्धारण भी स्कूल शिक्षा विभाग ने कर दिया है। इसमें पढ़ाई के साथ प्रार्थना सभा पर भी फोकस किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रगान, मध्यप्रदेश गान, महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि की जानकारी देने के साथ उस दिन का कैलेंडर और पंचांग की जानकारी देना भी अनिवार्य होगा।

### निजी कॉलेजों को अब भौतिक निरीक्षण के बाद ही मिलेगी एनओसी विभाग ने जारी किए निर्देश

जबलपुर सहित प्रदेशभर के निजी कॉलेजों को उच्च शिक्षा विभाग अब भौतिक निरीक्षण के बाद ही एनओसी जारी करेगा। विभाग ने इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के तहत नए तथा पूर्व से संचालित अशासकीय महाविद्यालयों का अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने से पहले भौतिक निरीक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिले के प्रमुख शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अनुसार कॉलेजों के भौतिक निरीक्षण प्रतिवेदन मिलने के बाद ही उच्च शिक्षा विभाग सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश में नए अशासकीय महाविद्यालय खोले जाने तथा पूर्व से संचालित निजी कॉलेजों के पाठ्यक्रमों की निरन्तरता के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने पर निर्णय ले सकेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240